@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

मंगलवार, 13 मई 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 182 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# अगर पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर ही होगी: प्रधानमंत्री मोदी

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 12 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात राष्ट्र के नाम संबोधन में भारतीय सेना के बेहद सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम समेत कई मुद्दों पर बात की। पाकिस्तान की ओर से चलाए जा रहे आतंकी ठिकानों को लेकर कड़ा संदेश दिया है। पीएम मोदी ने विश्व समुदाय से साफ तौर पर कहा कि, अगर पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद और पीओके पर ही होगी। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज विश्व समुदाय को भी कहूंगा कि हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद पर ही बात होगी। अगर पाकिस्तान से बात होगी तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके पर ही होगी। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा, जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का वह घिनौना सच देखा है, जब मारे गए आतंकियों को बिदाई देने पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़



पड़े। स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म का यह बहुत बड़ा सबूत है। हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि, मैं फिर दोहरा रहा हूं कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थगित किया है। पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा था और बुरी तरह पिटने के बाद इसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ से संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। पाकिस्तान के सीने में बसाए गए आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। इसलिए जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, पाकिस्तान की तरफ से जब यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, तो भारत ने उस पर भी विचार किया। आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना हमारी एकता हमारी सबसे शक्ति होगी।

# कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पर जवाब दे केंद्र सरकार: केसी वेणुगोपाल

**सी.चन्द्रा**

नई दिल्ली, 12 मई। कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को केंद्र सरकार से कश्मीर मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है और पूछा है कि क्या केंद्र सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है? साथ ही कांग्रेस पार्टी ने चेताया है कि अगर सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार करती है तो ये शिमला समझौते का उल्लंघन होगा। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सवाल उठाए जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई। तिरुवनंतपुरम में पार्टी के एक कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी जानना चाहती है कि क्या देश की विदेश नीति में किसी तरह का बदलाव किया गया है। उन्होंने इस मामले पर जल्द से जल्द संसद सत्र बुलाने की मांग की। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि क्या शिमला समझौता, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के अलावा तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करता है, क्या उसका उल्लंघन हुआ है? ट्रंप रोजाना बयानबाजी कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि उन्होंने मध्यस्थता कराई है। ऐसे में सरकार को इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी पार्टी की प्रधानमंत्री से मांग है कि वे तुरंत संसद सत्र बुलाएं और इन मुद्दों पर बात करें। ये किसी पर आरोप-प्रत्यारोप के लिए नहीं है। साथ ही कांग्रेस ने हालात की विस्तार से समीक्षा, हमारी कमियों की पहचान करने और ये सुनिश्चित करने के लिए कि वे भविष्य में न हों, इसके लिए भी संसद सत्र बुलाने की मांग की। भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को संघर्ष विराम हो गया। वेणुगोपाल ने कहा कि देश गंभीर स्थिति से गुजर रहा है और कांग्रेस और पूरा विपक्ष इस मुश्किल घड़ी में सरकार और सेना के साथ दृढ़ता से खड़ा है। कांग्रेस नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया, जिन्होंने कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता का सख्ती से विरोध किया था।

# एल्विश यादव को हाईकोर्ट से झटका

**संजय अरोड़ा**

प्रयागराज, 12 मई। इलाहाबाद हाईकोर्ट से यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में दाखिल चार्जशीट और जारी समन आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दी है। ऐसे में अब उन्हें रेव पार्टी में ड्रग्स व सांप के जहर का लोगों को नशा कराने के आरोप में दर्ज मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने सोमवार को याचिका खारिज कर दी। गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, थाना सेक्टर-49 में एल्विश यादव के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की कई धाराओं में व रेव पार्टी में ड्रग्स और सांप के जहर का लोगों को सेवन कराने व अन्य कई आरोप में मुकदमा दर्ज है। आरोपपत्र में कहा गया था कि यूट्यूब वीडियो बनाने के लिए सांपों और सांप के जहर का दुरुपयोग किया गया है। साथ ही रेव पार्टियों का आयोजन करने और विदेशियों को बुलाने और उन्हें सांप



के जहर और अन्य नशीली दवाओं का सेवन कराने का आरोप लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम), गौतमबुद्ध नगर ने चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए समन आदेश जारी किया था। एल्विश यादव ने समन आदेश और चार्जशीट को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवक्ता ने दलील दी कि शिकायतकर्ता वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए सक्षम व्यक्ति नहीं था। आवेदक से कोई सांप, ड्रग्स आदि बरामद नहीं हुआ है। आवेदक और अन्य सह-अभियुक्तों के बीच किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं है। वहीं, अतिरिक्त महाधिवक्ता मनीष गोयल ने दलील दी कि जांच में सामने आया है कि यादव ने उन लोगों तक सांप पहुंचाया था, जिनसे बरामदगी हुई थी। न्यायालय ने पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी। एल्विश यादव के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और आईपीसी व एनडीपीएस अधिनियम की कई धाराओं में मामला दर्ज है। इसी मामले में नोएटा सेक्टर-49 में एक थाने में दर्ज एफआईआर में एल्विश के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई है। साथ ही अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा समन भी जारी किया गया है। एल्विश की ओर से इस चार्जशीट और कार्यवाही को यह कहते हुए चुनौती दी गई है कि एल्विश के खिलाफ जानकारी देने वाला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए सक्षम नहीं था। यह दलील दी गई है कि आवेदक यानी कि एल्विश के पास से कोई सांप या नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। वहीं एल्विश और अन्य सह-अभियुक्तों के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं हुआ है। एल्विश की ओर से ये भी कहा गया है कि सूचना देने वाला व्यक्ति अब पशु कल्याण अधिकारी नहीं है, लेकिन उसने खुद को पशु कल्याण अधिकारी बताते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

# पहली बार किसी तीसरे देश ने हमारे मामले में दखल दिया: कपिल सिब्बल

नई दिल्ली, 12 मई। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सोमवार को सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के नाम संबोधन में न तो अमेरिका और न ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिया, जबकि वे दोनों भारत और पाकिस्तान के संघर्ष में दखल देने का दावा कर चुके हैं। सिब्बल ने कहा कि पीएम मोदी ने यह भी नहीं बताया कि पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने की समझौता कैसे हुआ। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि 10 मई को दोपहर साढ़े तीन बजे पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन किया और शाम साढ़े पांच बजे ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि अमेरिका ने संघर्ष विराम में मध्यस्थता की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में यह जरूर कहा कि भारत पाकिस्तान की परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेगा और आतंकवाद व व्यापार, आतंकवाद व बातचीत साथ नहीं चल सकते। लेकिन, ट्रंप ने कुछ ही मिनट पहले दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर आप लोग युद्ध बंद करेंगे, तो हम व्यापार करेंगे, नहीं तो नहीं करेंगे। सिब्बल ने इस पर तंज कसते हुए कहा, ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने परमाणु युद्धरोका और व्यापार के जरिए भारत-पाकिस्तान को रोकने में मदद की। लेकिन पीएम मोदी ने अपने भाषण में इसका जिक्र तक नहीं किया। सिब्बल ने कहा, मोदी जी कहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर से हमने एक नया आयाम स्थापित किया है। हां, पहली बार किसी तीसरे देश (अमेरिका) ने हमारे मामलों में दखल दिया और कहा कि हम तय करेंगे क्या करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा, अगर पाकिस्तान फिर कुछ करता है तो जवाब देंगे।

# जल निकासी पर दिया जाए विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**सौरभ शर्मा**

चंडीगढ़, 12 मई - हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्यभर में चल रही अल्पकालिक परियोजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा शहरी स्थानीय निकाय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि राज्य में सभी ड्रेनों और माइनरों की तत्काल सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की जलभराव या बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरस्वती नदी, मारकंडा नदी और टांगरी नदियों की भी डिसिल्टिंग करके गहराई सुनिश्चित करते हुए रिवर बेड को सुदृढ़ किया जाए, जिससे जलधाराओं का प्राकृतिक प्रवाह बना रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनों आदि में जलकुंभी उगते हैं, उनकी तुरंत सफाई करवाई जाए, ताकि जल प्रवाह में कोई बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही, सभी बांधों की पूर्व जांच की जाए और यदि कहीं भी कोई कमी या क्षति पाई जाती है तो उसे



समय रहते ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सभी अल्पावधि कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए और सिंचाई एवं जल संसाधन व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों और संबंधित उपायुक्त को भी दी जाए। राज्य में खालों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेशभर में 20 वर्ष से पुराने खालों की सूची तैयार की जाए, ताकि उनकी सफाई व मरम्मत की कार्य योजना बनाई जा सके। मुख्यमंत्री ने यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यमुना नदी में किसी भी प्रकार का गंदे पानी का नाला न गिराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां इंडस्ट्रियल वेस्ट नदी में प्रवाहित हो रहा है, वहां तुरंत सीईटीपी (कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थापना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि संबंधित शहरों में सीईटीपी परियोजनाओं के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि सीईटीपी से निकलने वाले शुद्ध जल का उपयोग सिंचाई जैसे कार्यों में भी किया जा सके, इसके लिए एक अलग व्यवस्था की जाए।मुख्यमंत्री ने मानसून से पहले सभी वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर रिचार्जिंग स्ट्रक्चरों की सफाई और सुदृढ़ीकरण के निर्देश भी दिए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन और भूजल स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास सफल हो सकें।

# भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर ट्रोल हुए मिस्त्री, समर्थन में उतरे ओवैसी-अखिलेश

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 12 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद बीते 10 मई को अचानक से संघर्ष विराम की घोषणा हुई। इस घोषणा के मुखर आवाज रहे विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा, जिसके बाद मिस्त्री ने अपने एक्स अकाउंट के पोस्ट प्रोटेक्ट कर दिए। सोशल मीडिया पर बढ़ते ट्रोलिंग को देखते हुए अब कई दिग्गज नेता और पूर्व अधिकारी मिस्त्री के समर्थन में सामने आए हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के ट्रोलिंग के विरोध में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों से उन ईमानदार अधिकारियों का मनोबल टूटता है जो देश के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां तय करने की जिम्मेदारी सरकार की होती है, किसी एक अधिकारी की नहीं। कुछ असामाजिक और आपराधिक तत्व खुलेआम अधिकारी और उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार और उसके मंत्री उनकी इज्जत बचाने या



ऐसे लोगों पर कार्रवाई की बात नहीं कर रहे। अखिलेश के बाद पूर्व विदेश सचिव निरुपमा राव ने भी सोशल मीडिया पर मिस्त्री के विरोध में हो रहे ट्रोलिंग को बहुत शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि विक्रम मिस्त्री और उनके परिवार को निशाना बनाना सभी मर्यादाओं को लांघना है। वो एक समर्पित और पेशेवर अधिकारी हैं जिन्होंने देश की सेवा पूरी ईमानदारी से की है। उन्होंने आगे कहा कि मिस्त्री की बेटी की निजी जानकारी (डॉक्सिंग) सोशल मीडिया पर साझा करना और उनके परिवार को गालियां देना बहुत ही गलत और खतरनाक चलन है। वहीं एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी विक्रम मिस्त्री का समर्थन किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि विक्रम मिस्त्री एक ईमानदार, मेहनती और देशभक्त अधिकारी हैं। यह ध्यान रखना चाहिए कि सिविल सर्वेंट सरकार के अधीन काम करते हैं, न कि अपने फैसले खुद लेते हैं। ओवैसी ने कहा कि किसी राजनयिक को राजनीतिक फैसलों के लिए दोषी ठहराना गलत है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद संघर्ष विराम की घोषणा हुई। ये घोषणा दोनों देशों के बीच जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने को लेकर था। इस समझौते से पहले चार दिन तक सीमा पर ड्रोन और मिसाइल हमलों से तनाव काफी बढ़ गया था और युद्ध जैसे हालात बन गए थे।

# हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे: ट्रंप

नई दिल्ली, 12 मई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर श्रेय लेने की दौड़ में कूद पड़े हैं। उन्होंने कहा, हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा, शनिवार को, मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्ष विराम कराने में मदद की, मुझे लगता है कि यह स्थायी युद्धविराम होगा... दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं। उन्होंने कहा, मैं यह बताते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के नेताओं का रुख हालात की गंभीरता को समझने में अडिग और प्रभावशाली रहा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने शांति बहाली में बड़ी भूमिका निभाई और साथ ही व्यापार को एक हथियार की तरह उपयोग किया। उन्होंने कहा, हमने बहुत मदद की और व्यापार के जरिए भी मदद की। मैंने कहा - हम आप लोगों से बहुत ज्यादा व्यापार करने जा रहे हैं। अगर आप झगड़ा बंद करते हो, तो हम व्यापार करेंगे। अगर नहीं करोगे, तो कोई व्यापार नहीं होगा। ट्रंप ने दावा किया, लोगों ने व्यापार का इस्तेमाल कभी वैसे नहीं किया जैसे मैंने किया।

# भारत और पाकिस्तान के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 12 मई। भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को वार्ता की। जानकारी के मुताबिक, दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने 10 मई को संघर्ष विराम पर बनी आपसी सहमति पर चर्चा की। इसमें सीमा पार गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनी थी। यह बातचीत हॉटलाइन पर दोपहर 12 बजे तय थी, लेकिन यह शाम 5 बजे शुरू हुई। बातचीत के अंतिम परिणाम अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस बीच, भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, आज शाम पांच बजे भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच वार्ता हुई। इस प्रतिबद्धता को जारी रखने के संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए या एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। सेना ने कहा कि इस बात पर भी सहमति बनी की दोनों पक्ष सीमा और अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाएंगे। बता दें कि 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इस हमले के तार पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और पाकिस्तानी सेना से जुड़ते हुए मिले। मृतकों में अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। जिसके तहत पाकिस्तान में नौ आंतकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मुताबिक सौ से ज्यादा आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। भारत की तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से जानकारी दी है। इन अधिकारियों ने लगातार दो दिन मीडिया ब्रीफिंग दी। अधिकारियों ने पाकिस्तान में की गई सैन्य कार्रवाई के सबूत दिखाए। भारतीय सशस्त्र बलों के ताबड़तोड़ हमलों से सहमे पाकिस्तान ने भारत से गुजारिश की थी कि आइए शत्रुता को छोड़ देते हैं। यही नहीं, वह अमेरिका के सामने भी युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाया। इसके बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पुष्टि करते हुए जानकारी दी थी कि पाकिस्तान के डीजीएणओ ने दोपहर 3.35 बजे भारत के डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच सहमति बनी की दोनों पक्ष शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया था कि दोनों देशों के डीजीएमओ 12 मई की दोपहर 12 बजे




फिर से बातचीत करेंगे। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार के साथ अलग-अलग बात की थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शनिवार की सुबह एक बयान में यह जानकारी दी थी। पाकिस्तान द्वारा भारत पर हमले के लिए ड्रोन्स और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें से कई चीन और तुर्किए में बने हथियार थे। हालांकि भारत के मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम के आगे उनकी एक न चली। सोमवार को डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा चीन में बनी पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन वह भी निशाना नहीं साध पाई और हमारे एयर डिफेंस ने उसे इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि उसका मलबा हमारे सशस्त्र बलों ने बरामद किया है। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि लॉन्ग रेंज रॉकेट, अनमैन्ड एरियल सिस्टम का भी पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किया गया, जिन्हें भी हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बड़ी संख्या में ड्रोन्स और अनमैन्ड कॉम्बैट एरियल व्हीकल्स से हमले की कोशिश की गई, लेकिन उन्हें भारत के स्वदेशी सॉफ्ट एंड हार्ड किल काउंटर यूएएस सिस्टम और शानदार प्रशिक्षित एयर डिफेंस सैनिकों ने तबाह कर दिया।

# पति की वापसी के प्रयास का आश्वासन दिया: मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**नसीरउद्दीन**

कोलकाता, 12 मई। पाकिस्तान रेंजर्स की तरफ से हिरासत में लिए गए बीएसएफ कांस्टेबल पूर्णम कुमार साहू की पत्नी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे फोन पर बात की और सीमा सुरक्षा बल के जवान की रिहाई के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। बीएसएफ जवान की पत्नी रजनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रविवार शाम को उन्हें फोन किया, जब उन्होंने अपने पति की रिहाई में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग करने के लिए सीएम ममता बनर्जी से मिलने की इच्छा जताई। पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात चालीस वर्षीय पूर्णम कुमार साहू 23 अप्रैल को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गए और बाद में उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रिशरा की निवासी रजनी ने बताया, मुख्यमंत्री ने मेरे स्वास्थ्य के बारे में भी पूछा और मुझे आश्वासन दिया कि यदि आवश्यक हुआ तो वे मेरे बुजुर्ग ससुराल वालों को चिकित्सा सहायता प्रदान करेंगी। उन्होंने मेरे पति की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का भी आश्वासन दिया। रजनी ने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र पर सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए हुए समझौते के बाद उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों से बात की है, लेकिन उन्हें अभी तक कोई और अपडेट नहीं मिला है। बीएसएफ कर्मी की पत्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके पति को एक पाकिस्तानी रेंजर के साथ संभावित अदला-बदली के जरिए वापस लाया जा सकता है, जिसे 3 मई को राजस्थान में भारतीय बलों ने पकड़ा था।

## तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में शतरंज पर लगाया प्रतिबंध

**काबुल।** तालिबान प्रशासन ने अफगानिस्तान में शतरंज खेलने और उससे जुड़ी सभी गतिविधियों पर अनिश्चितकालीन रोक लगा दी है। खेल निदेशालय के प्रवक्ता अतल मशवानी ने जानकारी दी कि शतरंज को इस्लामी शरीयत के अंतर्गत जुए का माध्यम माना जाता है, जो देश में लागू नेकी का प्रचार और बुराई से रोकथाम कानून के अनुसार वर्जित है। अतल मशवानी ने कहा, शतरंज को लेकर धार्मिक आपत्तियां हैं और जब तक इन आपत्तियों का समाधान नहीं हो जाता, इस खेल को अफगानिस्तान में निलंबित रखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की ओर से कोई आधिकारिक टूर्नामेंट आयोजित नहीं किया गया है और नेतृत्व स्तर पर भी कुछ समस्याएं चल रही हैं। इस निर्णय से शतरंज प्रेमियों और संबंधित व्यवसायों में निराशा व्याप्त है। काबुल के एक कैफे संचालक अजीजुल्लाह गुलजादा, जिनके यहां अनौपचारिक शतरंज प्रतियोगिताएं होती थीं, ने कहा कि उनके यहां कभी भी जुए की गतिविधियां नहीं हुईं। उन्होंने कहा, दुनिया के कई इस्लामिक देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी हैं। यह खेल सिर्फ एक मानसिक अभ्यास है। उन्होंने यह भी जोड़ा, हम सरकार के आदेश का सम्मान करेंगे, लेकिन इसका असर हमारी आजीविका और युवाओं की मानसिक सक्रियता पर पड़ेगा। आजकल युवाओं के पास वैसे ही कम गतिविधियां हैं, शतरंज उनका पसंदीदा खेल था।

## इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान खान की रिहाई के लिए दाखिल याचिका को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर द्वारा दाखिल याचिका को तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया है। अदालत ने याचिका को अधिकार क्षेत्र से बाहर और आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति न होने के चलते अस्वीकार्य बताया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में दाखिल की गई इस याचिका में मांग की गई थी कि इमरान खान को जेल से तुरंत रिहा किया जाए, लेकिन अदालत ने स्पष्ट किया कि संबंधित व्यक्ति यानी इमरान खान ने स्वयं यह याचिका दाखिल नहीं की, और तीसरे पक्ष द्वारा यह याचिका दायर करना प्रक्रियागत त्रुटि है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने यह साबित नहीं किया कि वे इमरान खान के प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत हैं या उनका वकील होने का कोई अधिकार-पत्र मौजूद है। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में केवल अधिकृत कानूनी प्रतिनिधि ही याचिका दायर कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इमरान खान इस समय अल-कादिर ट्रस्ट घोटाले और तोशाखाना केस सहित कई गंभीर आरोपों में जेल में बंद हैं। उनके समर्थकों द्वारा लगातार उनकी रिहाई की मांग की जा रही है, लेकिन कानून और न्यायिक प्रक्रिया के तहत कोई भी राहत तभी संभव है जब सही प्रक्रिया का पालन किया जाए।

## पाकिस्तान के जश्न में खलल, पेशावर में आत्मघाती विस्फोट में दो पुलिस अधिकारी मारे गए, बलूचिस्तान में जवानों के हथियार छीने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने आज ऑपरेशन बुनयान-उम-मरसूस की कथिल सफलता के लिए आभार दिवस मनाया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, संघीय सरकार, फौज और दहशतगर्द जश्न में डूबे रहे। इस दौरान पेशावर में हुए आत्मघाती विस्फोटो दो पुलिस अधिकारी मारे गए। यही नहीं बलूचिस्तान कई हिस्सों में जवानों के हथियार छीन लिए गए। डान समाचार पत्रकार के अनुसार, पेशावर के चमकानी इलाके में आज एक आत्मघाती विस्फोट में दो पुलिस अधिकारी शहीद हो गए और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट रिंग रोड के मंडी के पास एक पुलिस मोबाइल वैन के पास किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुष्टि की कि यह एक आत्मघाती हमला था। हमलावर एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया। इसके अलावा बलूचिस्तान के ग्वादर में एक मस्जिद के पास हमलावरों के हथगोला फेंकने के बाद हुई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। स्थानीय पुलिस ने इसकी पुष्टि की। ग्वादर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिया मंडोखाइल के अनुसार, सैयद हाशमी एवेन्यू पर स्थित बिलाल मस्जिद के पास पंजाब के लोगों के आवासीय क्वार्टर को हैंड ग्रेनेड से निशाना बनाया गया। हमलावरों ने हवाई फायरिंग की और मौके से भाग गए।

## ओमान में समाप्त हुई ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता, जल्द होगी अगली बैठक की घोषणा

**मस्कट।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर ओमान में हुई ताजा वार्ता समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच दशकों पुराने परमाणु विवाद को सुलझाने के प्रयासों के तहत ये बातचीत कठिन लेकिन उपयोगी रही। ईरान ने सार्वजनिक रूप से यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है, वहीं अगली वार्ता की तारीख और स्थान मस्कट जल्द घोषित करेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई हमाने ने वार्ता के बाद कहा, यह दौर कठिन था लेकिन इससे दोनों पक्ष एक-दूसरे की स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सके। वार्ता की मेजबानी ओमान ने की, जहां दोनों देशों के बीच सीधे और परोक्ष संवाद तीन घंटे से अधिक समय तक चला।

# ट्रंप के मध्य पूर्व दौरे से पहले हमास का अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा करने का एलान

**एजेंसी**
**यरुशलम।** फिलिस्तीनी सशस्त्र समूह और कुख्यात आतंकी संगठन हमास ने आखिरी अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा करने की घोषणा की है। हालांकि घोषणा में यह नहीं बताया कि वह एडन अलेक्जेंडर को कब रिहा करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्य पूर्व और इस क्षेत्र का दौरा करने की उम्मीद से कुछ ही दिन पहले हमास ने यह एलान किया है द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, हमास के प्रमुख वार्ताकार खलील अल-हय्या ने देररात यह घोषणा की। उन्होंने बयान में कहा कि हमास ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत के बाद 21 वर्षीय बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा करने पर सहमति जताई है। खलील ने कहा कि हमास गाजा में बंदी बनाए गए अंतिम जीवित अमेरिकी नागरिक




को रिहा कर देगा। हालांकि खलील ने यह साफ नहीं किया कि अलेक्जेंडर को कब रिहा किया जाएगा और इसके बदले में उसने समझौता किया है। न्यू जर्सी के टेनाफली में पले-बढ़े अलेक्जेंडर के पास इस समय इजराइली और अमेरिकी (दोहरी) नागरिकता है। वह हाईस्कूल करने के बाद सेना में सेवा करने के लिए इजराइल चले गए। 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के आतंकवादियों ने उन्हें 200 लोगों के साथ सैन्य चौकी से अगवा कर लिया था। ट्रंप का कूटनीतिक दौरा मंगलवार को शुरू हो सकता है। ईरान के साथ अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को लेकर इजराइल के साथ असहमति के मद्देनजर ट्रंप के सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर का दौरा करने की उम्मीद है। ट्रंप हालांकि इजराइल नहीं जा रहे हों। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन को उम्मीद है कि एलन को सोमवार को रिहा किया जा सकता है। ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अलेक्जेंडर की रिहाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रंप ने अलेक्जेंडर की आसन्न रिहाई की खबर को संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रति सद्भावनापूर्वक उठाया गया कदम कहा है।

## श्रीलंका में बस हादसा, 22 बौद्धों की मौत, राहत और बचाव अभियान तेज किया गया

**एजेंसी**
**कोलंबो।** श्रीलंका में कल सुबह हुई बस दुर्घटना में कम से कम 22 बौद्धों की मौत हो गई। यह हादसा गारडीला क्षेत्र के रामबोडा में फॉल्स के पास हुआ। यह सरकारी बस है। बस चट्टान से टकरा कर 100 फीट नीचे खाई में पलट गई। बस कटारगामा से कुरुनेगला तक चलती है। न्यूज की खबर के अनुसार, दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन निकासी के लिए हेलीकॉप्टर को स्टैंडबाय पर रखा गया है। सरकार ने राहत और बचाव अभियान तेज किया है। इस हादसे में 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में 16 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बस में 60-70 यात्री सवार थे। घायलों को कोटमाले, गमपोला, नवलपिटिया और नुवारा एलिया अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है। बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रक्षा मंत्रालय के सचिव के निर्देशों के तहत श्रीलंका वायु सेना ने रत्मालाना हवाई अड्डे पर



दो बेल 412 हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है, ताकि जरूरत पड़ने पर आपातकालीन निकासी में मदद मिल सके। इस त्रासदी के जवाब में, सरकार ने घोषणा की है कि दुर्घटना के प्रत्येक पीड़ित के परिवारों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इस निर्णय की पुष्टि परिवहन उपमंत्री डॉ. प्रसन्ना गुनासेना ने की। कोटमाले पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## बांग्लादेश में आईसीटी की जांच एजेंसी ने शेख हसीना समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट सौंपी

**एजेंसी**
**ढाका।** बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) की जांच एजेंसी ने मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत तीन खिलाफ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। यह रिपोर्ट आज सोमवार को सुबह आईसीटी के मुख्य अभियोजक को सौंपी गई है। हसीना के खिलाफ प्रस्तुत की गई यह पहली जांच रिपोर्ट है। द डेली स्टार की खबर के अनुसार आईसीटी की जांच एजेंसी ने पिछले वर्ष जुलाई में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य के खिलाफ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इसमें पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को भी गुनहगार ठहराया गया है। जांच अधिकारियों ने आज सुबह न्यायाधिकरण मुख्यालय में मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम को रिपोर्ट के साथ अन्य सहायक



दस्तावेज सौंपे। शेख हसीना के खिलाफ प्रस्तुत की गई यह पहली जांच रिपोर्ट है।जांच अधिकारियों ने इससे पहले 20 अप्रैल को इस संबंध में अपनी जांच रिपोर्ट मुख्य अभियोजक कार्यालय को सौंपी थी। आईसीटी की जांच एजेंसी ने पाया कि पिछले वर्ष राजधानी के चंखरपूल क्षेत्र में हुए जन विद्रोह के दौरान हत्याओं सहित अन्य अपराधों में पूर्व ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) आयुक्त हबीबुर रहमान सहित आठ पुलिस कर्मी संलिप्त थे।

## अमेरिका में दवाएं होंगी सस्ती, ट्रंप का नागरिकों से वादा

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में दवाएं 30 प्रतिशत तक सस्ती होने जा रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रिस्क्रिप्टिड और फार्मा प्रोडक्ट्स की कीमतें कम करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे। ट्रंप ने अपने फैसले से देशवासियों को अवगत कराया है। सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना इरादा ट्रुथ सोशल पर जताया है। उन्होंने कहा कि वह इस आशय के कार्यकारी आदेश पर सोमवार को हस्ताक्षर करेंगे । इसके बाद दवाइयों की कीमतें तुरंत कम कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि कई सालों से देख रहा हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रिस्क्रिप्टिड ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स के दाम अन्य देश की तुलना में काफी ज्यादा हैं, लेकिन क्यों हैं, यह आज तक समझ नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो एक कंपनी की प्रयोगशाला या प्लांट में निर्मित एक दवा अन्य कंपनियों की दवा की तुलना में पांच से 10 गुना ज्यादा महंगी होती हैं। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर विस्तार से बात



की है। उन्होंने लिखा कि फार्मा कंपनियां रिसर्च और निर्माण लागत को दवाइयों की ऊंची कीमतों का कारण बता रही हैं। वह दवाइयां सस्ती करने का आदेश जारी करेंगे। कार्यकारी आदेश यूएस स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग को मेडिकेयर को निर्देश देगा कि वह डॉक्टर के कार्यालय में दी जाने वाली दवाओं के लिए भुगतान की जाने वाली राशि को अन्य देशों को भुगतान की जाने वाली न्यूनतम कीमत से जोड़े। राष्ट्रपति का मानना है कि यह सबसे पसंदीदा राष्ट्र नीति होगी। इससे देश के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा लागत में कमी आएगी।ट्रंप प्रशासन के स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने पिछले मंगलवार को ऐसी नीति का संकेत दिया था, जिसमें ब्लॉकबस्टर मधुमेह की दवा ओजेम्पिक के लिए यूरोप की उच्च कीमतों की ओर इशारा किया गया था। कैनेडी ने कहा था कि हम दवा कंपनियों के साथ इस पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे मधुमेह ही नहीं कैंसर के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं भी सस्ती होंगी। ट्रंप ने दावा किया कि इस योजना से सरकार को खरबों डॉलर की बचत होगी। उल्लेखनीय है कि मेडिकेयर लगभग 70 मिलियन वृद्ध अमेरिकियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करता है। अमेरिका में दवाओं की कीमतें अन्य बड़े और धनी देशों की तुलना में भी बहुत अधिक हैं।

# बदलेगी ट्रंप की सवारी, कतर से मिलेगा उपहार में 'हवाई महल' बोइंग 747-8 जंबो जेट

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही एयर फोर्स वन के स्थान पर बोइंग 747-8 जंबो जेट से सवारी करते नजर आएंगे। बोइंग 747-8 जंबो जेट कतर का है। कतर का शाही परिवार उन्हें उपहार के रूप में बोइंग 747-8 जंबो जेट भेंट करने जा रहा है। यह बेहद मूल्यवान और आलीशान विमान है। इसे हवाई महल और उड़ता हुआ महल भी कहा जाता है एबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है अमेरिकी सरकार के लिए अब तक का सबसे बड़ा विदेशी उपहार होगा।ट्रंप प्रशासन कतर के शाही परिवार से इसे स्वीकार करने की तैयारी कर रहा है। एक ऐसा उपहार होगा जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पद छोड़ने से कुछ समय पहले नए एयर फोर्स वन के रूप में उपयोग के लिए




उपलब्ध होगा। उस समय विमान का स्वामित्व ट्रंप प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी फाउंडेशन को हस्तांतरित किया जाएगा। सोशल मीडिया पर रविवार रात एक पोस्ट में ट्रंप ने पुष्टि की कि उनका प्रशासन विमान को स्वीकार करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने इसे रक्षा विभाग के साथ बहुत ही सार्वजनिक और पारदर्शी लेनदेन बताया। ट्रंप फरवरी में इस विमान का अवलोकन कर चुके हैं। यह इतना इतना भव्य और सुसज्जित है कि इसे हवाई महला और उड़ता हुआ महल कहा जाता है। इसे फरवरी में वेस्ट पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पार्क किया गया था। ट्रंप तभी इसे देखा था। इस उपहार को स्वीकार करने पर उठे सवालों पर न्याय विभाग के वकीलों ने रक्षा सचिव पीट हेगसेथ का बताया है कि रक्षा विभाग के लिए विमान को उपहार के रूप में स्वीकार करना और बाद में इसे ट्रंप लाइब्रेरी को सौंपना वैध है। यह रिश्वतखोरी के विरुद्ध कानूनों या किसी भी अमेरिकी सरकारी अधिकारी के किसी भी राजा, राजकुमार या विदेशी राज्य से उपहार स्वीकार करने के संविधान के निषेध (वेतन खंड) का उल्लंघन नहीं करता है।

## अमेरिका में चारमंजिला अपार्टमेंट में आग लगने से चार की मौत

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत के मिल्वौकी में एक चारमंजिला अपार्टमेंट में आग लगने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य झुलस हो गए। मिल्वौकी फायर चीफ आरोन लिप्स्की के अनुसार ने इसकी पुष्टि की। यूएस टुडे अखबार की खबर के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:45 बजे शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित चारमंजिला अपार्टमेंट में सबसे पहले बचावकर्मी पहुंचे। लगभग 22 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। लिप्स्की ने बताया कि लगभग 30 लोगों को सीढ़ियों से बचाया गया या दमकलकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाला। आग लगने की सूचना देने वाले ने यह आशंका जताई थी कि कुछ लोग दूसरी मंजिल से कूद भी गए हैं। लिप्स्की ने कहा कि आग




इमारत के एक सार्वजनिक क्षेत्र में लगी थी। यह धीरे-धीरे सारे अपार्टमेंट में फैल गई। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।चार अन्य की हालत गंभीर है। यह इमारत 1968 में बनी थी।

# नेपाल में राजतंत्र के पक्ष में अनिश्चितकालीन आंदोलन को 40 से अधिक संगठनों का समर्थन


**एजेंसी**
**काठमांडू।** राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) के नेतृत्व में राजतंत्र की पुनर्स्थापना की मांग को लेकर 29 मई से शुरू होने जा रहे काठमांडू केन्द्रित अनिश्चितकालीन आंदोलन को 40 से अधिक संगठनों का समर्थन मिला है। काठमांडू में आयोजित बैठक में राप्रपा के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन के नेतृत्व में संयुक्त जनआंदोलन समिति ने घोषणा की कि 40 से अधिक संस्थाओं ने अपना पूर्ण समर्थन जताते हुए इसमें सहभागी होने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। बैठक के दौरान लिंगदेन ने कहा कि इस बार का अनिश्चितकालीन आंदोलन राजशाही की पुनर्स्थापना के बिना खत्म नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि जिस दिन नेपाल का नया




संविधान जारी हुआ, जिस दिन नेपाल में राजतंत्र की समाप्ति की औपचारिक घोषणा की गई और जिस दिन नेपाल को गणतंत्र देश घोषित किया गया उसी दिन से राजशाही की पुनर्स्थापना के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन की शुरुआत की जा रही है। राजेन्द्र लिंगदेन ने कहा कि इस बार के आंदोलन में काठमांडू से बाहर की भी जनता से इस आंदोलन में सहभागी होने का आह्वान किया गया है। राजशाही की मांग रख कर अपनी राजनीति करने वाले कमल थापा ने भी इसमें सहभागी होने की घोषणा की है। कभी राप्रपा के वर्षों तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और बाद में अपना अलग राजनीतिक दल बनाने वाले पूर्व उप प्रधानमंत्री थापा भी काठमांडू में आयोजित बैठक में सहभागी हुए और इस आंदोलन में अपना पूर्ण समर्थन होने की घोषणा की है। इसके अलावा पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह द्वारा गठित की गई संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक नवराज सुवेदी ने भी इसे अपना समर्थन दिया है। इसके अलावा विश्व हिन्दू महासंघ, शिव सेना नेपाल, हिन्दू सम्राट सेना, ओमकार परिवार, सनातन परिवार नेपाल आदि संस्थाओं ने आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।

## तिब्बत में भूकंप से हिली धरती, उप्र और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में महसूस किए गए झटके

**एजेंसी**
**कीव।** यूक्रेन और उसके अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों ने रूस के साथ 30 दिन के पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम के लिए अपनी तत्परता जताई है, जो सोमवार (12 मई) से लागू हो सकता है। इस बात की पुष्टि यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रीई सिबीहा ने की। विदेश मंत्री सिबीहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा,'यूक्रेन और सभी सहयोगी स्थल, वायु और समुद्र पर 30 दिनों के पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम के लिए तैयार हैं। यदि रूस सहमति देता है और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित होती है, तो यह स्थायी शांति वार्ताओं की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो सकता है। यह घोषणा ऐसे समय पर की गयी है जब संघर्ष के तीन साल पूरे होने को हैं और कूटनीतिक प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। चार प्रमुख यूरोपीय देशों (फ्रांस, यूके, जर्मनी और पोलैंड) के नेताओं का कीव पहुंचना भी इसी दिशा में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। हालांकि यह प्रस्ताव सबसे पहले अमेरिका द्वारा मार्च में रखा गया था, जिसे यूक्रेन ने तत्परता से स्वीकार किया, लेकिन रूस ने अब तक इसमें रुचि नहीं दिखाई है और कथित तौर पर अधिक अनुकूल शर्तों की मांग कर रहा है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने भी इस पहल का समर्थन किया है।




यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, 'हम पूर्ण और बिना शर्त 30 दिन के युद्धविराम के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। इसे किसी भी पूर्व शर्त के बिना लागू किया जाना चाहिए ताकि सार्थक शांति वार्ताएं शुरू हो सकें।÷ उन्होंने आगे चेतावनी दी, ÷यदि युद्धविराम का उल्लंघन होता है तो यूरोपीय संघ रूस पर और अधिक कड़े प्रतिबंध लगाने को तैयार है।

## कतर ने लेबनानी सेना को 62,000 टन ईंधन भेजा, सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की पहल

**एजेंसी**
**दोहा।** कतर ने लेबनानी सेना की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 62,000 टन ईंधन की अंतिम खेप लेबनान के त्रिपोली बंदरगाह पर पहुंचाई। यह डिलीवरी कतर फंड फॉर डिवेलपमेंट द्वारा वर्ष 2025 के लिए दी गई तीन ईंधन खेपों में से अंतिम है।

# मैं तुर्किए में पुतिन से मिलने को इच्छुक : जेलेंस्की

**एजेंसी**
**कीव।** यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की। यह बयान अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूक्रेन से रूसी राष्टपति पुतिन द्वारा प्रस्तावित वार्ता पर तुरंत सहमत होने के तुरंत बाद आया। यह चर्चा 15 मई को तुर्की में हो सकती है। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷यहां यूक्रेन में, हमें बातचीत में शामिल होने में कोई समस्या नहीं है, हम तैयार हैं। मैं इस गुरुवार 15 मई को तुर्किये में रहूंगा और मुझे उम्मीद है कि पुतिन भी तुर्किये आएंगे। मुझे उम्मीद है कि इस बार पुतिन बहाने नहीं ढूंढेंगे कि वे क्यों नहीं आ सकते। हम बातचीत करने, इस युद्ध को समाप्त करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले क्रेमलिन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कीव अधिकारियों को बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया, जिसे यूक्रेन ने 2022 में बाधित कर दिया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव



ने कहा कि कीव अधिकारियों के साथ सीधी बातचीत करने का राष्टपति पुतिन का प्रस्ताव यूक्रेनी समस्या का शांतिपूर्ण समाधान खोजना है। यह उनकी मंशा की पुष्टि करता है। रूसी टीवी चैनल पर पुतिन की पहल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, यह एक बहुत ही गंभीर प्रस्ताव है, जो शांतिपूर्ण समाधान खोजने की वास्तविक मंशा की पुष्टि करता है।प्रवक्ता ने कहा, स्थायी शांति केवल गंभीर वार्ता के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है, और इन वार्ताओं के लिए तत्परता अब (रूसी) राष्टपति द्वारा दिखाई और प्रदर्शित की गई है। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की ने युद्ध विराम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और अपनी शर्तों पर लड़ाई में लंबे समय तक विराम की मांग की तथा मास्को में विजय दिवस समारोह के खिलाफ धमकी दी।

पुतिन ने कहा कि रूस कीव सरकार की प्रतिक्रिया के आधार पर युद्ध विराम अवधि को आगे बढ़ा सकता है। दरअसल, मई में तीन दिवसीय विजय दिवस को देखते हुए रूस ने सीज फायर की घोषणा की थी। क्रेमलिन में पत्रकारों से बात करते हुए रूसी नेता ने कहा, हमारे लिए ये पवित्र दिन है, हमने तीसरी बार युद्ध विराम की घोषणा की है। हमने पश्चिम में अपने सहयोगियों से कहा है कि हम इसे आगे बढ़ाने की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। लेकिन, निश्चित रूप से, यह इन तीन दिनों में जो कुछ हुआ उसका विश्लेषण करने के बाद किया जाएगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कीव शासन इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## सात वर्षीय बच्चे को परिजनों से मिलाया

एजेंसी

**नई दिल्ली** । पालम गांव थाना पुलिस ने घर का रास्ता भूले 7 वर्षीय बच्चे को परिजनों से मिलवाया है। बच्चा रास्ता भटक कर घर से काफी दूर निकल आया था। पुलिस टीम बच्चे के साथ विभिन्न इलाकों में घूमी। उसके फोटो ग्रुप में साझा किए गए। कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे के माता पिता का पता लगाया गया।पुलिस अधिकारी के अनुसार 10 मई को पालम नगर थाने को सूचना मिली के एक बच्चा गली नंबर 6 राज नगर पार्ट 2 में लावारिस हालत में घूम रहा है। तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को अपने कब्जे में लिया। उससे घर का पता पूछा गया तो वह सही जानकारी नहीं दे पाया। इसके बाद में पुलिस टीम ने इलाके की आरडब्ल्यूए व मार्केट एसोसिएशन से संपर्क किया। बच्चे का फोटो विभिन्न ग्रुप में साझा किया गया। जिस स्थान पर बच्चा मिला था वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई। बच्चे को लेकर उसके घर की तलाश भी की गई। काफी प्रयास के बाद पुलिस बच्चे के परिजनों को खोजने में सफल रही। बच्चे को सकुशल उन्हें सौंप दिया गया।

## बहन ने सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजने की मांग की, बोली- पाकिस्तान में उसके बच्चे...; उठाया यह सवाल

**नोएडा।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर की बहन रीमा का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह रोते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगा रही है। उसने पीएम मोदी से अपील की है कि उसकी बहन को जल्द पाकिस्तान भेजा जाए। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के यूट्यूब चैनल पर जारी किए गए एक वीडियो में एक महिला ने खुद को सीमा हैदर की बहन रीमा बताया है। वीडियो में रोते हुए उसने सीमा हैदर से अपील की है कि वह पाकिस्तान वापस आ जाए क्योंकि उसके बच्चे पाकिस्तान में ही सुरक्षित हैं। उसने पीएम से अपील की है कि सीमा हैदर को जल्द पाकिस्तान भेजा जाए। जब वीजा पर आए पाकिस्तानियों को वापस भेजा जा रहा है तो बिना वीजा के पाकिस्तान से चोरी छुपे भारत आई सीमा हैदर को क्यों नहीं भेजा जा रहा है। ग्रेटर नोएडा कोतवाली क्षेत्र में 3 मई शनिवार की शाम करीब 7 बजे एक युवक सीमा हैदर के घर में घुस गया था और उस पर हमला कर दिया था। जानकारी के अनुसार, युवक ने पहले घर के मुख्य दरवाजे पर जोर-जोर से पैर मारे और फिर अंदर घुसते ही सीमा हैदर का गला दबाने लगा था। इसी दौरान उसने सीमा को तीन-चार थप्पड़ भी मारे थे। अचानक हुई इस घटना से सीमा हैदर घबरा गई और शोर मचा दिया था।

## क्रूरता देख कांप जाएंगे: कुत्ते को ई-रिक्शा के पीछे बांधकर घसीटा, करिश्माई तरीके से बची जान

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के कासना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत डाढ़ा गांव में एक व्यक्ति ई-ऑटो से एक कुत्ते को बेरहमी से घसीटते का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद उसका संज्ञान लेकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नितिन निवासी डाढ़ा के रूप में हुई है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि आरोपी जो अपने ई-ऑटो के पीछे कुत्ते को रस्सी से बांधकर काफी दूर तक खींचता चला गया। आरोप है कुत्ते को करीब 500 मीटर तक घसीटा गया। वहां से गुजर रहे है एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। गनीमत रही कि घटना में कुत्ते की जान नहीं गई। हालांकि इस बर्बरता के खिलाफ सोशल मीडिया पर लोगों का आक्रोश दिखा। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला का कहना है वीडियो में दिखाई दे रही अमानवीयता को देखते हुए पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और तत्परता दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी नितिन को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी का कहना है वह कुत्ते को बांधकर ऑटो में बैठाकर ले जा रहा था। लेकिन रास्ते में वह गिर गया तो पता नहीं चल पाया।

## दिल्ली विधानसभा बनेगी भारत की पहली सौर ऊर्जा से चलने वाली विधानसभा, हर महीने 15 लाख की होगी बचत

**नई दिल्ली।**विधानसभा ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है। यहां 12 मई को 500 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी जाएगी, जिससे विधानसभा पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलेगी। इसके बाद दिल्ली में भारत की पहली सौर ऊर्जा से चलने वाली विधानसभा होगी। दिल्ली विधानसभा परिसर में सोमवार को सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी जाएगी। एलजी वीके सक्सेना और विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता इसकी आधारशिला रखेंगे। सीएम रेखा गुप्ता भी इसमें शामिल होंगी। समारोह में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद भी अतिथि होंगे। इस परियोजना पर किस तरह काम होना है, इस पर चर्चा के लिए विधानसभा में एक बैठक आयोजित की। इसमें बताया गया कि मौजूदा समय में विधानसभा में लगे 200 किलोवाट रूफटॉप प्रणाली को हटाकर नया सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस काम को 45 दिन में पूरा किया जाएगा।

# सीज़फायर-शांति की ओर एक उम्मीद: असगर इमाम भारती

नई दिल्ली। सेक्युलर पीस फाउंडेशन, दिल्ली के अध्यक्ष असगर इमाम भारती का मानना है कि भारत–पाकिस्तान सीमा पर या अन्य किसी संघर्ष क्षेत्र में सीज़फायर की घोषणा एक महत्वपूर्ण क्षण होता है, क्योंकि यह उस संभावना की ओर इशारा करता है सीज़फायर को केवल एक अस्थायी समाधान या रणनीतिक विराम की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। बल्कि इसे एक अवसर के रूप में ग्रहण किया जाना चाहिए, जो सभी पक्षों को आत्ममंथन करने, संवाद को प्राथमिकता देने और स्थायी शांति की ओर बढ़ने का मार्ग देता है। असगर इमाम भारती ने आगे कहा कि सीज़फायर सिर्फ गोलियों की बंदी नहीं है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी है। यह दर्शाता है कि जब भी विकल्प हो, तो सभ्य समाज हिंसा के स्थान पर संवाद को चुनेगा। युद्ध के मैदान में कोई विजेता नहीं होता, पर हर शांति की कोशिश में मानवता की जीत होती है। उन्होंने है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों के जीवन को सबसे अधिक क्षति युद्ध और गोलाबारी से होती है। स्कूल बंद हो जाते हैं, अस्पतालों तक पहुंच मुश्किल हो जाती है, खेती और आजीविका चौपट हो जाती है, और पी?ियों तक मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ती है। ऐसे में सीज़फायर की घोषणा उन परिवारों के लिए एक राहत की सांस होती है, जो वर्षों से असुरक्षा और भय में जीवन जी रहे हैं। असगर इमाम भारती ने कहा कि संवाद ही हर स्थायी समाधान की कुंजी है। यदि दो पक्ष एक–दूसरे के साथ बैठकर खुले मन और सच्ची नीयत से बातचीत करें, तो बड़े से बड़ा विवाद भी सुलझाया जा सकता है। हमें यह समझने की ज़रूरत है कि असहमति स्वाभाविक है, परंतु असहमति के कारण युद्ध कोई समाधान नहीं है। बल्कि सीज़फायर की सफलता में मीडिया की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। असगर इमाम भारती ने इस पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया को जिम्मेदारी के साथ रिपोर्टिंग करनी चाहिए। उत्तेजक सुर्खियों के बजाय उन्हें संयमित और सच्ची जानकारी के माध्यम से समाज में समझदारी ब?ानी चाहिए। मीडिया नफरत फैलाने का माध्यम नहीं, बल्कि संवाद और जागरूकता का सेतु बन सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत की नीति स्पष्ट है- हम शांति चाहते हैं, लेकिन हमारी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि पाकिस्तान पर दबाव डाला जाए ताकि वह आतंकवाद का समर्थन बंद करे और क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित की जा सके। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री



मोदी ने देशवासियों से संयम बनाए रखने और सेना पर विश्वास रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्थिति के लिए तैयार है और देश की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वह पाकिस्तान पर दबाव बनाए ताकि वह आतंकियों को समर्थन देना बंद करे और सीजफायर समझौते का पालन करे। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय सेना केवल सीमा की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि आंतरिक शांति बनाए रखने के लिए भी कार्य कर रही है। उन्होंने जम्मू–कश्मीर के स्थानीय नागरिकों से शांति बनाए रखने और सेना के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सेना आम नागरिकों की रक्षा के लिए है और उन्हें किसी भी प्रकार के खतरे से सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद हमारी वीर सेना ने संकल्प और साहस के साथ दुश्मनों को जिस तरह से मुंहतोड़ जवाब दिया, वह पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का पल था। और कर्नल सोफिया का नाम सबसे पहले लिया। यह भारतीय सेना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को साबित करने वाला कदम था। विक्रम यादव, मो. जाकिर, मो. अलीम, आदित्य नन्दन, सोहल खान, नूर आलम, मो.जफर, मो. इरसाद, दीपक व्रिदी ने वीर सेनाओ की तारीफ की।

## नेशनल टेक्नोलॉजी डे' पर पीएम मोदी ने कहा, 'यह पोखरण परीक्षण को याद करने का दिन'

एजेंसी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नेशनल टेक्नोलॉजी डे' (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस) के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश के वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर शुभकामनाएं। यह हमारे वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त करने तथा 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद करने का दिन है। सभी हमारे राष्ट्र के विकास पथ में विशेष रूप से आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज में एक ऐतिहासिक घटना थे।

उन्होंने आगे लिखा, हमारे लोगों द्वारा संचालित भारत प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं में एक वैश्विक लीडर के रूप में उभर रहा है, चाहे वह अंतरिक्ष हो, एआई हो, डिजिटल नवाचार हो, हरित प्रौद्योगिकी हो या और भी बहुत कुछ। हम विज्ञान और अनुसंधान के माध्यम से भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने की अपनी



प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। प्रौद्योगिकी मानवता का उत्थान करे, हमारे राष्ट्र को सुरक्षित करे और भविष्य के विकास को गति दे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर भारत उन वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों को सलाम करता है, जो हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नई तकनीक विकसित करके योगदान देते हैं। हम अपने वैज्ञानिकों के असाधारण प्रयासों को गर्व से याद करते हैं, जिसके कारण 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण हुए। यह भारत के इतिहास में एक निर्णायक क्षण था।

बता दें कि राजस्थान के पोखरण में हुए परमाणु परीक्षणों की याद में भारत हर साल 11 मई को नेशनल टेक्नोलॉजी डे' मनाता है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति करने में मदद करने वाले वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, इंजीनियरों और अन्य लोगों को सलाम करना है। पहली बार 'नेशनल टेक्नोलॉजी डे' 11 मई 1999 को मनाया गया था।

## ड्रग तस्करी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने ओडिशा से दिल्ली लाए जा रहे गांजे की एक बड़ी खेप को जब्त किया। इसके साथ ही दो अंतरराज्यीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 365.030 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला गांजा बरामद हुआ है, जिसकी बाज़ार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह गांजा एक ट्रक में बनाए गए गुप्त तहखाने में छिपाकर लाया जा रहा था।क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदोरा ने बताया कि इंस्पेक्टर संजय कौशिक के नेतृत्व में बनी टीम ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर तस्करी में इस्तेमाल ट्रक की मूवमेंट को ट्रैक किया। ट्रक के रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाज़ा, मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल की गहन जांच की गई। ट्रक को झारखंड के जमशेदपुर से दिल्ली लाते समय बीच में पेपर रोल लादे गए, ताकि गांजे की गंध और शक से बचा जा सके। डीसीपी ने आगे बताया कि 9 मई की रात को पुलिस ने ट्रक को दिल्ली के रोहिणी इलाके में काली माता मंदिर रोड के पास गांजा पहुंचाने का जिम्मा सौंपा था। ट्रक सुनील मलिक के नाम पर रजिस्टर है और उसे चिप्स की डिलीवरी के नाम पर कोलकाता भेजा गया था, जिसके बाद ओडिशा से



घेराबंदी कर रोका। जांच के दौरान ट्रक के केबिन के पीछे एक गुप्त तहखाना पाया गया, जिसमें गांजे की बोरियां छिपाई गई थी। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान सोनीपत निवासी दीपक और सुनील के रूप में हुई।

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपितों को उनके परिचित संजेव राणा ने यह ट्रक चलाने और गांजा लादा गया।

दीपक पेशे से ट्रक ड्राइवर है और पिछले 10 वर्षों से भारी वाहन चला रहा है। उसके साथ गिरफ्तार सुनील ने 12वीं तक पढ़ाई की है। वह पहली बार इस तरह की तस्करी में शामिल पाया गया है। दोनों आरोपितों ने स्वीकार किया है कि वे इस खेप को दिल्ली में किसी संपर्क सूत्र तक पहुंचाने वाले थे।

## बुद्ध पूर्णिमा की राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़ और पीएम मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली** । देश में आज बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने बुद्ध पूर्णिमा की देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा, बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। करुणा के प्रतीक महात्मा बुद्ध का अहिंसा, प्रेम और करुणा का अमर संदेश समस्त मानवता के कल्याण का मूल मंत्र है। उनके आदर्शों से समानता, सद्भाव और न्याय जैसे शाश्वत मूल्यों में हमारी आस्था प्रबल होती है। उनकी शिक्षाएं करती हैं। आइए, हम सब महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं को अपनाएं और अपने जीवन में सदाचार का अनुसरण करते हुए शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान करें। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह पवित्र दिन भगवान बुद्ध के जन्म, सिद्धांतों के प्रति खुद को फिर से प्रतिबद्ध करें और उनकी शिक्षाओं का प्रकाश सबके लिए अधिक शांतिपूर्ण, दया माया से भरा और सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करें। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, सभी देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की ढेरों शुभकामनाएं। सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांत पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। त्याग और तप को समर्पित उनका जीवन विश्व समुदाय को सदैव करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।केंद्रीय गृह चलकर मानव समाज को समानता और एकता का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध का जीवन मनसा, वाचा और कर्मणा की त्रिवेणी है। भगवान बुद्ध से सभी के सुख और शांति की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स प लिखा, बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं शांति, ज्ञान और करुणा के प्रतीक महात्मा बुद्ध को नमन करता हूं। उनकी शाश्वत शिक्षाएं मानवता को सद्भाव, आत्म-साक्षात्कार और धर्म के मार्ग पर ले जाती हैं।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that **Mr. Deepak Dev Puri** is in possesion of property bearing no. K-3/46, area measuring 100 Sq. Yds. out of Khasra no. 442-min, situated at Village Ghonda Gujran Khadar, in the abadi of Gali no. 12, North Ghonda, Illaqa Shahdra, Delhi – 110053 through Relinquishment Deed dated 27.02.2025 as Doc no. 2025/12/I/757executed by (1) Mr. Vijay Anand Puri (2) Mrs. Sudha (3) Mrs. Madhu Goswami (4) Mrs. Raj Bala in favour of Mr. Deepak Dev Puri in respect of Built-Up property Land area measuring 100 Sq. Yds, property bearing no. K-3/46, out of Khasra no. 442min. **Mr. Deepak Dev Puri** intends to transfer the ownership of Upper Ground Floor, Front Side, without roof right, area measuring 60 Sq. Yds of above-mentioned Property by way of Sale Deed to **Mrs. Shruti Sharma.** Subsequently, **Mrs. Shruti Sharma** is in the process of mortgaging the said Unit with Aditya Birla Housing Finance Limited. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 15 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 15-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 15-days period by contacting

**Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301;**
Landline(s): +910120-3101683,
E-mail: accounts@lvnorth.in

**NAME CHANGE**

It is general information that I, CHETAN SINGH S/o DESHRAJ SINGH, R/o 041, Raipur, Sohna, Gurgaon, Haryana-122103, declare that name of minor daughter has been wrongly written as NEETU in my minor daughter's namely LAVANYA aged 15 years in her Aadhaar Card No. 8076 9104 5901. The actual name of minor daughter is LAVANYA, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Nita kapoor alias Nita Ingrid Simmons D/O Robert Simmons W/O Ajay Kapoor, R/O HNO.B-306 R/O H.NO.B- 306/A NEW N0.1114, SANGAM GALI, OPP EAST END APPARTMENT, NEW ASHOK NAGAR, Vasundhra Enclave S.O, East Delhi, Delhi, 110096 , have changed my name and shall hereafter be known as NITA KAPOOR.

**NAME CHANGE**

I Ashwani Kumar S/O Jag Mohan Aggarwal, R/O House No-10/8-B, Subhas Gali,VTC: Vishwas Nagar, PO: Shahdara, Shahdara,Delhi,-110032,have changed the name of my minor son namely Vansh Aggarwal aged 8 years and he shall hereafter be known as SHIVAY AGGARWAL.

**PUBLIC NOTICE**

Notice to public at large that earlier, my client Ajijan W/o Late Sh. Umar R/o WZ-306, Village Tihar, New Delhi and her another son and her daughter got publication regarding the severe the relations and debarred his son Sher Mohammad and his wife Aasma in the Newspaper Rashtriye Sahara dated 25-6-2008 but now, my client has taken back her statement regarding the relations severance and debarring his son and wife. The publication dated 25-6-2008 has no effect w.e.f the date of this publication.

**AMIT GABA, ADVOCATE**
Ch No. T-7, Tis Hazari Courts, Delhi

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that Rubina and Rubina Yadav refer to the same individual. The difference in the name has appeared in various documents due to personal/preferential usage and/or clerical variations. The individual has taken steps to ensure consistency across all legal and official records. Any person or organization dealing with her in the name of Rubina or Rubina Yadav may consider them as one and the same person. This notice is issued to avoid any future confusion or disputes.

**NAME CHANGE**

I, Vaibhav Dattani S/o Kishore Kumar Dattani R/o plot no-33, Ground floor apposite Jain mandir sector 43 Gurgaon Haryana 122009 have changed my name from Vaibhav Dattani to Viibhu Dattani for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

I, BABBAN MAHTO S/O JAGLAL MAHTO R/O QTR NO-22/2, G B PANT POLYTECNIC OKHLA PHASE-3, OKHLA INDUSTRIAL ESATE SO SOUTH DELHI, DELHI-110020, declare that name of mine has been wrongly written as BABAN MAHTO in my 12th class Educational documents and name of mine and my father have been wrongly written as BABAN MAHATO and JAGLAL MAHATO in my service record. The actual name of mine and my father are BABBAN MAHTO and JAGLAL MAHTO

**PUBLIC NOTICE**

BE IT KNOWN THAT MY CLIENTS MR. RAJESH S/O MOTI RAM, AGED ABOUT 45 YEARS&REENA W/0 RAJESH BOTHR/O VILLAGE BHAWA BAJAR POST BHAWA BAZAR DISTRICT BAREILY UTTAR PRADESH-262406 HAS DEBARRED AND DISOWNED THEIR DAUGHTER SAMMEDNA FROM THEIR ALL MOVABLE PROPERTIES AND ONE IMMOVABLE SELF ACQUIRED PROPERTY DUE TO HER ILL- BEHAVIOUR/DISOBEDIANCE TOWARDS MY CLIENTSS. MY CLIENTS HAS NO CONNECTION IN ANY MANNER WITH THEIR DAUGHTER NAMELY SAMMEDNA. IF ANYBODY DEALS WITH MY DISOWNED LEGAL HEIR, HE/SHE WILL DO SO WITH HIS/HER OWN RISK, COST AND RESPONSIBILITY. MY CLIENT SHALL NOT RESPONSIBLE IN ANY MANNER FOR THEIR ACTS AND DEEDS.

**BABLU KUMAR Advocate**
309, Lawyer's Chamber Block,
Dwarka Court Complex,
New Delhi-110075

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mr. Paras Sharma purchasing Freehold Residential Plot no. 61, area measuring 100.36 Sq. Yds., Part of Khasra no. 5, Situated in Dasna, Pragna Dasna, Tehsil and District Ghaziabad Uttar Pradesh., from Zareena Bibi, Md. Mubarak, Md. Jubaid, initially Mr. Najakat Sah S/O Mr. Samsul Shah owner of Sale Deed dated 19.02.2009 Which is registered in Sub Registrar office Sadar-I, Ghaziabad vide Doc. No. 642, Book No. 1, Vol. No. 7786, on Pages 277-292 dated 19.02.2009., thereafter Mr. Najakat Sah died , and same property sold to be Mr. Paras Sharma our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, which is to be financed by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch: Raj Nagar Uttar Pradesh. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, HARIOM S/O OM PAL SINGH R/O Athai, PO: Bhopa, Dist: Muzaffarnagar Uttar Pradesh-251308 have changed the name of my minor son UTKRASH Aged 14 years and he shall hereafter be known as SAKSHAM.

**NAME CHANGE**

I CHAMAN W/O SALIM F-483 GALI NO 19 KHAJOORI KHAS DELHI -110094 HAVE CHANGED MY NAME CHAMAN NISHA

**सार्वजनिक सूचना**

हमारे मुवक्किल देव राज सिंह पुत्र श्री राम अवतार सिंह स्थाई निवासी बी एच–212, सेकन्ड फलोर, सेक्टर–12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201009 ने अपने पुत्र जितेन्द्र राघव एवम पत्नी श्रीमती शिवांगी के गलत चाल चलन, व्यवहार एवम असंसदीय, गैर कानूनी भाषा के कारण समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवंम मिलना जुलना, आना जाना तथा समस्त सबंध भी विच्छेद कर लिए है। भविष्य मे उपरोक्त अपने किसी भी कत्य के लिए स्वय ही जिम्मेदार होगे, हमारे मुवक्किल का उनके किसी भी कार्य के लिए कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**रिचा सिंह एडवोकेट**
डां. ए पी सिंह एण्ड कं एडवोकेटस
एफ.ए–329, मानसरोवर गार्डन
महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–15

**सार्वजनिक सूचना**

हमारे मुवक्किल रामेश्वर दास पुत्र श्री चन्द्र सिंह स्थाई निवासी ई–2/247. सुल्तान पुरी, दिल्ली–86 ने अपने पुत्र प्रदीप कुमार एवम पत्नी श्रीमती एकता के गलत चाल चलन, व्यवहार एवम असंसदीय, गैर कानूनी भाषा के कारण समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवंम मिलना जुलना, आना जाना तथा समस्त सबंध भी विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उपरोक्त अपने किसी भी कत्य के लिए स्वय ही जिम्मेदार होगे, हमारे मुवक्किल का उनके किसी भी कार्य के लिए कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**रिचा सिंह एडवोकेट**
डां. ए पी सिंह एण्ड कं एडवोकेटस
एफ.ए–329, मानसरोवर गार्डन
महात्मा गांधी मार्ग नई दिल्ली–15

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, Rashmi Ranjan Kumar S/O Rajendra Prasad R/O A-14, Upper Ground Floor (Front), Gali No.-14, Kiran Garden, Uttam Nagar, PO: D.K. Mohan Garden, DIST: West Delhi, Delhi - 110059, declare that name of mine and my father have been wrongly written as Rasami Rajan Kumar and Rajender Prasad in my driving licence No.- DL04 20089195739. The actual name of mine and my father are Rashmi Ranjan Kumar and Rajendra Prasad

**NAME CHANGE**

I, AYUSH S/O NAVEEN JAIN residing at T-322 B, FIRST FLOOR, GALI NO-8, NEAR WATER TANK, GAUTAM PURI, YAMUNA VIHAR, DELHI-110053 have changed my name to AYUSH JAIN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Anirban Datta S/O Bapi Datta R/O D-756, Chittaranjan Park, South Delhi 110019 have changed my name and shall hereafter be known as Anirrban Datta.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as I, Rajat S/O Rajeev Kumar Chaudhary R/O 109/B Akashdeep Enclave Delhi Road Mohanpura Near 7th Day School Roorkee Haridwar Uttrakhand 247667 have changed my name and shall hereafter be known as Rajat Chaudhary

**NAME CHANGE**

I SALEEM S/O SUBRATI KHAN R/O F-483 STREET NO 19 KHAJOORI KHAS DELHI-110094 HAVE CHANGED MY NAME TO SALIM

**NAME CHANGE**

I, No. 4204311N Rank-LNK Name-MANJEET SINGH Presently residing at VILLAGE PAPRAWAT, POST OFFICE NAJAFGARH, NEW DELHI-110043, have changed my wife's name from MONIKA DEVI to MONIKA for all future purposes vide Affidavit dated 12/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, Arvind Sudhakar Avhad S/o Sudhakar Eknath Avhad R/o 271, supreme society, Mayur Vihar Phase-1, Chilla Saroda Khadar, Patparganj, East Delhi, Delhi-110091 declare that name of my minor daughter has been wrongly written as Utkarsha Avhad in my minor daughter Utkarsha Arvind Avhad aged 14 years in her School Records. The actual name of my minor daughter is Utkarsha Arvind Avhad.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given by **Mrs. Poonam Jain** is purchasing the **Built-up Property No. IX/2038, area measuring 33 1/3 Sq. Yards. Approx. Situated in the area of Village Seelampur in the abadi of Gali no. 5, Kailash Nagar, Delhi - 110031** from Mr. Manoj Jain & Mr. Sanjeev Jain who are the owner of the property vide GPA, Agreement to Sale & WILL dated 23.01.1998 and Intend to mortgage the said property with **Aditya Birla Capital Ltd.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Vanshika Malik D/O Gulshan Malik, R/O 825-B, POCKET-2. PASCHIM PURI, West Delhi, Delhi-110063 declare that name of mine has been wrongly written as Vansika Malik in my 10th class educational document. The actual name of mine is Vanshika Malik ;which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, GIRJA Wife of JC-292593Y Rank-NB SUB (GNR) Name-RADHABALLABH residing at VPO-PRATAPPURA, TEHSIL-ATER, DIST-BHIND, MADHYA PRADESH-477111, have changed my name from GIRJA to GIRJA SHARMA for all future purposes vide Affidavit dated 12/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, R MURUGA JYOTI PANDIAN Wife of JC-782490P Rank-NB SUB Name-K MUTHUVEL PANDIAN Permanent address 1/206, NORTH STREET, NADUVAPPATTI, VTC-INJAR, PO-ENJAR, SUB DIST-SIVAKASI, DIST-VIRUDHUNAGAR, TAMIL NADU-626124, have changed my name from R MURUGA JYOTI PANDIAN to M MURUGA JOTHI for all future purposes vide Affidavit dated 12/05/2025 before Executive Magistrate, Delhi.


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लवेश खान पुत्र मो. अनीश निवासी 1/57, राजेंद्र नगर, सेक्टर नंबर 2, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 391/2022 U/S 392/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लवेश खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लवेश खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 391/2022 U/S 392/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **लवेश खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5766/N/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशू पुत्र** ब्रहमपाल, **निवासीः** मोहल्ला कविता विहार, लोनी, गाज़ियाबाद, उ0प्र0 ने **FIR. No. 600/2024 U/s 379/411 IPC. थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 600/2024 U/s 379/411 IPC. थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दिपाक्षी राणा**
**एलडी. एमएम-03, शाहदरा, कोर्ट नं. 19**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5875/NE/2025**
**(Court Matter)**

## इंदिरा गांधी ने देश का सबसे ज्यादा नुकसान किया : अनिल विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी के शासनकाल में देश को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। उन्होंने विशेष रूप से शिमला समझौते की आलोचना करते हुए कहा कि इसके लिए उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। विज ने कहा कि इंदिरा गांधी ने जो लड़ाई सेना ने मैदान में जीती, उसे टेबल पर हार दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान की 13 हजार एकड़ जमीन पर कब्जा किया था और 93 हजार युद्धबंदियों को अपने कब्जे में लिया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने शिमला समझौते में ये सब मुफ्त में पाकिस्तान को दे दिया। उन्होंने कहा कि उस समय पीओके वापस लेने का सुनहरा मौका था, जिसे इंदिरा गांधी ने गंवा दिया। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर के बाद विपक्ष द्वारा विशेष सत्र बुलाने की मांग पर विज ने कहा कि सिक्रेट बातों को डिस्क्लोज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध से जुड़ी सभी गोपनीय जानकारियाँ सार्वजनिक नहीं की जा सकतीं, क्योंकि इससे देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। आज भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ की मीटिंग पर विज ने कहा कि यह पाकिस्तान नहीं, ना-पाकिस्तान है।

# आपात स्थिति से निपटने को वालंटियर पंजीकरण करेगा हरियाणा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। सरकार के साथ जनभागीदारी को जोड़ें, ताकि वे सेवाभाव से सरकार का सहयोग कर सके। इसके लिए एक विशेष पोर्टल विकसित किया जाए, जिस पर नागरिक और भूतपूर्व सैनिक वॉलिंटियर्स के तौर पर अपना पंजीकरण करवा सकें। आपात स्थिति में यह वालंटियर अपने कौशल के अनुसार जैसे, ड्राइवर, डॉक्टर या अन्य विशेषज्ञता के अनुसार अपनी सेवाएं दे सकें। मुख्यमंत्री वर्तमान हालातों के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों सहित प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक कर प्रदेश में नागरिक सुरक्षा अभ्यास की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी जिलों में आपात स्थिति में संपर्क करने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं और एक जिम्मेदारी अधिकारी या कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए । अधिकारी का नंबर भी साझा किया जाए, ताकि नागरिक आपात स्थिति में उन नंबरों पर कॉल या मैसेज करके जानकारी दे सकें। इसके अलावा प्रदेशभर में संचालित



560 सरकारी और 600 निजी एंबुलेंस की भी मैपिंग की जाए ताकि वे जल्द से जल्द समय में घटनास्थल पर पहुंच सकें। साथ ही पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में पंचायतों के सहयोग से एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट के दौरान पुलिस गश्त जारी रहे और सार्वजनिक स्थलों व आवासीय क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बनी रहे, जिससे जनता के बीच विश्वास बना रहे और लोग अनावश्यक रूप से घबराएं नहीं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सभी उपायुक्तों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे फील्ड कार्यालयों को भारत सरकार की एडवाइजरी की तर्ज पर दिशा-निर्देश जारी करें। शांति-व्यवस्था बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि उपायुक्त आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करें।

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से बैठक कर जिले में स्थिति की समीक्षा करें और आपदा प्रबंधन अधिनियम के नियमों और जिले की आपदा कार्य योजना को सावधानीपूर्वक लागू करें। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि जिला कंट्रोल रूम को अंतर-एजेंसी समन्वय प्रोटोकॉल और चेतावनी सायरन के प्रावधानों के साथ 24 घंटे एक्टिव रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सरकार अंत्योदय उत्थान की दिशा में कर रही है कार्य, निरन्तर मिल रहे है सकारात्मक परिणाम : कृष्ण कुमार बेदी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज नरवाना के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में खुला दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करके उन्हें एक्शन टेकन रिपोर्ट दें। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अंत्योदय उत्थान की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे है। किसानों की एमएसपी पर फसल खरीद की जा रही हैं और निर्धारित समय में भुगतान किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। चुनावी संकल्प पत्र के अनुसार सरकार विकास के काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नरवाना क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और आने वाले समय में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक परियोजनाएं आरंभ की जाएंगी। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नरवाना क्षेत्र के किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

**यमुनानगर।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले एसकेएस राज्य, जिला व ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ उपप्रधान राकेश धनखड़ की अध्यक्षता में अनाज मंडी रादौर में इकट्ठा होकर हरियाणा कौशल रोजगार निगम से हटाए गए कर्मचारियों के समायोजन के बारे व वेतन न मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया और उसके उपरांत कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के आवास पर पहुँचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पर बोलते हुए कृषि मंत्री ने हटाये गए कौशल कर्मचारियों के बारे में जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ बात करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में कौशल निगम के अध्यापकों को सात महीने से वेतन ना मिलने की समस्या को लेकर कृषि मंत्री ने मौके पर ही शिक्षा मंत्री महिपाल डांडा को फोन करके वेतन जारी करने के लिए बोला। मौके पर उपस्थित राज्य महासचिव नरेश



कुमार ने कृषि मंत्री के साथ बातचीत करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने कौशल रोजगार निगम के तहत नियुक्त कर्मचारियों को 58 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा देने का आश्वासन दिया था। ये सभी कर्मचारी अपने पदों के लिए योग्यता पूरी करते हैं। इनके काम की आवश्यकता भी मौजूद है। यदि एक स्थान पर आवश्यकता न रही हो तो दूसरे स्थान पर समायोजित किया जा सकता है। इससे पहले संघ ने 11 अप्रैल को उपायुक्तों के माध्यम से ज्ञापन देकर इस बारे में आग्रह किया था। इसके बाद भी 20 अप्रैल को हजारों प्रभावित कौशल कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र आवास पर जाकर प्रतिवेदन दिया। हमें विश्वास दिलाया गया था कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री बातचीत करके रास्ता निकालेंगे। अभी तक हमारे पक्ष को नहीं सुना गया है और न ही समायोजन किया गया है। संघ पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री को अनुरोध करते हुए कहा कि उपयुक्त मंच पर चर्चा करके हटाए गए कर्मचारियों का समाधान करवाये तथा देश के समक्ष मौजूद चुनौतीपूर्ण परिस्थिति को देखते हुए एचकेआरएन कर्मचारियों को तत्काल समायोजित करें,राज्य में कहीं भी काम उपलब्ध रहने पर किसी कच्चे कर्मचारी को हटाया न जाए,अपरिहार्य स्थिति में हटाना पड़े तो राज्य में कनिष्ठतम से वरिष्ठतम का नियम लागू होना चाहिए। सरकार नीति बनाकर दो वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करे।

## सोनीपत में 26 करोड़ से बदलेगी पार्कों की नुहार,परियोजनाएं शुरू

एजेंसी

**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत क्षेत्र के पार्कों के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए 26 करोड़ रुपये की योजनाएं लागू की जा रही हैं। मेयर राजीव जैन ने विभिन्न सेक्टरों और कॉलोनियों में पार्कों का निरीक्षण करते हुए बताया कि 10 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से पार्कों में झूले, ओपन जिम, दीवारों की मरम्मत और फुटपाथों का निर्माण कराया जाएगा। ऋषि कॉलोनी में दिव्य नगर योजना के तहत 12 एकड़ भूमि में भव्य पार्क निर्माण की योजना है, जिस पर प्रथम चरण में 10 करोड़ और द्वितीय चरण में मल्टीपर्पज हॉल व अन्य सुविधाओं समेत कुल 26 करोड़ की लागत आएगी। मेयर ने बताया कि सेक्टर 14 के पार्कों की मरम्मत पर 93 लाख, सेक्टर 15 में 2.3 करोड़ और सेक्टर 23 में एक करोड़ की लागत से कार्य चल रहा है। सेक्टर 12, 13 और अन्य क्षेत्रों के लिए एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं। रेवली, शाहपुर और गढ़ शाहजहांपुर गांवों में भी नए पार्क विकसित किए जाएंगे। निगम क्षेत्र में कुल 160 से अधिक छोटे-बड़े पार्क हैं, जिनमें से अधिकांश का रखरखाव रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। ड्रेन नंबर 6 को पूरी तरह कवर कर वहां ग्रीन बेल्ट विकसित करने की योजना भी है, जिसे नागरिक पार्क की तरह उपयोग कर सकेंगे। मेयर जैन ने बताया कि 2014-2019 के बीच भाजपा सरकार के दौरान शहर के गंदे स्थलों पर भी सुंदर पार्क बनाए गए हैं, और शुभम गार्डन, सेक्टर 12, कबीरपुर व राडघना रोड पर भी नई योजनाएं प्रगति पर हैं।



## अत्यंत गंभीर और संवेदनशील राष्ट्रीय मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा जरूरी : सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर संसद की चर्चा होनी चाहिए ऐसे में जल्द से जल्द विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम पर चर्चा करना लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए बहुत जरूरी है। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी एक अवसर होगा। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री को भेजा गया पत्र विपक्ष की सर्वसम्मत भावनाओं को दर्शाता है। अत्यंत गंभीर और संवेदनशील राष्ट्रीय मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा आवश्यक है। यह देश की लोकतांत्रिक परंपरा, सुरक्षा नीति और जनता के प्रति हमारी जवाबदेही का हिस्सा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार इन विषयों पर चुप्पी साधे हुए है, जबकि देश चिंतित है और स्पष्टता चाहता है। जनता को सच जानने का अधिकार है, और संसद इसका सर्वोच्च मंच है। विपक्ष देशहित में एकजुट होकर इस विशेष सत्र की मांग कर रहा है, और यदि सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखती है, तो उसे तत्काल संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए।

## खेलो इंडिया में पदक जीतकर लाए खिलाड़ी का किया अभिनंदन

**झज्जर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैराकी प्रतियोगिता में हरियाणा ने चार पदक हासिल किए हैं। चैंपियंस एक्वेटिक अकादमी बहादुरगढ़ के तैराक अर्जुन ने दो स्वर्ण और दो रजत पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ी का बहादुरगढ़ की एचएल सिटी में स्थित चैंपियंस एक्वेटिक अकेडमी के स्विमिंग पूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने विजेता खिलाड़ी को मेडल और नोटों की माला पहनाकर अभिनंदन किया। विजेता खिलाड़ी अर्जुन ने बताया कि हाल ही में बिहार राज्य में 4 मई से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन किया गया है। इन खेलों की तैराकी प्रतियोगिता गत शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में हरियाणा की ओर से भाग लेते हुए अर्जुन ने चार पदक हासिल किए। खिलाड़ी अर्जुन ने तैराकी के 50 मी. बैक स्ट्रोक और 50 मी. फ्री स्टाइल इवेंट में 2 स्वर्ण पदक और 100 मी. बैक स्ट्रोक व 100 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में दो रजत पदक हासिल किए हैं। अर्जुन ने कहा कि वह आगामी नेशनल चैंपियनशिप में नया रिकॉर्ड बनाकर प्रदेश के लिए पदक जीतना चाहता है।

## पर्यटन विभाग की नई पहल: विभागीय बैंक्वेट हाल, कन्वेंशन सेंटर और लॉन की बुकिंग होगी अब ऑनलाइन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में आम जनता की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग ने अपने बैंक्वेट हाल, कन्वेंशन सेंटर व लॉन की बुकिंग के ऑनलाइन सुविधा शुरू करने का ऐलान किया है। प्रदेश के 42 पर्यटन स्थलों की वास्तविक समय बुकिंग प्रणाली से बीते वर्ष से 33.9 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हुई है। हरियाणा के विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने विभागीय रिपोर्ट पेश करते हुए उक्त जानकारी दी है। मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन केंद्रों की व्यवस्था में पारदर्शिता लाने व पर्यटकों को बुकिंग प्रणाली के माध्यम से अधिक अवसर देने के मकसद से डिजिटलाइजेशन व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला से ठीक पहले जनवरी 2025 में हरियाणा पर्यटन निगम की वेबसाइट www.haryana-tourism.gov.in को शुरू किया गया था। वेबसाइट के माध्यम से पर्यटकों को बुकिंग सुविधा व निगरानी की सुविधा मिलना सुनिश्चित हुई। उन्होंने बताया कि



आज प्रदेश के 42 पर्यटक परिसर में रियल टाइम ऑनलाइन बुकिंग सुविधा उपलब्ध है, जहां निजी क्षेत्र के ऑनलाइन एजेंसियों को भी जोड़ा गया है।

मंत्री ने बताया कि विभाग की वेबसाइट और निजी क्षेत्र के ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफार्म के साथ जुड़कर प्रदेश के 42 पर्यटन स्थलों की वास्तविक समय बुकिंग प्रणाली से बीते वर्ष से 33.9 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए पर्यटन निगम जल्द ही अपने पर्यटक स्थलों के बैंक्वेट हाल, कन्वेंशन सेंटर व लॉन की बुकिंग भी ऑनलाइन करने जा रहा है। मंत्री शर्मा ने बताया कि अप्रैल 2023 में 7254 कमरों की बुकिंग से 1 करोड़ 78 लाख रुपये, अप्रैल 2024 में 8063 कमरों की बुकिंग से 1 करोड़ 96 लाख रुपये का राजस्व एकत्रित हुआ, जबकि अप्रैल 2025 में 9618 कमरों की बुकिंग से 2 करोड़ 63 लाख रुपये का राजस्व एकत्रित हुआ था । वर्ष 2024 से वर्ष 2025 के अप्रैल माह में ही 33.9 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हुई, जबकि वहीं वर्ष 2023 से वर्तमान वर्ष में 47.5 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि बीते 2 वर्षों में कमरों की बुकिंग में 32.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत हाथों में है देश की कमान : अरविंद शर्मा

एजेंसी

**झज्जर।** राज्य के सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान को भारत की ताकत का अहसास हो गया है और उसको मुंह की खानी पड़ी है। भारत की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत हाथों में है इसलिए भविष्य में भी देश की सुरक्षा को किसी प्रकार की आंच नहीं आएगी।

शर्मा गांव खरहर में आयोजित एक कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। मंत्री शर्मा ने कहा, पूरी दुनिया ने देखा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने किस प्रकार आतंकवाद व आतंकियों के खात्मे के लिए कड़े कदम उठाते हुए उनके ठिकाने नेस्तनाबूद कर दिए। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों व सीमित ठिकानों को लक्ष्य बनाकर पाकिस्तान को बड़ी हानि पहुंचाई हैं, वहीं पाकिस्तान ने हमारे रिहायशी इलाकों को लक्ष्य बनाने की कोशिश की। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर आतंकी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आपस में भाईचारा मजबूत होगा तो समाज तरक्की करेगा और आगे बढ़ेगा, एक-दूसरे की मदद करें और विकास कार्यों में भागीदारी निभाएं। गांव खरहर में उन्होंने अपने सांसद कार्यकाल के दौरान सांसद निधि से दिए गए 65 लाख रुपये से पीडब्ल्यूडी रोड से दादी सती मन्दिर तक नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने दादी सती मन्दिर में आयोजित भंडारे में भागीदारी की व रक्तदान शिविर में युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आज बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि हर नागरिक को इनका पूरा लाभ मिल सके। हम सबको मिलकर अपने भाईचारे को मजबूत करना चाहिए, ताकि प्रदेश और समाज अधिक तरक्की कर सके।



इस अवसर पर काला प्रधान, बलराज, श्रवण, पंडित रामकरण, सुनील शर्मा, राजीव शर्मा, चांद मोखरा, सुरेश शर्मा, महेंद्र पंडित आदि उपस्थित रहे।

# सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को दिया गया आपदा में मदद का प्रशिक्षण

एजेंसी

**झज्जर।** जिला प्रशासन झज्जर द्वारा आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की उपस्थिति में लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स (नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों) का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीआरएफ के भोंडसी केंद्र से आए विशेषज्ञों की देखरेख में संपन्न हुआ। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स किसी भी आपदा के समय स्थानीय प्रशासन के फ्रंट लाइन सहयोगी होते हैं और प्रशिक्षित टीम का हिस्सा बनने से उनका योगदान और अधिक प्रभावी हो जाता है। एसडीआरएफ के ईएचसी रवि कुमार और अनिल कुमार ने जिलाभर से आए पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलेंटियर्स (स्वयंसेवकों) को आपातकालीन स्थितियों में राहत और बचाव कार्यों की तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षण में रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़े



वालंटियर्स, जिले के पूर्व सैनिक और सभी कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की। ट्रेनिंग उपरांत ये जिलाभर में लोगों को नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण देंगे। इस अवसर पर एसडीएम बादली सतीश यादव, एसडीएम झज्जर रविंद्र यादव, सीटीएम रविंद्र मलिक, डीआरओ प्रमोद चहल, डीआईपीआरओ सतीश कुमार, नोडल अधिकारी जीतपाल, रेड क्रॉस सचिव देवेंद्र चहल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक चिकित्सा देने और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संकट काल के समय क्या सावधानियां बरतनी इन सब बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही फर्स्ट एड, स्ट्रेचर इस्तेमाल, सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) और रेस्क्यू उपकरणों के उपयोग पर भी अभ्यास करवाया।इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जिले के सभी कॉलेजों, निजी व सरकारी शिक्षण संस्थानों में आयोजित करवाया जाएगा ताकि सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तैयार हो और किसी भी आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) के इस अभ्यास में प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर विशेष अभ्यास कराया गया। (हृदय पुनर्जीवन प्रक्रिया) व प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, स्ट्रेचर संचालन और घायल व्यक्ति की सुरक्षित निकासी के अभ्यास, आपातकालीन अलर्ट प्रणाली की कार्यप्रणाली, रेस्क्यू ऑपरेशन में उपयोगी रस्सी तकनीक, संकट की स्थिति में नागरिकों के साथ संवाद बनाए रखने की विधियां आदि।

## विकसित भारत में देश के प्रतिभावान युवाओं की अहम भूमिका : महिपाल ढांडा

एजेंसी

**रोहतक।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में देश के प्रतिभावान युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। महिपाल ढांडा रविवार दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट रोहतक के वार्षिक कला प्रदर्शनी अवार्ड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कला प्रदर्शनी में हर विषय को गहराई से छुआ है। अद्भुत व अकल्पनीय कल का यहां प्रस्तुतीकरण किया गया है, जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि दादा लख्मीचंद जैसे ऐसे महान व्यक्ति के नाम से विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, जिसका पूरे विश्व में कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि दादा लख्मीचंद ने देश की प्रतिभा को निखारने का काम किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों को उनके हुनर का लाभ मिले यह विश्वविद्यालय प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा। शिक्षा मंत्री




महिपाल ढांडा ने कहा कि भारत पहले भी विश्व गुरु रहा है और फिर से विश्व गुरु बनकर रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत का विचार दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। हिंदू कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने की पद्धति है। उन्होंने कहा कि दुनिया के बहुत से देशों में गृह युद्ध जैसी स्थिति है। इन परिस्थितियों में विश्व के बुद्धिजीवियों के समक्ष यह सवाल आया है कि क्या दुनिया में कोई एक सरकार-एक कानून अथवा करेंसी हो सकती है। जब इस विषय को लेकर शोध किया गया तो भारत को 48 प्रतिशत नंबर मिले। दोबारा शोध हुआ तो 67 प्रतिशत अंक भारत को मिले और तीसरे शोध में 72 प्रतिशत अंक भारत को मिले हैं। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अब भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि विश्व गुरु बनने के संकल्प को हम सब मिलकर सिद्धि तक लेकर जाएंगे।

## झज्जर में प्रेमिका पर शक में प्रेमी ने की हत्या

**झज्जर।** जिले में बीती 4 मई को एक महिला की हत्या उसके प्रेमी ने ही की थी। हत्या करके शव को एक तालाब में फेंक दिया था। प्रेमी को अपनी प्रेमिका का किसी अन्य से भी प्रेम संबंध होने का शक हो गया था। पुलिस ने हत्या के आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के गांव बहू की निवासी महिला रेखा की हत्या गत 4 मई को की गई थी। हत्या के आरोप में पकड़ा गया युवक मंजीत भी इसी गांव का निवासी है।

**NAME CHANGE**
I hitherto known as RATNA YADAV W/O ASHARAM YADAV R/O H.NO-196, GALI NO-1, SURYA COLONY SEHATPUR VISTAR, BHARAT PUBLIC SCHOOL, AMARNAGAR SO FARIDABAD, HARYANA-121003 have changed my name and shall hereafter be known as MAMTA YADAV.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, Shivanshu Yadav S/O Sanjay Kumar R/O Near Sadar P. S. Police Colony, Rewari , Rewari, Haryana -123401, declare that name of my father has been wrongly written as Sanjay Yadav in my 10th and 12th educational documents. The actual name of my father is Sanjay Kumar

# कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में भीषण आग, तीन फैक्ट्रियां चपेट में, लाखों का नुकसान

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत के कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में सुबह भीषण आग लगने की घटना ने हड़कंप मचा दिया। आग नयरा पोलीरब प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री में लगी, जहां चप्पल और रबड़ उत्पादों का निर्माण किया जाता था। सुबह करीब नौ बजे अचानक फैक्ट्री में आग भड़क उठी, जिसनेकुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और पास की दो अन्य फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली। सूचना मिलते ही कुंडली, सोनीपत और राई से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। आग की गंभीरता को देखते हुए नरेला, पानीपत, रोहतक और झज्जर से भी फायर ब्रिगेड की अतिरिक्त गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल कर्मी ऑक्सीजन मास्क लगाकर बेसमेंट और ऊपरी मंजिलों में घुसे और आग बुझाने का प्रयास किया। फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। किसी मजदूर के भीतर फंसे होने की आशंका के चलते राहत व बचाव कार्य चलाए गए। किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

आग की चपेट में मोहित ओवरसीज और विजीन केबल एलएलपी नामक फैक्ट्रियां भी आ गईं। वहीं, पीएनबी किचन मेट कंपनी के गोदाम का सामान भी खतरे में आ गया, जिसे दमकलकर्मियों ने तेजी से बाहर निकाला। फैक्ट्री नंबर 105 के मालिक बलराज सिंह के अनुसार, नयरा फैक्ट्री में मशीनों के चलते कंपन और प्रदूषण की समस्या थी, जिसकी शिकायत करने पर विवाद की स्थिति बनती थी। उन्होंने बतायाकि कई अन्य फैक्ट्रियों को भी आग से खतरा बना हुआ है।

## अमेरिका चीन की वस्तुओं पर टैरिफ घटाकर 30फीसदी करेगा, बीजिंग 90 दिनों तक लगाएगा 10फीसदी कर

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे 90 दिनों की शुरुआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और जवाबी शुल्क वापस ले लेंगे। इस बीच, चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा। सोमवार को एक संयुक्त बयान के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचानते हुए अमेरिका और चीन के बीच सहमति बनी। दोनों देशों ने एक स्थायी, दीर्घकालिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचाना। दोनों देशों ने अपनी हालिया चर्चाओं पर विचार किया और माना कि निरंतर चर्चाओं में उनके आर्थिक और व्यापार संबंधों में प्रत्येक पक्ष की चिंताओं को दूर करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, दोनों देश आर्थिक और व्यापार संबंधों के बारे में चर्चा जारी रखने के लिए एक तंत्र स्थापित करेंगे। इन चर्चाओं के लिए चीनी पक्ष के प्रतिनिधि स्टेट काउंसिल के वाइस प्रीमियर हे लिफेंग होंगे, और अमेरिकी पक्ष के प्रतिनिधि ट्रेजरी के सचिव स्कॉट बेसेंट और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमीसन ग्रीर होंगे। दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त बयान में कहा गया, ये चर्चाएं चीन और अमेरिका में बारी-बारी से आयोजित की जा सकती हैं, या पार्टियों की सहमति से किसी तीसरे देश में की जा सकती हैं।

## जलवायु संरक्षण में भारत की भूमिका अहम, दुनिया ने माना- एशिया का लीडर

**नई दिल्ली।** जलवायु संरक्षण की दिशा में भारत द्वारा किए जा रहे कामों को पूरी दुनिया में मान्यता मिल रही है। एक वैश्विक मंच ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत ऊर्जा परिवर्तन के मामले में एशिया का नेता बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट ग्रुप की सीईओ हेलेन क्लार्कसन ने सिंगापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'एशिया में ऊर्जा परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका है। यह अपने जलवायु लक्ष्यों में लगातार प्रगति कर रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा पर खासा फोकस किया जा रहा है। यह उत्साहजनक है। हेलेन क्लार्कसन ने कहा, पिछ्ले कुछ वर्षों में देखी गई प्रगति के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार है। उन्होंने भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 तक भारत की कुल अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 220 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा योगदान है। यह कुल नवीकरणनीय ऊर्जा क्षमता का करीब 48 प्रतिशत है।

## भारत ने मालदीव को दी 50 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता, विदेश मंत्री ने जताया आभार

**नई दिल्ली।** भारत ने 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने ट्वीट किया, मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी। मालदीव में भारतीय उच्चायोग के अनुसार, भारत ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मालदीव के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्सक्राइब किया है। मार्च 2019 से, भारत सरकार एसबीआई ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा प्रदान कर रही है और सालाना, ब्याज-मुक्त तरीके से मालदीव सरकार को रोलओवर कर रही है।

## चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। हम एक उचित आधार, मजबूत आर्थिक बुनियाद के साथ शुरुआत कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था देशों के मुद्दों के अल्पकालिक प्रभाव से उबरने में भी सक्षम है। भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा, देश को बढ़ती व्यापार बाधाओं की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने चाहिए। पुरी ने कहा, ऊर्जा, परिवहन, मेटल, केमिकल और हॉस्पिटालिटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निजी निवेश में वृद्धि हो रही है। देशों में मौजूदा तनाव से उपजी अनिश्चितता के कारण निवेश में कुछ कमी आ रही है। विकास और प्रतिस्पर्धा के घरेलू चालकों पर ध्यान देने की जरूरत है। पुरी ने कहा, भारत ने निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को दंडित करने का सही काम किया है।

# स्रीगी डीएलएफ ने आईपीओ निवेशकों को किया मालामाल, पहले दिन ही लगभग डबल हुए पैसे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के लिए प्लास्टिक मोल्डिंग्स, होम अप्लायंसेज मोल्डिंग्स और एडवांस्ड इंजेक्शन मोल्डिंग्स का काम करने वाली कंपनी स्रीगी डीएलएम के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 99 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 188.10 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह शेयर उछल कर 197.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। स्रीगी डीएलएम का 16.98 करोड़ रुपये का आईपीओ 5 से 7 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 490.93 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 136.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1,534.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 243.71 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 17,14,800 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी ग्रेटर नोएडा में मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी सेटअप करने, मशीनरी खरीदने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 1.13 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.81 करोड़ और 2023-24 में 3.10 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 28 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 54.65 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की बात करें तो अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच कंपनी को 3.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इसी तरह इस अवधि में कंपनी 54.47 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी है।




## भारत के खुदरा व्यापार पर कब्ज़े की कोशिशों के खिलाफ 16 मई को कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि भारत के सालाना 140 लाख करोड़ रुपये के खुदरा व्यापार को विदेशी पूंजी पोषित ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा कब्ज़ाने की साज़िश के विरोध में कैट 16 मई को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है।

कैट के महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस अहम कांफ्रेंस में देशभर से 100 से अधिक व्यापारिक नेता हिस्सा लेंगे, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मुख्य वक्ता होंगी। श्री खंडेलवाल ने बताया कि इस संगोष्ठी में व्यापारियों के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट संगठनों, एमएसएमई, महिला उद्यमियों, किसानों, स्टार्टअप्स और उपभोक्ता संगठनों सहित व्यापार जगत के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस मंच से एक संयुक्त रणनीति बनाई जाएगी, जिसका उद्देश्य देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू कर इन कंपनियों के खिलाफ जनमत तैयार करना है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया ने इस आयोजन को बेहद महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि विदेशी कंपनियों की अनैतिक गतिविधियों का व्यापारी वर्ग संगठित होकर विरोध करे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल, एफएमसीजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, किराना, होटल-रेस्तरां जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान पहुंचाया है और अब अन्य सेक्टरों पर भी कब्ज़े की कोशिश में जुटी हैं। श्री भरतिया ने स्पष्ट किया कि यह कांफ्रेंस एक निर्णायक पहल* होगी, जिसकी रणनीति के आधार पर पूरे देश में जागरूकता और विरोध अभियान शुरू किया जाएगा, जिससे देश के पारंपरिक खुदरा व्यापार को बचाया जा सके।

## शुरुआती कारोबार में ही निवेशकों को 10.59 लाख करोड़ का फायदा, 176 शेयरों पर लगा अपर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर हुए सीजफायर के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान रौनक बनी हुई है। बाजार में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है, जिसके कारण बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की जा चुकी है?। बाजार खुलते ही आज खरीदारी का इतना जोरदार रुझान बना कि शुरुआती कुछ मिनट में ही स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10.59 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के फार्मास्यूटिकल इंडेक्स को छोड़ कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। फार्मास्यूटिकल इंडेक्स फिलहाल उतार-चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में भी आज जोरदार खरीदारी होती हुई नजर आ रही है। बाजार की तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कारोबार शुरू होने के कुछ देर बाद ही बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन बढ़ कर 427 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को इन कंपनियों का मार्केट केपीटलाइजेशन 416.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) था। इस तरह बाजार खुलते ही निवेशकों की संपत्ति में करीब 10.59 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल शेयरों में से सन फार्मास्यूटिकल्स और इंडसइंड बैंक के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा इन दोनों सूचकांक में शामिल शेष सभी शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। फिलहाल बीएसई पर 2,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही है। इनमें से 2,584 शेयर मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 256 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं।



## टॉप 10 में शामिल 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.60 लाख करोड़ की गिरावट, रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 2 कंपनियों के मार्केट कैप में करीब तीन हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), आईटीसी और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 1,60,314.48 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और इंफोसिस के मार्केट कैप में 2,952.89 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। 5 मई से 9 मई के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 59,799.34 करोड़ रुपये घट कर 18,64,436.42 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 30,185.36 करोड़ रुपये कम होकर 9,90,015.33 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 27,062.52 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 14,46,294.43 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 18,429.34 करोड़ रुपये घट कर 6,95,584.89 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 13,798.85 करोड़ रुपये कम होकर 5,36,927.95 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 8,321.89 करोड़ रुपये की कमी के साथ 5,29,972.97 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 2,138.29 करोड़ रुपये कम होकर 10,53,891.62 करोड़ रुपये के स्तर पर और टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 578.89 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 12,45,418.09 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,48,382.85 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप 415.33 करोड़ रुपये उछल कर 6,26,083.70 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,64,436.42 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 14,46,294.43 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 12,45,418.09 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,53,891.62 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,90,015.33 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,95,584.89 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 6,26,083.70 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,48,382.85 करोड़ रुपये) बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,36,927.95 करोड़ रुपये) और आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,29,972.97 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## 1.75 करोड़ घरों को रोशन करेगा अदाणी का खावड़ा सोलर प्लांट

**एजेंसी**

**खावड़ा।** भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में महत्ती भूमिका निभा रही कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीआईएल) की गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी सौर परियोजना पूरी तरह से तैयार होने पर 1.75 करोड़ घरों को बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। यह परियोजना 538 वर्ग किलोमीटर अर्थात 132943 एकड़ में फैली है जो लगभग मुंबई के आकार के बराबर है और पेरेसि से पांच गुना बड़ा है। इस संयंत्र ये पौलेंड , कनाडा या स्पेन की पूरी आबादी को बिजली आपूर्ति की सकता है। कंपनी के अनुसार इस सोलर पार्क को आसमान से देखा जा सकता है। यह परियोजना 30 हजार मेगावाट क्षमता की है जिसमें 26 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा और चार हजार मेगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। अभी इस परियोजना में 4106.9 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक 50 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का है और खावड़ा प्लांट की क्षमता 30 गीगावॉट है। एजीईएल ने 2029 तक करीब 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश से इस परियोजना को पूरा करने वाली है। इसके पूर्ण होने में इसमें 6 करोड़ सोलर पैनल लगगें और करीब 800 पवन चक्की लगेगी। कंपनी ने नयी प्रौद्योगिकी से ऐसी पवन चक्की बनायी है जो एक पवन चक्की 5.2 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम है। कंपनी ने जर्मनी के डब्ल्यू 2ई विंड टू एनर्जी के साथ मिलकर 5.2 मेगावाट की सबसे शक्तिशाली ऑनशोर विंड टर्बाइन विकसित की है, जिसमें 160 मीटर का रोटर व्यास, 20,106 मीटर का स्वीप्ट एरिया और 200 मीटर की टिप ऊंचाई है। कंपनी इस प्लांट में ऐसे सोलर पैनल लगा रही है जो दोनों ओर से बिजली उत्पादन करने में सक्षम है। इनमें से अधिकांश सोलर पैनलों ऐसे लगाये गये हैं जो धूप के साथ घुमने में सक्षम है। सोलर पैनलों की प्रतिदिन स्वचालित रोबोटिक मशीनों से सफाई की जाती है जिसमें पांनी का उपयोग नहीं किया जाता है। यह कंपनी का पूरी तरह से शून्य पानी उपयोग वाला प्लांट है और इससे 171.6 करोड़ लीटर पानी का बचत होगा। कंपनी ने हाल ही में करीब 700 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं का संचालन शुरू किया है, जिससे खावड़ा में कुल क्षमता चार हजार मेगावाट हो गई है। खावड़ा प्लांट अकेले 87.4 अरब यूनिट बिजली पैदा करेगा, जो 1.74 करोड़ घरों को बिजली आपूर्ति करने में सक्षम होगा। इससे सालाना 6.36 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होगा। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क अकेले भारत की कुल सोलर ऊर्जा उत्पादन का 9 फीसदी उत्पादन कर सकता है। खावड़ा परियोजना पूरी दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा पावर प्लांट है। इससे 15200 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मिलने का अनुमान है। कंपनी ने पूरा होने के बाद, यह सभी ऊर्जा स्रोतों में ग्रह का सबसे बड़ा बिजली संयंत्र होगा।



## मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल महंगा

**एजेंसी**

**इंदौर।** सप्ताहांत खाद्य तेलों में भाव तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल ऊंचा बिका। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली घटी रही, इससे भाव कम हुए। मूंगफली तेल 1310 से




1320 रुपये प्रति 10 किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1340 से 1360 रुपये पर रुका। हालांकि कारोबार के दौरान भाव ऊपर नीचे हुए। सोयाबीन रिफाइंड 1215 से 1220 रुपये पर खुलकर 1265 से 1270 रुपये बिका। पाम तेल 1280 से 1285 रुपये खुलकर 1290 से 1295 रुपये होकर थमा। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव ऊपर नीचे हुए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली से मजबूती दर्ज की गई।

# मनोज ज्वेलर्स ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी का कारोबार करने वाली कंपनी मनोज ज्वेलर्स के शेयरों ने आज अपने आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इस शेयर की आज डिस्काउंट रेट पर लिस्टिंग हुई और थोड़ी ही देर में गिर कर यह लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 54 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग 5 पैसे के डिस्काउंट के साथ 53.95 रुपये के स्तर पर हुई। डिस्काउंटेड लिस्टिंग के बाद निवेशकों को उसे समय और झटका लगा, जब बिकवाली के दबाव में थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर टूट कर 51.26 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के शुरुआती कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 5.07 प्रतिशत का नुकसान हो गया। मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ 5 से 7 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.14 गुना ही सब्सक्राइब हो सका था। इनमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज को चुकाने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 36 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 62 लाख और 2023-24 में 3.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 153 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 43.38 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की बात करें तो अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच कंपनी को 3.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इसी तरह इस अवधि में कंपनी 42.97 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी थी।




## अगले सप्ताह दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग, दो शेयरों की होगी लिस्टिंग


**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीएल लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इनके अलावा पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 9 मई को लॉन्च हुए एक आईपीओ में भी इस सप्ताह 14 मई यानी बुधवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह दो कंपनियां के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। इस सप्ताह इंटेग्रिटी इंफ्राबिल्ड डेवलपर्स का 12 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 15 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 16 मई को किया जाएगा। वहीं इनकी लिस्टिंग 20 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी तरह 14 मई यानी बुधवार को एक्रेशन फार्मास्यूटिकल्स का 29.75 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 16 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 96 से 101 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 19 मई को किया जाएगा। वहीं इनकी लिस्टिंग 21 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।इन दोनों नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 9 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले वर्चुअल गैलेक्सी इन्फोटेक के 93.29 करोड़ रुपये के आईपीओ में बुधवार 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 135 से 142 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 15 मई को किया जाएगा। वहीं, इनकी लिस्टिंग 19 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इस आईपीओ को अभी तक 69 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान दो कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरुआत करने जा रही हैं। इनमें एक कंपनी श्रीगी डीएलएम लिमिटेड है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 02 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब



डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था।रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.5 अरब डॉलर की भारी कमी आई और यह घटकर उछलकर 81.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर तीन करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.6 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 30 लाख डॉलर की कमी आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.5 अरब डॉलर रह गई।

# सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट, 1,800 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 1,650 रुपये से लेकर 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये से लेकर 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 88,800 रुपये से लेकर 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 96,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 96,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



# डे केयर में जाता है आपका बच्चा तो इन 5 बातों का जरूर रखें ध्यान



डे केयर प्लेस आजकल काफी तेजी से पॉपुलर हो रहे हैं. दरअसल आज के टाइम में मां भी वर्किंग होती हैं और इस वजह से बहुत सारे पेरेंट्स ऐसे हैं जिनके पास काम के चलते समय की कमी होती है और इस वजह से वह बच्चे को डे केयर में भेजना पड़ता है. वहीं कुछ पेरेंट्स बच्चों को डे केयर में इसलिए भेजते हैं क्योंकि वहां उन्हें कुछ एक्टिविटीज भी करवाई जाती हैं. इससे बच्चा इंगेज भी रहता है और उनमें सीखने की क्षमता विकसित होती है. वैसे तो हर पेरेंट्स अपने बच्चों की बेहद चिंता होती है, लेकिन फिर भी अगर आप बच्चों को किसी भी वजह से डे केयर में भेज रहे हैं तो उनकी सेफ्टी और उनके मेंटल हेल्थ को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है.

छोटे बच्चे कई बार बहुत सारे बातें अपने माता-पिता या फिर किसी को भी बता पाने में सक्षम नहीं होते हैं. ऐसे में बहुत सारे मामले आते हैं जब देखा जाता है कि कुछ डे केयर में बच्चों के साथ बहुत सख्त बिहेवियर अपनाया जाता है. हालांकि जरूरी नहीं है कि हर जगह ऐसा होता है, फिर भी अपनी तरफ से सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है. जान लेते हैं कि वो कौन सी बातें हैं जो पेरेंट्स को अपने बच्चे को डे केयर में भेजने से पहले जरूर ध्यान में रखनी चाहिए.

उम्र का जरूर रखें ध्यान

बहुत सारे पेरेंट्स 6 महीने के बाद ही बच्चे को कुछ घंटों के लिए डे केयर में भेजना शुरू कर देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए. इस वक्त तक बच्चे को बहुत ज्यादा भावनात्मक लगाव की जरूरत होती है और सेहत भी संवेदनशील होती है. ऐसे में बच्चा जब एक साल का हो जाए तभी उसे डे केयर में भेजना सही रहता है.

डे केयर चुनते वक्त रखें ये ध्यान

अगर आप बच्चे के लिए डे केयर चुन रहे हैं तो वहां के टीचर्स से मिलें और उनके बारे में जानें ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि बच्चे की देखभाल वहां सही से की जा सकती है या फिर नहीं. इसके अलावा डे केयर का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से रिव्यू लेना चाहिए. डे केयर रजिस्टर्ड है या नहीं, इस बात का भी ध्यान रखें. वहां पर बच्चों को किन-किन चीजों की सुविधा मिल रही है, यह भी जानना जरूरी होता है.

बच्चे के व्यवहार पर रखें ध्यान

अगर आप अपने बच्चे के डे केयर भेजते हैं तो हमेशा उसके व्यवहार पर जरूर ध्यान रखें. बच्चे के बात करने का तरीका, आदतें सभी चीजों पर निगरानी रखें कि नेगेटिव बदलाव आ रहा है या फिर पॉजिटिव. डे केयर के बाद बच्चे के साथ वक्त बिताएं और जानें कि उसे असहज तो महसूस नहीं होता है.

चेक करें कैमरा है या नहीं

बच्चे की सुरक्षा की बात करें तो यह बहुत जरूरी है कि आप डे केयर में कैमरा की स्थितियों से वाकिफ हो. यह देखना बहुत जरूरी है कि डे केयर में कैमरा सही जगह लगाए गए हैं या फिर नहीं. इससे आप जरूरत पड़ने पर यह देख सकते हैं कि बच्चे को किसी तरह के बुरे अनुभव का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है.

टाइमिंग का रखें ध्यान

बच्चे को जब आप डे केयर में भेजते हैं तो टाइमिंग का ध्यान जरूर रखें. बहुत सारे पेरेंट्स शुरुआत में ही अपने बच्चे को पूरे-पूरे दिन के लिए डे केयर में छोड़ देते हैं.

# बैगाओं की खेती और उनका खान-पान



यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फ सल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नहीं रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती। यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है।मध्यप्रदेश के डिण्डौरी जिले के बैगा आदिवासी पीढ़ियों से बेंवर खेती करते आ रहे हैं। जंगलों के बीच बसे बैगाओं की अनोखी बेंवर खेती उनकी पहचान है। इससे उन्हें दाल, चावल, रोटी, हरी सब्जियां और फ ल मिलते हैं। बैगाओं को इससे पौष्टिक संतुलित भोजन मिलता है। हालांकि बेंवर खेती का अब पारंपरिक रूप नहीं है, संशोधित रूप में है। लेकिन इसे देशी बीजों के साथ छोटे स्तर पर पुनर्जीवित किया जा रहा है। आज इस कॉलम में बैगाओं की खेती की चर्चा करना चाहूंगा, जिससे उनकी प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की झलक मिल सके।मुझे इस इलाके में एक दो बार जाने का मौका मिला है। यह संस्था मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के बीच देशी बीजों की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। देशी बीजों की प्रदर्शनी लगाना, बीजों का आदान.प्रदान करनाए खेती के तौर.तरीके सिखानाए संस्था के काम हैं। हाल ही में नागपुर में बीजोत्सव में संस्था ने बीजों का स्टॉल भी लगाया था।

पिछले साल एक प्रदर्शनी में महुआलाटा, घुईफल का सब्जी, आंवला चटनी, राहर और उड़द बड़ा, डूमर फ ल की सब्जी, बांस करील की सब्जी, बेलभूंज, चेंच भाजी, पताली चटनी, रमतीला की चटनी, लोरिंग कांदा भूंज, चकोड़ा भाजी, कोदो कुटकी का चीला, गीठ कांदा, भूत कांदा, खिर कांदा, रवि कांदा, रताल कांदा, डुंगची कांदा, सरई पिहरी आदि व्यंजन भी प्रदर्शित किए गए थे।संस्था ने पौष्टिक अनाजों से कई तरह के पकवान, अचार व लड्डू आदि भी बनाए हैं। महिलाओं का इसका प्रशिक्षण भी दिया है। महुआ के लड्डू और आगे बढ़ने से पहले बैगाओं का संक्षिप्त परिचय देना उचित होगा। बैगा, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह में शामिल हैं। उनके तीज-त्यौहार खेती पर आधारित हैं। जब खेती ठीक से नहीं होती तो वे त्यौहार भी ठीक से नहीं मना पाते। निर्माण वैकल्पिक विकास एवं सहभागी संस्थान व बीज विरासत अभियान के प्रमुख नरेश विश्वास कहते हैं कि अगर बैगाओं की फसल नहीं होती तो वे त्यौहार भी नहीं मना पाते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से बेंवर व मिश्रित खेती ने उनकी जीवन में बदलाव आ गया है। उनके पास खुद के बीज और खुद का अनाज होने लगा है।कांदाबानी गांव के एक ग्रामीण ने बताया था कि गर्मी शुरू होने पर हम खेत में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियों, पत्ते, घास और छोटी झाडियों को एकत्र कर बिछा देते हैं। फिर उनमें आग लगा दी जाती है। इसी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है जब बारिश होती है तो पौधे उग आते हैं। जैसे जैसे फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, काटते जाते हैं।

कोदो, कुटकी, ज्वार,सलहार (बाजरा) मक्का, सांवा, कांग, कुरथी, राहर, उड़द, कुरेली, बरबटी, तिली जैसे अनाज बेंवर खेती में बोये जाते हैं। लौकी, कुमड़ा, खीरा आदि को भी बोया जाता है। कुल मिलाकर, 16 प्रकार के अनाज को बैगा बोते हैं। इन 16 अनाजों की 56 किस्में हैं।एक जगह पर एक वर्ष में खेती की जाती है। अगले साल दूसरी जगह पर खेती होती है। इस खेती को स्थानांतरित खेती (शिफिंटग कल्टीवेशन) कहते हैं। हालांकि इस खेती पर प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन मध्यप्रदेश के बैगाचक इलाके में यह प्रचलन में है। लोग अपने ही खेतों में बेंवर करते हैं। इसका संशोधित रूप मिश्रित खेती को अपना रहे हैं।बेंवर खेती के प्रचार-प्रसार लगे नरेश विश्वास कहते हैं कि कुछ वर्ष पहले हमने जब यह अभियान शुरू किया था तब लोगों के पास बेंवर के बीज ही खत्म हो गए थे। हमने बीजों के आदान-प्रदान का काम किया जिससे अब बैगा आदिवासियों के बीज उपलब्ध हैं और वे बेंवर खेती कर रहे हैं।

विश्वास कहते हैं कि बेंवर में अधिकांश लोग केवल कुटकी करते थे। उनके पास सलहार नहीं था, बैगा राहर नहीं थी। हमने इसकी तलाश की और फिर बीजों की अदला-बदली की। छत्तीसगढ़ के पहाड़ी कोरवा आदिवासी भी यहां से मड़िया का बीज लेकर गए। कुछ जगह हमने समतल जमीन में भी जुताई से मिश्रित खेती करवाने का प्रयास कर रहे हैं।

यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फ सल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नहीं रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती।यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है। मक्के के बड़े पौधे कुलथी को हवा से गिरने से बचाते हैं। फल्लीवाले पौधों के पत्तों नत्रजन मिलती है। ये पौधे अपनी जड़ों के जरिए भूमि से अलग-अलग गहरे से पोषक तत्व लेते हैं। इससे उर्वर षक्ति अधिक होती है।इन अनाजों में शरीर के लिए जरूरी सभी पोषक तत्व होते हैं। रेशे, लौह तत्व, कैल्शियम, विटामिन, प्रोटीन व अन्य खनिज तत्व मौजूद हैं। चावल व गेहूं के मुकाबले इनमें पौष्टिकता अधिक होती है।बैगाओं के भोजन में पेज प्रमुख है। पेज एक तरह से सूप की तरह होता है। बैगा पूरे साल भर पेज पीते हैं। पेज कम अनाज में पेट भरने का उपाय भी है। अनाज कम और पानी ज्यादा। अगर पेज बनते समय दो मेहमान भी आ जाए तो उतने ही अनाज में पानी की मात्रा बढा दी जाती है।

जब आदिवासी जंगल जाते हैं तो साथ में पेज भी ले जाते हैं। अगर जंगल में पानी नहीं मिलता तो पेज से काम चला लेते हैं। पेज कई अनाजों से बनता है। मक्का, कोदो, कुटकी आदि से पेज बनाया जाता है। अनाजों को दलिया की तरह कूटकर उसे गरम पानी में उबाला जाता है और नमक डालकर तैयार किया जाता है।इससे दाल, चावल, पेज (सूप की तरह पेय), दाल, सब्जी सब कुछ मिलता है। खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण सुरक्षा होती है। मवेशियों को चारा मिलता है।नरेश विश्वास ने कहा कि बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती में खाद्य सुरक्षा तो होती है स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ मवेशियों के लिए भरपूर चारा और भूसा उपलब्ध होता है।

जलवायु बदलाव के दौर में भी मिश्रित खेती की उपयोगिता और बढ़ गई है, जिसमें प्रतिकूल मौसम को झेलने की क्षमता होती है। श्री विश्वास बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती की विविधता को बचाने और उनके इस खेती के अनाजों की उपयोगिता तथा उनके पारंपरिक जंगल आधारित खान-पान के ज्ञान को सहेज कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास में जुटे है।मौसमी बदलाव के कारण जो समस्याएं और चुनौतियां आएंगी, उनसे निपटने में भी यह खेती कारगर है। कम बारिश, ज्यादा गर्मी, पानी की कमी और कुपोषण बढ़ने जैसी स्थिति में बेंवर खेती सबसे उपयुक्त है। इस खेती पर किताब लिखने वाले नरेश विश्वास का कहना है कि सूखा अकाल में भी बैगाओं के पास कोई न कोई फ सल होती है। उनकी खेती बहुत समृद्ध रही है।इस खेती में मौसमी उतार-चढ़ाव व पारिस्थितिकी हालत को झेलने की क्षमता होती है। इस प्रकार सभी दृष्टियों, खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव विविधता और मौसम बदलाव में उपयोगी और स्वावलंबी है।

## संपादकीय

# सतर्कता और रणनीति

भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर व पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी शिविरों तक सटीक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार के साथ एकता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय तनाव कायम है। पाकिस्तान ने सभी कायदे कानून ताक पर रखकर नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। हालांकि, भारत ने मजूबत सुरक्षातंत्र के बूते अपने पंद्रह शहरों पर दागी गई लक्षित मिसाइलों को बेअसर कर दिया है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने पाक के कुछ सैन्य ठिकानों व लाहौर की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ने स्थिति की गंभीरता को ही रेखांकित किया। इस स्थिति को बेहद संवेदनशील बताते हुए उन्होंने संस्थागत तालमेल और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। दरअसल, इस स्थिति में सरकार की प्राथमिकताओं में नागरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना और किसी भी हमले का तत्परता से मुकाबला करना शामिल है। निस्संदेह, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों को निर्देश साइबर हमलों और गलत सूचना अभियानों सहित हाइब्रिड खतरों की एक गंभीर समझ को ही दर्शाता है। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सर्वदलीय बैठक में विस्तृत जानकारी देना इस दिन का महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम सौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की।

विपक्ष खासकर कांग्रेस और एआईएमआईएम ने सराहनीय परिपक्वता दर्शायी। वे तमाम राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हितों के साथ खड़े नजर आए। राजनीतिक सहमति का यह दुर्लभ क्षण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को एक सशक्त संदेश देता है। यह भी कि जब भी भारत की संप्रभुता को चुनौती मिलती है इसका राजनीतिक ताना-बाना और मजबूत होता है। जबकि, तनाव की तसवीर अभी डराने वाली हैं। जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता।हालांकि, भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। लेकिन जवाबी कार्रवाई के लिये पूरी तरह तैयार है। इसलिए रणनीतिक संयम को विश्वसनीय प्रतिरोध के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। निस्संदेह,अब सामरिक जीत से हटकर रणनीतिक स्थिरता पर जोर दिया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा, कूटनीतिक संदेश और आंतरिक सुरक्षा पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भारत को सुरक्षा प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना वैश्विक भागीदारों को जानकारी देना जारी रखना चाहिए। साथ ही अपने नागरिकों से पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बावजूद, एकीकृत राजनीतिक रुख और संस्थागत सतर्कता बाहरी खतरों के सामने लोकतांत्रिक लचीलेपन का एक आदर्श प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त देश के सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीण की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से बौखलाए पाकिस्तान ने हताशा में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेख मौत और विनाश का तांडव मचाया है। पुंछ सेक्ट भारी गोलाबारी में 13 नागरिकों की जान चली गई। सीमावर्ती इलाके के गांवों में बड़ी संख्या में घर क्षति हो गए। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद उस विराम का उल्लंघन कर दिया है जिसे 2021 में नये से लागू किया गया था। पाकिस्तान सेना ने बेशर्म नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है। जबकि भार सेना ने अपनी जिम्मेदारी के साथ हमलों को पाकि और पीओके में आतंकी बुनियादी ढांचे के स्थलों त सीमित रखा था।

यह तय है कि भारत की सधी और नियंत्रित का ने पाक के साथ-साथ उसके क्षेत्र से संचालित होने आतंकी संगठनों को हिलाकर रख दिया है। निस्स भारत ने पड़ोसी पाक को बता दिया है कि आतंकवाद के प्रति शून्य साहिष्णुता रखता है, ले साथ ही हमें एलओसी व सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# पाकिस्तान को अपने नागरिकों के हित में अपनी भारत विरोधी नीति को छोड़ना ही होगा

पाकिस्तान के जन्म के साथ ही वहां के राष्ट्रीय दलों एवं नेताओं ने भारत विरोध को अपनी अधिकारिक नीति बना लिया था। पाकिस्तान के आर्थिक विकास पर ध्यान नहीं देते हुए, किसी भी प्रकार भारत के हितों को क्षति पहुंचाई जाए, इस बात पर अधिक ध्यान दिया गया। भारत को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से पाकिस्तान द्वारा कई आतंकवादी संगठन खड़े किए जाते रहे एवं इन संगठनों के आतंकवादी सदस्यों को भारत भेजा जाता रहा। भारत, हालांकि पाकिस्तान द्वारा भारत में भेजे गए इन आतंकवादीयों को मौत के घाट उतारने में लगातार सफल होता रहा, परंतु, कुछ अवसरों पर इन आतंकवादीयों को भी भारत में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने में सफलता हासिल होती रही। वैश्विक मंचों पर भी पाकिस्तान भारत पर निराधार आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने के लगातार प्रयास करता रहा है। भारत के इस अंधे विरोध के चलते पाकिस्तान की आर्थिक प्रगति पूर्णतः बाधित हुई है। भारत और पाकिस्तान वर्ष 1947 में एक साथ राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते हुए आगे बढ़े थे। परंतु, आज पूरे विश्व में भारत एक महाशक्ति बन गया है जबकि पाकिस्तान लगातार केवल आतंकवादी संगठनों की स्थापना करते हुए आज विश्व में आतंकवादी पैदा करने की सबसे बड़ी फैक्टरी बन गया है तथा आर्थिक प्रगति के मामले में तो एकदम पिछड़ गया है। आज भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है और भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जबकि पाकिस्तान का सकल घरेलू उत्पाद केवल 37,900 करोड़ रुपए का ही है। भारत में प्रति व्यक्ति आय 11,110 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जबकि पाकिस्तान में प्रति व्यक्ति आय 6,720 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है, अर्थात भारत की तुलना में लगभग आधी, जबकि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है तो वहीं पाकिस्तान की जनसंख्या केवल लगभग 25 करोड़ ही है। इसी प्रकार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है, जो कि संभवतः इस वर्ष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर को भी पार कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार केवल 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही है। पाकिस्तान पूरे विश्व में विभिन्न वित्तीय संस्थानों एवं देशों से सबसे अधिक बार ऋण लाने वाले एवं आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले देशों की सूची में प्रथम स्थान पर काबिज है। अभी भी, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मोनेटरी फंड से 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लेने का प्रयास कर रहा है। जबकि भारत अन्य देशों को ऋण प्रदान करने की स्थिति में पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2022 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2023 में 7.6 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 9.2 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत की रही है। इसके विपरीत पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2022 में 6.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2023 में ऋणात्मक 0.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 2.5 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है। जबकि, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद के आकार का 11 गुणा से भी अधिक है। भारत के बड़े आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी अधिक है और पाकिस्तान के छोटे आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी कम है। इससे तो भविष्य में पाकिस्तान, भारत की तुलना में और अधिक पिछड़ता जाएगा।भारत में केंद्र सरकार का वित्तीय बजट प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहता है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय बजट केवल 5.65 लाख करोड़ भारतीय रुपए (पाकिस्तानी रुपए में 18.9 लाख करोड़ रुपए) का ही रहता है। भारत का वार्षिक वित्तीय बजट पाकिस्तान के वार्षिक वित्तीय बजट से लगभग 10 गुणा है। पाकिस्तान के वार्षिक बजट के आकार से अधिक आकार का बजट तो भारत में अकेले उत्तर प्रदेश राज्य का ही है। भारत में केंद्र सरकार के उपक्रम एवं अन्य उपक्रम केंद्र सरकार को लाखों करोड़ रुपए की राशि डिवीडेंड के रूप में उपलब्ध करा रहे हैं। इस वर्ष, अकेले भारतीय रिजर्व बैंक ही 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराने जा रहा है। अकेले वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण ही लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में अप्रेल 2025 माह में 2.37 लाख करोड़ रुपए का वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण हुआ है।रक्षा के क्षेत्र में भी भारत आज पूरे विश्व में एक सक्षम एवं अनुशासित महाशक्ति बन चुका है। अतः पाकिस्तान को भारत से लड़ाई करने का विचार ही अपने मन से निकाल देना चाहिए, इसी में पाकिस्तान के आम नागरिकों की भी भलाई है। कुछ समाचारों के अनुसार, दिनांक 8 मई 2025 की रात्रि में पाकिस्तान ने लगभग 200 मिसाईल एवं ड्रोन भारत के विभिन्न शहरों पर दागे थे, परंतु



इनमें से शायद एक भी ड्रोन पाकिस्तान द्वारा तय किए गए अपने ठिकाने पर नहीं पहुंच सका और भारतीय सेना ने इन मिसाइल एवं ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। जबकि, भारत ने जितने भी मिसाईल एवं ड्रोन पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के अड्डों पर दागे, इन लगभग सभी ने ही अपने निशाने पर सटीक रूप से पहुंच कर उन ठिकानों को तबाह किया है। अतः पाकिस्तान के नागरिकों को भी अब इस बात पर विचार करना चाहिए कि पड़ौसियों के साथ मित्रवत होकर रहने में ही दोनों देशों की भलाई है। पाकिस्तान यदि भारत से युद्ध करेगा तो उसे निश्चित ही मुंह की खानी पड़ेगी, जैसा कि अभी की परिस्थितियों की बीच होता हुआ दिखाई भी दे रहा है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने पाकिस्तान को भारत के साथ युद्ध से बचने की सलाह दी है क्योंकि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहिले से ही जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है एवं पाकिस्तान पर आज कर्ज का भारी भरकम बोझ इतना अधिक है कि भारत के साथ युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान एक हफ्ता भर भी भारत के सामने युद्ध में नहीं टिक पाएगा। वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर 2024 माह तक पाकिस्तान पर 13,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बाहरी संस्थानों एवं अन्य देशों का ऋण है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान सरकार को अपने बजट में रक्षा खर्च को 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए के स्तर पर लाना पड़ा है। यह निश्चित ही पाकिस्तानी नागरिकों के साथ अन्याय है क्योंकि अन्यथा यह भारी भरकम राशि उनके जीवन स्तर को सुधारने पर खर्च की जा सकती थी। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध के बाद भारत ने 23 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ कई निर्णय लिए हैं, जिनमें सिंधु जल संधि को निलम्बित करना, अटारी बॉर्डर को बंद करना, राजनयिक संबंधों को कम करना, पाकिस्तानी विमानों को भारतीय सीमा के ऊपर उड़ने की अनुमति रद्द करना एवं तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार समेत पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार का व्यापार निलंबित करना आदि कदम शामिल है। इन सभी निर्णयों का प्रभाव निश्चित ही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को और अधिक विपरीत रूप से प्रभावित करेगा एवं पाकिस्तान के नागरिकों के लिए और अधिक समस्याएं खड़ी करेगा। भारत में उत्पन्न विभिन्न धर्मों के अनुयाई नागरिक सामान्यतः अत्यधिक शांतिपूर्ण तरीके से रहते आए हैं। भारत के अति प्राचीन काल के इतिहास से लेकर आज तक इस तरह की घटनाओं का वर्णन बिलकुल नहीं मिलता है कि भारत ने कभी भी विस्तरवादी नीति के तहत किसी अन्य राष्ट्र पर आक्रमण किया हो। इसके ठीक विपरीत पाकिस्तान ने अपने जन्म से ही आक्रामक नीति अपनाते हुए भारत विरोध को अपनी राष्ट्रीय नीति के रूप में चुना इससे पाकिस्तान के राजनैतिक दलों एवं नेताओं ने पाकिस्तान के आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने के बजाय भारत को परेशान करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक आतंकवादी पैदा करने की नीति का अनुसरण किया। परंतु, आज समय आ गया है कि पाकिस्तानी नागरिकों को जागरूक होकर वहां के राजनैतिक दलों एवं नेताओं पर दबाव बनाना चाहिए ताकि वे उनके हितों को ध्यान में रखते हुए देश की आर्थिक प्रगति की ओर विशेष ध्यान दें। जिससे, पाकिस्तान के आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार कर उसे ऊपर लाया जा सके।



# डायबिटीज के मरीजों को गन्ने का जूस पीना चाहिए या नहीं?

**गर्मी से राहत के लिए अलग-अलग तरह के पेय का सेवन करते हैं ताकि गर्मी के प्रकोप से बच सकें। वहीं गर्मी के दिनों में गन्ने के जूस का सबसे अधिक सेवन किया जाता है। इसके सेवन करते ही गर्मी की थकान दूर हो जाती है। एकदम रिफ्रेशमेंट जैसा महसूस होता है। वहीं इसका सेवन करने से लीवर, ब्लड प्रेशर और इम्यून सिस्टम तीनों के लिए ही फायदेमंद होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटेशियम और फास्फोरस जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। जिससे हड्डियां भी मजबूत होती है। यह प्राकृतिक रूप से मीठा होता है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या डायबिटीज के मरीज इसे पी सकते हैं?**

गन्ने के रस में भले ही प्राकृतिक शुगर होती है लेकिन शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। जिसके चलते डायबिटीज के मरीजों को दिक्कत हो सकती है। दरअसल, गन्ने का रस बिना किसी तरह से रिफाइंड करके निकाला जाता है। इसलिए हाई शुगर भी बहुत ज्यादा होती है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को गन्ने के रस का सेवन नहीं करना चाहिए। गन्ने के रस में ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है और अधिक मात्रा में ग्लाइसेमिक लोड होता है। इसका मतलब है कि यह आपके ब्लड शुगर लेवल को इफेक्ट करता है।

### गन्ने के जूस के फायदे

- एनर्जी मिलती है।
- पाचन क्रिया को ठीक करता है।
- दांतों को मजबूत करता है।
- संक्रमण से बचाव में मदद करता है।

# अनिद्रा और माइग्रेन की समस्या से चाहते हैं निजात, तो पीजिए हल्दी वाला दूध

आयुर्वेद चिकित्सा में हल्दी को रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला सबसे असरकार माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार दूध के साथ हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। बच्चों और बुजुर्गों को तो अक्सर हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है। बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं जिनमें हल्दी वाला दूध रात को पीने से काफी आराम मिलता है। कहा जाता है जो व्यक्ति अनिद्रा का रोगी हो और जिसके माइग्रेन की बीमारी हो उसे हल्दी वाला दूध अवश्य पीना चाहिए।

### माइग्रेन व अनिद्रा में मिलता है आराम

अगर आपको माइग्रेन की शिकायत है तो रोज रात को सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने की आदत डाल लें। माइग्रेन की परेशानी में दूध हल्दी पीने से बहुत लाभ मिलता है। इससे अच्छी नींद भी आती है। आपकी नींद पूरी नही हो पा रही है। रात को अक्सर आपकी नींद टूट जाती है और फिर देर तक नहीं आती है तो हल्दी वाला दूध पीकर सोना शुरू कर दें। गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने से नींद नहीं आने की शिकायत दूर होती है।

### गैस की परेशानी से भी मिलती है राहत

गैस और कब्ज की परेशानी में भी हल्दी दूध पीने से आराम मिलता है। दूध नॉर्मल टेम्प्रेचर का होना चाहिए ज्यादा गर्म नहीं। रोज रात को हल्दी वाले दूध में 2-3 दाने चीनी या मिश्री के डालकर सोएं। कुछ ही दिनों में कब्ज और गैस की परेशानी से राहत मिल जाएगी।

### बढ़ती है बच्चों की इम्युनिटी

हल्दी को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बहुत गुणकारी माना जाता है। बच्चों को अक्सर ही मौसम बदलने पर सर्दी-खांसी जैसी परेशानी हो जाती है। रात में सोने से पहले बच्चों को हल्दी वाला दूध पिलाएं, इससे बदलते मौसम में भी उनकी इम्युनिटी मजबूत होती है।

### चोट पर है असरकारक

बच्चों को खेलने-कूदने में अक्सर चोट लग जाती है या बहुत थक जाने पर पैरों में, शरीर में दर्द होता है। रात को सोते समय बच्चों को हल्दी वाला दूध पीना चाहिए। इससे चोटों से आराम मिलता है। हल्दी में रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है और इसका सेवन सबके लिए ही फायदेमंद है।





# बीमार न कर दे ये गर्मी

**गर्मी अपना प्रभाव दिखाने लगी है और लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। गर्मियों के मौसम में जाने अंजान में कई गलतियां, या फिर हमारी जरा सी लापरवाही भी हमें बीमार कर सकती है। गर्मियों के दौरान अक्सर लोगों के शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। इस तपती गर्मी में कई लोगों को लू लग जाती है, कई लोग बुखार की चपेट में तो कई लोगों को पेशाब में जलन, दस्त, उल्टियां, बेहोश होना और नाक से खून निकलने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में अधिकांश लोग डॉक्टर और अस्पताल के चक्कर लगाने लगते हैं। आज हम बताएंगे कि गर्मी अपने आपको स्वस्थ कैसे रखें, आइए जानते है।**

### नाक से खून आना

गर्मियों में अक्सर बच्चों के नाक से खून आने की समस्या होने लगती है। ऐसे में लाल भाजी की जड़ों के रस की दो-दो बूंदे नाक में टपकाने की सलाह देते हैं। ऐसा तीन दिन तक लगातार दिन में दो बार किए जाने से आराम मिलता है। वहीं इसके अलावा धनिया की ताजी पत्तियों के रस में थोड़ा कपूर मिलाकर इस मिश्रण की 2-2 बूंदे नाक में टपकाने की सलाह देते हैं।



### लू लग जाए तो करें ऐसा

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण अगर लू लग जाए तो लू लगने पर पीड़ित व्यक्ति के हाथ, पैर और तलुओं में कच्चे प्याज का रस लगाया जाता है। कहा जाता है कि इस नुस्खे को आजमाने पर लू से तुरंत आराम मिलता है। लू लग जाए तो कमरख नाम के फल का रस इससे निजात दिलाने में काफी काम आता है। इस रस में चीनी मिलाकर दिन में दो बार पीना चाहिए। इसके अलावा करौंदे का जूस भी लू से निजात दिलाने के लिए बेहतर विकल्प माना जाता है। करीब 250 मिली करौंदा जूस में शक्कर और इलायची मिलाकर दिन में 3 बार पीने से लू का असर कम होता है। बथुआ को पीसकर इसका लेप तैयार करके लू ग्रस्त व्यक्ति के पैरों के तलुओं और हथेली पर लगाने से लू में काफी तेजी से आराम मिलता है। लू के उपचार के लिए टमाटर को भी उत्तम माना जाता है। टमाटर में नमक और शक्कर मिलाकर इसे उबाल लेना चाहिए। ठंडा हो जाने पर लू ग्रस्त व्यक्ति को दिन में 2 बार पिलाना चाहिए।

### गर्मियों में जब पड़ जाएं बीमार

भीषण गर्मी में लू लग जाने पर तेजी से बुखार आने लगता है। ऐसे में कच्चे नारियल का पानी पिलाना चाहिए। सुबह-शाम तीन दिनों तक कच्चे नारियल का पानी पीने से लू, बुखार और कमजोरी दूर होती है।
गर्मी के चलते बुखार आ जाने पर बेल के फलों का जूस बेहद काम आता है। बेल के जूस में शक्कर और इलायची मिलाकर पीड़ित को देने से तुरंत आराम मिलता है।

### कमजोरी व थकान होने पर

गर्मियों में थकान और कमजोरी महसूस होना बेहद आम बात है। ऐसे में पके पपीते का सेवन करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। पपीते के जूस को पीने से शरीर में ताजगी और स्फूर्ति आती है। चिलचिलाती गर्मी में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है।

### दस्त और उल्टी होने पर

गर्मियों में कई लोगों को दस्त और उल्टी की समस्या होना आम बात है। ऐसे में आंवले को उबालकर इसे मैश कर लेना चाहिए। फिर इसके बीजों को अलग कर लें और आंवले में शक्कर या शहद मिला लें। इस मिश्रण में से 5 ग्राम हर रोज 4-5 बार लें। इससे दस्त और उल्टी में तेजी से फायदा होगा। इसके अलावा पानी की कमी को पूरा करने के लिए नींबू पानी, केला और दाल चावल से बनी खिचडी खाने से आराम मिलता है।



**क्या आपको लगता है कि वजन कम करने के लिए आपको उबला हुआ खाना खाना पड़ेगा या घंटों वर्कआउट करना पड़ेगा? जी नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। आप चाहें तो डांस करके भी वजन कम कर सकती हैं। यहां है कुछ ऐसे अमेजिंग डांस, जो आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बना सकते हैं।**

# बिना एक्सरसाइज डांस के साथ करें वेट लॉस

डांसिंग एक बेहतरीन कार्डियो वर्कआउट है जो स्टैमिना बढ़ाता है और फैट बर्न करने में मदद करता है। डांस की उपयोगिता के कारण ही डांस से जुड़े कई फिटनेस सेंटर खुल रहे हैं। एरोबिक्स, जुम्बा और साल्सा डांस वर्कआउट के कुछ प्रमुख रूप हैं। डांस की सबसे अच्छी बात यह होती है कि यह फुल बॉडी वर्कआउट होने के बावजूद उबाऊ नहीं लगता और यह आपको खुश रखता है। यही नहीं, डांस सभी मांसपेशियों को फ्लेक्सिबल बनाता है। कई रिसर्च बताती हैं कि डांस करने से डोपामाइन हॉर्मोन बनता है जो हमारा मूड अच्छा रखता है और स्ट्रेस कम करता है। जब आप जान गए हैं कि डांस सेहत के लिए कितना फायदेमंद है, तो यह भी जान लेते हैं कि आप इसको अपने रूटीन में कैसे शामिल कर सकती हैं।

### जुम्बा

जुम्बा डांस कार्डयो सबसे प्रचलित वर्कआउट फॉर्म है और यह लगातार बढ़ रहा है। जुम्बा लैटिन डांस स्टाइल और एरोबिक्स का मिक्स है जिसमें बहुत ऊर्जा की जरूरत होती है। जुम्बा में एक ही समय पर कई मसल्स ग्रुप काम करते हैं और यह हर ऐज के लिए परफेक्ट है। यह लगातार एक फन वर्कआउट के रूप में लोकप्रिय हो रहा है।
एक घन्टे के जुम्बा सेशन में आप 500 से 800 कैलोरी बर्न करती हैं।

### हिप हॉप

हिपहॉप एक एडवांस डांस फॉर्म के रूप में लोकप्रिय है। इस डांस स्टाइल के लिए बहुत स्टैमिना और ताकत की जरूरत होती है और यही कारण है कि यह वजन कम करने का बेहतरीन तरीका है। लेकिन, हिपहॉप के लिए आपको फिट होना चाहिए वरना आप हिपहॉप कर ही नहीं पाएंगे।

### साल्सा

हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक, साल्सा को एक रोमांटिक डांस फॉर्म की तरह पॉपुलर किया गया है। हालांकि साल्सा रोमांटिक है और कपल के बीच ही होता, लेकिन इस डांस फॉर्म में बहुत एनर्जी की जरूरत होती है। यह एक बेहतरीन वर्कआउट है जो कैलोरी बर्न करता है और इस दौरान आप और आपके पार्टनर के बीच बॉन्डिंग भी बढ़ जाती है। कपल्स के लिए साल्सा एक अच्छी एक्टिविटी है जहां वे साथ में फिट भी हो सकते हैं और क्वालिटी टाइम भी बिता सकते हैं।

### बॉलीवुड

जब बात आती है डांस वर्कआउट की तो बॉलीवुड स्टाइल सबसे कारगर होता है। हम सभी बचपन से बॉलीवुड डांस देखते आये हैं और उसे एन्जॉय करते हैं। साथ ही इसकी बीट्स इतनी मोहक होती हैं कि आप खुद को नाचने से रोक नहीं पाते। यह एक बेहतरीन कार्डियो है और फैट बर्न करने में कारगर है। साथ ही आप इसको दिल से एन्जॉय भी करते हैं।

### यह भी जानें

डांस वर्कआउट यहीं तक सीमित नहीं है। फ्रीस्टाइल डांसिंग से लेकर बेली डांस तक कई अन्य डांस हैं जो आपको फिट रखते हैं। नियमित रूप से डांस करने से आप फिट होते हैं, स्टैमिना बढ़ता है और शरीर लचीला बनता है। साथ ही यह फिटनेस शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं है। डांस से आपका मानसिक स्वास्थ्य भी सुधरता है क्योंकि डांस करने से तनाव कम होता है और मूड अच्छा होता है।



# क्या आप अपने रोजाना पानी पीने का हिसाब रखते हैं?

पृथ्वी का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह 70 प्रतिशत पानी पीने के लिए योग्य है। भारत जहां डिजिटलीकरण की ओर से तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। वहीं 50 प्रतिशत से ज्यादा घरेलू स्थान अभी भी पीने के लिए अपने पानी को उबालने पर निर्भर हैं। आपका शरीर 70 प्रतिशत पानी है और यह पानी पेशाब और पसीने आदि के माध्यम से अपने शरीर में मौजूद गंदगी को बाहर निकालने में मदद करता है। कहा जाता है कि दिन में आठ गिलास पानी पीना स्वास्थ्य के लिए जरुरी है। पानी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। अधिक पानी पीने से कई तरह की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। अफसोस की बात है कि लोग प्यास लगने पर ही पानी का सेवन करते हैं, जो शरीर में पानी की कमी को बढ़ाता है।

### एनर्जी लेवल को बनाए रखता है

आप विशेष रूप से गर्मियों में एनर्जी लेवल में कमी महसूस करते हैं। इन सबसे निजात पाने का आसान तरीका अधिक पानी पीना है। ऐसा करने से आप अपने दिन को अतिरिक्त शक्ति और ऊर्जा के साथ जी पाएंगे।

### डिहाइड्रेशन में मदद करता है

पानी की कमी से मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है। जब आपका मस्तिष्क थका हुआ होता है, तो आपकी मांसपेशियां जवाब देने लगती है। आपकी आंखें थक जाती हैं। आपके मस्तिष्क में महत्वपूर्ण कार्यों को करने की ऊर्जा नहीं होती। आप चाहते हुए भी काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। इसलिए इससे बचने के लिए, भरपूर पानी पीना चाहिए। आप ड्रिंक-वॉटर ऐप का उपयोग कर इस बात का पता लगा सकते है कि आपने दिनभर में कितने लीटर पानी पिया है।

### मूड को फ्रेश रखने में मदद करता है

जब आपको प्यास लगती है, तो आप अत्यधिक चिड़चिड़े होने लगते है। एक गिलास पानी पीने से आप बेहतर महसूस करने लगते है और मूड भी ठीक रहता है।



# स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है पोदीना

**पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।**

गर्मी के दिनों में पौदिना को भी लोग खूब पसंद करते है। पौदिने का प्रयोग हम किसी सब्जी को स्वादिष्ट बनाने और चटनी में बनाने में लेते है। पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। गर्मियों के दिनों में स्कीन से जुड़ी कई परेशानियां होती है। आज हम पौदिने के सेवन से होने वाले शारीरिक लाभों के बारें में बताने जा रहे हैं, तो आइए जानते हैं।

### कील मुंहासे में फायदेमंद

पौदिना चेहरे के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आपकी तैलीय त्वचा हैं आप पौदिने की पत्तियों को पीसकर चेहरे पर लगाओंगे तो आपके चेहरे के लिए काफी फायदेमंद होगी।

### मुंह की बदबू के लिए फायदेमंद

कई लोग मुंह की बदबू के कारण काफी परेशान रहते है। ऐसे व्यक्तियों के लिए पौदिना काफी फायदेमंद हो सकता है। अगर आपके मुंह में बदबू आती हैं तो आपको पौदिना की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद

पौदिना हमारी पेट से संबंधित बीमारी के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप पेट की समस्या से पीड़ित हो तो आपको प्रतिदिन पौदिने की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पीरियड में फायदेमंद

कई महिलाएं अपने मासिक धर्म से काफी परेशान रहती हैं क्योंकि उनका मासिक धर्म समय पर नहीं आता है। जिस कारण वो काफी तनाव में रहती है। लेकिन अगर आप प्रतिदिन पौदिने का सेवन करेंगे तो ये महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। महिलाएं पौदिने की पत्तियां सूखाकर उनका चूर्ण बनाकर शहद के साथ सेवन करेगी तो शानदार इस बीमारी से फायदा मिलेगा।

# कॉफी भूख दबाकर वजन घटाने में करती है मदद

कॉफी पीने से नींद भागती, थकान दूर होती है और कभी-कभी तो यह मूड अच्छा करने के भी काम आती है। मगर एक अध्ययन में कहा गया है कि यह बेहद लोकप्रिय पेय वजन घटाने में भी मददगार होता है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोध में कहा गया है कि कॉफी भूख को नियंत्रित करती है, जिससे लोगों को खाने की तलब कम लगती है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि कॉफी का सेवन करने वाले की भूख दब जाती है। इससे उन्हें कम भूख लगती है। शोध के दौरान विशेषज्ञों ने देखा कि रोजाना दो कप कॉफी पीने वालों का वजन नियंत्रित था। इससे पता चलता है कि कॉफी लोगों का चयापचय बढ़ाने के साथ ही उनकी भूख को नियंत्रित कर वजन घटाने में मदद करती है। अध्ययन के दौरान 47 लोगों पर कॉफी पीने के जैविक प्रभावों को देखा गया। शुरुआत में इनसे एक माह के लिए अपनी प्रिय हॉट कॉफी से दूर रहने को कहा गया। दूसरे माह में इन्हें एक दिन में चार कॉफी के पीने को दिए गए। तीसरे माह में इन्हें आठ कप कॉफी पीने को कहा गया।

तीन माह तक चले इस अध्ययन में विशेषज्ञों ने लोगों के रक्त में कॉफी के प्रभावों का अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने कहा कि शरीर के एंडोकैनाबिनॉइड तंत्र ने तत्वों का स्राव किया, जिसके कारण मारिजुआना का नशा करने वाले मदमस्त हो जाते हैं। कॉफी पीने से इन तत्वों में गिरावट आई और उनकी भूख पर नियंत्रण रहा।



# मजबूत हड्डियां कल के लिए

कई लोगों को ऐसा लगता है कि आर्थराइटिस बुजुर्गों की बीमारी है। जिसकी वजह से उनके जोड़ों में दर्द और तकलीफ महसूस होती है। लेकिन आर्थराइटिस के अत्यधिक लक्षणों के साथ यह बुजुर्गों की तुलना में युवाओं को अधिक तकलीफ देता है।



एक विज्ञापन कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव श्रुति (32), को दफ्तर में लंबे समय तक खड़े रहने में परेशानी महसूस होने लगी है। कुछ दिनों तक नजरअंदाज करने के बाद, उसके हाथों और उंगलियों पर सूजन उभर आया। उसने सोचा कि यह कोई मामूली-सी चीज है, लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद पाया कि यह रूमेटॉयड आर्थराइटिस (आरए) है। एक बार तो श्रुति को लगा कि उसके डॉक्टर से शायद कोई गलती हुई है, क्योंकि आरए होने के लिए उसकी उम्र अभी बहुत ही कम है। वह अपने परिवार के कुछ लोगों को जानती है, जो आर्थराइटिस से पीड़ित हैं, लेकिन उनमें से किसी की भी उम्र 50 वर्ष से कम नहीं। और शायद युवाओं में यह एक आम सोच है, इसलिए उनमें से अधिकांश अपनी हडिडयों की सेहत को लेकर कोई परवाह नहीं करते। उन्हें लगता है कि वे अभी बहुत युवा हैं, लेकिन अब समय आ गया है, लोगों को अपनी सोच बदलने का कि यह बुजुर्गों की बीमारी होती है। सेंटर फॉर नी एंड हिप केयर के सीनियर सर्जन डॉ अखिलेश यादव का कहना है, की मूल रूप से ऑस्टियोआर्थराइटिस, आर्थराइटिस का ही एक रूप है, जो कि उम्र बड़ने पर अधिक पाई जाती है, लेकिन रूमेटॉयड आर्थराइटिस किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है।

## क्या होती है रूमेटॉयड आर्थराइटिस की समस्या ?

रूमेटॉयड आर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जहां आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली अत्यधिक सक्रिय हो जाती है और आपके शरीर के अंदरूनी जोड़ों पर हमला करने लगती है। यह आपको किसी भी उम्र में प्रभावित कर सकता है। इसके सामान्य लक्षणों में शामिल है जोड़ों में सूजन, सुबह उठने पर उनमें कड़ापन, दर्द जो खत्म नहीं होता, यह कई हफ्तों तक बना रहता है। हालांकि, इससे इस बीमारी से लड़ने के कई तरीके हैं।

**- डॉ. अखिलेश यादव**

## हड्डियों को बनाएं मजबूत

- हड्डियों की सेहत के लिए सुबह की धूप लेना बहुत महत्वपूर्ण है।
- ज्यादातर युवा जिनका अधिकांश समय कार या ऑफिस के अंदर बीतता है, उन्हें सुबह के समय थोड़ी देर धूप में जरूर बिताना चाहिए। साथ ही उन्हें सेहतमंद जीवनशैली जीने पर जोर देना चाहिए, जैसे नियमित रूप से जिम जाना, उछल-कूद वाले खेलों में हिस्सा लेना, जॉगिंग, स्वीमिंग, टेनिस खेलना आदि। इससे जोड़ों के आस-पास की मांसपेशियां मजबूत रहती हैं।
- हॉबी आधारित गतिविधियां जैसे डासिंग, एरोबिक्स, योगा, पाइलेट्स और टहलना आदि। क्योंकि हडिडयों को दबाव की जरूरत होती है और यदि हम ऐसा नहीं करते हैं तो वे कमजोर हो जाते हैं।
- हफ्ते में कम से दो घंटे अपने अपने पैरों पर जरूर थोड़ा दबाव डालें।
- आर्थराइटिस के कई मरीजों को ऐसा लगता है कि वे अपने पसंद की चीजें नहीं कर सकते, जैसे दौड़ना, तेज गति वाले खेल, लेकिन सही इलाज के साथ लोग इस तरह गतिविधियों का मजा ले सकते हैं।

## आर्थराइटिस से बचाव के उपाय-

- आर्थराइटिस के प्रभाव को कम करने के लिए युवाओं को अपने भोजन में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम लेना चाहिए।
- धूम्रपान, उचित रूप में भोजन न करना, शराब पीने जैसे अस्वस्थकर आदतें हडिडयों की कार्यप्रणाली पर विपरीत प्रभाव डालते हैं और इससे उन लोगों में आरए होने का खतरा बढ़ जाता है, जिनकी फैमिली हिस्ट्री में यह बीमारी होती है।
- प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ लें, जिसमें वसा की मात्रा कम हो और पर्याप्त मात्रा में खनिज हों।
- जंक फूड खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे केवल वजन बढ़ता है, इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थ न लें।
- यदि किसी को बचपन में मिरगी की समस्या रही हो तो उनके शरीर में कैल्शियम का अवशोषण होने में परेशानी होती है, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें।
- यदि आपके पैरों में एक हफ्ते से अधिक जोड़ों में दर्द या कड़ापन हो, तो देर न करें तो तुरंत ही रूमेटोलॉजिस्ट से सलाह लें, यदि जरूरत होगी तो वे आपको ब्लड टेस्ट करवाने की सलाह देंगे।

## रेसिपी



### कैरी की चटनी

- कच्चा आम
- आधा कप कद्दूकस नारियल
- 1 चम्मच चीनी ■ गुड़ ■ आधा कप बारीक कटा हरा धनिया ■ नमक स्वादानुसार
- 1 चम्मच तेल ■ 1 चम्मच चना दाल ■ चुटकी भर मैथी दाना ■ पाव चम्मच जीरा
- 2-3 सूखी लाल मिर्च ■ मीठा नीम
- चुटकी भर हींग ■ 1 चम्मच तेल और राई

#### विधि

**सबसे** पहले कच्चे आम को कद्दूकस कर लें। इसके बाद सबसे पहले कड़ाही में तेल गरम कर चना दाल, मैथी और जीरा डालकर भून लें। लाल मिर्च, मीठा नीम, हींग और कद्दूकस किया हुआ, कच्चा आम डालें और 3-4 मिनट तक नरम होने दें। ठंडा होने पर इसमें नारियल, गुड़ या शक्कर, हरा धनिया, हल्दी और नमक डालें और खाने के साथ सर्व करें।



### पनीर पालक भुर्जी

■ पालक- 1 किलो ■ पनीर- 200 ग्राम (कद्दूकस किया हुआ) ■ टमाटर- 4 ■ हरी मिर्च- 1 ■ अदरक- 1/2 इंच टुकड़ा ■ काजू- 10-12 (कटे हुए) ■ जीरा- 1/4 छोटी चम्मच ■ हींग- चुटकीभर ■ हल्दी पाउडर- 1/4 छोटी चम्मच ■ लाल मिर्च पाउडर- 1/4 छोटी चम्मच ■ नमक - स्वादानुसार ■ हरा धनिया- 1 टेबल स्पून ■ तेल आवश्यकतानुसार ■ गरम मसाला- 1/4 छोटी चम्मच

#### विधि

**पालक** के पत्तों को धोकर बारीक काट लेंगे। टमाटर, अदरक, हरी मिर्च के साथ मिक्सचर में पीस लें। कढ़ाही में तेल डालकर गर्म करें। अब इसमें हींग, जीरा डालकर तड़का लगाएं। इसमें बाद हल्दी पाउडर, टमाटर-अदरक-हरी मिर्च वाला पेस्ट डालकर अच्छे से भूने लें। अब मसाले में कटा हुआ पालक, नमक डालकर अच्छी तरह 2-3 मिनट तक भुनें। पूरा पानी सूख ले। पके हुए पालक में काजू के टुकड़े, गरम मसाला और पनीर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। बाद में हरी धनिया डालकर डालें। तैयार है स्वादिष्ट पालक भुर्जी। जिसे रोटी या चावल किसी के भी साथ सर्व कर सकते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

## हंसी के फूव्वारें


दारोगा (रमेश से)- जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.
दारोगा (रमेश से)- अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.
संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?
महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.
पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'
दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'


राम (मोहन से)- क्या कर रहे हो?
मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.
राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.
मोहन (राम से)- तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

## काकुरो पहेली - 4052




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए,किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो -4051 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली - 4052



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६.फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०.संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नताल्या सिंह की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 4051



## सूडोकु -4052


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु 4051 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 4052




**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -4051का हल



## पंजाब में पाकिस्तान की सीमा से सटे पांच जिलों में नही खुले स्कूल,बाकी पढ़ाई शुरू,जालंधर में दिखे चार संदिग्ध

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** सीज फायर के बाद पंजाब में हालात सामान्य होने लगे हैं। राज्य के 23 में से 18 जिलों में सोमवार से स्कूल खुल गए हैं जबकि पाकिस्तान की सीमा से सटे पांच जिलों में अभी भी स्कूल व अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद रखा गया है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में भी अब हालात कुछ सामान्य होने लगे हैं। इसके बावजूद अमृतसर, फिरोजपुर, तरनतारन, पठानकोट व बरनाला जिलों में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। रविवार रात गुरदासपुर जिले के बटाला, फिरोजपुर तथा पठानकोट क्षेत्र में ब्लैकआउट किया गया। पंजाब के जालंधर में रविवार शाम चार संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया। चारों पुलिस की वर्दी पहने हुए थे। उन्होंने मंदिर में एक पुजारी से खाना मांगा। पुजारी को संदेह हुआ तो चारों भाग गए। इसके बाद जालंधर में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि जिन जिलों का के उपायुक्तों की तरफ से हालात सामान्य होने की रिपोर्ट दी गई है, वहां सभी स्कूल व कॉलेज खोल दिए गए हैं। कुछ जिलों से अभी भी हालत सामान्य होने की खबरें नहीं आ रही हैं। इसके चलते अभी स्कूल बंद रखे गए हैं। सोमवार शाम दोबारा रिव्यू करने के बाद फैसला लिया जाएगा।

## राजकीय व सैन्य सम्मान से किया गया बलिदानी सुरेन्द्र कुमार का अंतिम संस्कार

**झुंझुनू।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सर्वोच्च बलिदानी सार्जेंट सुरेन्द्र कुमार का उनके गांव मेहरादासी (मंडावा) में पूर्ण राजकीय व सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके आठ वर्षीय दक्ष ने अपने बलिदानी पिता को मुखाग्नि दी। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तरफ से बलिदान जवान के परिजनों को ढांढस बंधाया और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पाकिस्तान की गोलाबारी में बलिदान देने वाले झुंझुनूं के मंडावा के सुरेंद्र कुमार मोगा का पार्थिव शरीर लेकर तिरंगा यात्रा उनके पैतक गांव मेहरादासी पहुंची। इस दौरान जयपुर से सैन्य टुकड़ी भी पार्थिव देह के साथ पहुंची। बलिदानी सुरेन्द्र कीअंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। शव यात्रा के समय वंदेमारतम और भारत माता की जय के नारों से पूरा इलाका गूंज रहा था। वायु सेना के ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज के नेतृत्व में सेना व पुलिस टुकड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अंत्येष्टि के बाद जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने वीरांगना सीमा को राज्य सरकार की तरफ से 5 लाख रुपये का सहायता राशि का चेक सौंपा और उन्हें ढाढ़स बंधाया और राज्य सरकार की तरफ से हर संभव सहायता की बात कही।

## पाकिस्तान के दोहरे रवैये का जवाब देगी भारतीय सेनाः प्रहलाद जोशी

**हुबली।** युद्ध विराम की घोषणा के बाद भी पाकिस्तान के हमले और उसके दोहरे रवैये पर केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रहलाद जोशी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जो दोहरा रवैया अपनाया, उसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। केंद्र सरकार ने सेना को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। भारतीय सेना पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर रही है। बड़ी संख्या में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया है।कर्नाटक के हुबली में उन्होंने कहा, यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान ने हमेशा दोहरा रुख और दोहरी नीति अपनाते हुए भारत के प्रति गलत कदम उठाया है। एक बार फिर से यह साबित हो गया है कि पाकिस्तान की सेना वहां निर्वाचित सरकार की बात नहीं सुनती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम घटना के बाद पाकिस्तान में 9 से अधिक आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में कई प्रमुख आतंकवादी मारे जा चुके हैं। यह पहली बार है कि देश में आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध केंद्र सरकार ने इतना कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने संघर्ष विराम से पहले ही आतंकवाद को युद्ध मानने का अभूतपूर्व निर्णय ले लिया है।

## राजस्थान के कई जिलों में बारिश, आंधी का यलो अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान के 30 जिलों में आंधी-बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इनमें अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ, जालौर, नागौर, पाली और गंगानगर जिले शामिल है। राजस्थान में अचानक बदले मौसम से जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं तेज़ हवा और बारिश के कारण जनजीवन पर कुछ असर भी पड़ा है। विभाग का कहना है कि 13 मई के बाद एक बार फिर तापमान बढ़ेगा, इसलिए आने वाले दो दिन विशेष सतर्कता बरतनी होगी।मौसम विभाग का मानना है कि पिछले दिनों सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर 12 मई तक ही रहने की संभावना है। 13 मई से इसका प्रभाव कम होने लगेगा और मौसम फिर बदलने लगेगा। आज और कल प्रदेश में बारिश का मौसम रहेगा। 13 मई से प्रदेश के सभी जिलों में तापमान बढने लगेगा। एक बार फिर से गर्मी अपने तेवर दिखाने शुरू करेगी।

# पाकिस्तान बिगड़ैल औलाद, जिसे कोई भी सुधार नहीं सकता : पंडित धीरेंद्र शास्त्री

**एजेंसी**

**छतरपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच के बीच प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से ही बिगड़ैल औलाद की तरह है, जिसे कोई भी सुधार नहीं सकता। पाकिस्तान से कोई भी समझौता न तो सुरक्षित है और न ही टिकाऊ। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कुत्ते की पूंछ पूजार में डालो, तो वह टेढ़ी की टेढ़ी निकलती है, यानी पाकिस्तान का स्वभाव कभी नहीं बदल सकता। पाकिस्तान जितने भी समझौते कर ले, वह किसी न किसी तरह सीजफायर का उल्लंघन करेगा। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में छतरपुर के मोटे महावीर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने यहां मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भारतीय सेना की जमकर तारीफ की। यहां महायज्ञ में शामिल होने आए श्रद्धालुओं ने महाराजश्री के बयानों का समर्थन करते हुए उनकी राष्ट्रभक्ति की सराहना की। आयोजन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पाकिस्तान बिगड़ैल औलाद है। वह सुधर नहीं सकता। भारत के पास पाकिस्तान के इस स्वभाव का सामना करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि जब तक पाकिस्तान को घर में घुसकर



जवाब नहीं दिया जाएगा, तब तक वह समझ नहीं पाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना के पास इस समस्या से निपटने के लिए सबसे बेहतर उपाय हैं।

**कर्नल सोफिया कुरैशी को बताया महारानी लक्ष्मीबाईः** भारत-पाकिस्तान के संघर्ष में मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के नौगांव में जन्मीं कर्नल सोफिया कुरैशी की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व किया, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलताओं को उजागर किया गया। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि बुंदेलखंड की धरती, छतरपुर के नौगांव से भारतीय सेना में अपनी कार्यशैली से बेटियों के लिए मिसाल कायम करने वाली सोफिया कुरैशी ने दिखाया कि हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं। वे महारानी लक्ष्मीबाई का जीता-जागता उदाहरण हैं। उन्होंने पाकिस्तान में बिना लड़ाई के जीत का जश्न मनाए जाने पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान में पटाखे फोड़कर जश्न मना रहे हैं कि हम जीत गए। बिना लड़ाई के जीत का जश्न सिर्फ पाकिस्तान में ही हो सकता है। उन्होंने भारतीय सेना की तैयारियों पर जोर देते हुए कहा कि सेना भर्ती से ज्यादा जरूरी है तैयारी, जो घर-घर में होनी चाहिए। प्रत्येक गांव, कस्बे में भारत के प्रति समर्पित बालक-बालिकाओं को ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। ऐसे ट्रेनिंग सेंटर खोले जाएं, जिससे जरूरत पड़ने पर गांव-गांव के नौजवान बॉर्डर पर जाकर 140 करोड़ लोगों की रक्षा कर सकें।

## पिछले चार दिनों में साबित हुई भारत की तकनीकी श्रेष्ठता : डॉ जितेंद्र सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि आधुनिक युद्ध पूरी तरह से तकनीक पर आधारित है और पिछले चार दिनों में भारत की श्रेष्ठता साबित हुई है। दिल्ली के अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह में उन्होंने उक्त बातें कहीं। इस दौरान, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी तकनीकी विकास की उपलब्धियों की जानकारी दी। डॉ सिंह ने बताया कि भारत ने हाल के वर्षों में कई स्वदेशी तकनीकों का सफलतापूर्वक विकास किया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के अधिकांश रक्षा उपकरण स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए गए प्रयासों की प्रशंसा की और बताया कि भारत अब विदेशी शक्तियों पर निर्भर नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का इतिहास के बारे में बताया कि यह दिन 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षणों की सफलता को याद करने के लिए मनाया जाता है। डॉ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत



वैश्विक तकनीकी अग्रेसर के रूप में उभरा है। समारोह में डॉ सिंह ने सुपर 30 स्टार्टअप्स की एक संकलन पुस्तक जारी की और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत नई प्रस्तावों की घोषणा की। उन्होंने बजटीय आवंटन में वृद्धि और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर तासी शेरपा को पांच साल का कठोर कारावास

**एजेंसी**

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर तासी शेरपा को नौ साल की जाँच के बाद ट्रॉयल कोर्ट नर्मदापुरम ने गत दिनों सुनवाई के बाद पांच साल के कठोर कारावास सजा से दंडिता किया है। इसके साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। तस्कर तासी शेरपा को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में 25 जनवरी, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, यह जानकारी शासन की ओर से अधिकारी केके जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में जुलाई-2015 में बाघ के अवैध शिकार और बाघ की हड्डियों की चीन में अवैध तस्करी के प्रकरण में अपराधी तस्कर तासी शेरपा को स्टेट टाइगर फोर्स को विवेचना के लिये सौंपा गया था। स्टेट टाइगर फोर्स ने एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया था। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नर्मदापुरम ने 27 आरोपितों को दोषी ठहराया था। स्टेट टाइगर फोर्स ने वैज्ञानिक विवेचना करते हुए तासी शेरपा के ब्रेन मेपिंग और नार्को



एनालिसिस करवाया। इससे उसके खिलाफ महत्वूर्ण सबूत मिले, जिसके अतिरिक्त साइबर डेटा भी एकत्रित कर न्यायालय में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में पेश किया गया। जाँच के दौरान एसटीएसएफ ने इंटरपोल, वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सहायता भी ली गई। जनसम्पर्क अधिकारी जोशी ने बताया कि तासी शेरपा अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्करी गिरोह की महत्वपूर्ण कड़ी है। इसका नेटवर्क भारत, नेपाल, भूटान और चीन तक फैला हुआ है। तासी शेरपा मूल रूप से तिब्बत का निवासी है। शेरपा की जमानत को मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय जबलपुर ने खारिज कर दिया था। इसके बाद जुलाई-2024 में उसके द्वारा सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में जमानत याचिका दायर की गयी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी याचिका को खारिज कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रॉयल कोर्ट को एक साल के भीतर ट्रॉयल पूरा करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने बताया कि यह देश का पहला मामला है, जिसमें शिकारियों, कुरियर, बिचौलियों और तस्करों सहित 28 व्यक्तियों के पूरे गिरोह को गिरफ्तार कर दोषी ठहराया गया। इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर तासी शेरपा पर सफलतापूर्वक मुकदमा चलाकर दोषी ठहराया गया। इस कार्य में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नर्मदापुरम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राष्ट्र हित में प्रसारित हो संवादः मुकुल कानितकर

**एजेंसी**

**देहरादून।** मुकुल कानितकर ने नारद जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि वर्तमान समय संचार व संवाद का समय है। राष्ट्रीयता के साथ संवादों को गहन विचार के बाद ही प्रसारित किया जाना चाहिए। मेडिकल कॉलेज सभागार में विश्व संवाद केन्द्र देहरादून की ओर से नारद जयन्ती, पत्रकारिता दिवस समारोह में बतौर मुख्य वक्ता मुकुल कानितकर (अखिल भारतीय संयोजक-भारतीय प्रचार टोली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने यह बातें कही। नारद जयंती के अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वाले पत्रकार भारत चौहान, रश्मि खत्री, जगदीश पोखरियाल, नागेंद्र उनियाल, राजीव खत्री व भुवन उपाध्याय को सम्मानित किया। कार्यक्रम में हिमालय हुंकार पत्रिका की नारद जयंती विशेषांक और गंगा गाथा नाटक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। उन्होंने कहा कि संवाद राष्ट्र को सुदृढ़ करने के लिए ही किया जाना चाहिए। महाभारत, रामायण काल के प्रसंग को जोड़कर उन्होंने वर्तमान पत्रकारिता का खाका खींचा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई ऐसे समाचार प्रसारित किए गए



जिनसे नुकसान हो सकता था। ऐसे संवादों को विस्तार देने से हमें बचाना चाहिए। उन्होंने ऑपरेशन पूरा होने के बाद की हालातों पर संवाद स्थापित करने से पहले पूरी जानकारी की पुष्टि करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए यूपीइएस कुलपति प्रो. राम के. शर्मा ने वेद, उपनिषद, विज्ञान के आधार पर शोध कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि निरंतर अध्ययन नितांत आवश्यक है और अध्ययन जीवन को सार्थकता प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र खंडूड़ी और बलदेव पाराशर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र कुमार,विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल, विश्व संवाद केंद्र के निदेशक विजय कुमार,हिमालय हुंकार के संपादक रणजीत सिंह ज्याला,विभाग प्रचारक धनंजय सहित अन्य मौजूद रहे।

# आतंकी संगठनों के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाला धराया

**एजेंसी**

**रांच।** आंतकी संगठन आईएसआईएस, अलकायदा और तालिबान के समर्थन में सोशल मीडिया 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट करने वाले एक नाबालिग को रांची की पुदांग ओपी पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। युवक को पुलिस ने पूछताछ के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मामले की जानकारी मिलते ही पुदांग ओपी क्षेत्र में छापेमारी कर स्क्रीन शॉट, वीडियो और मोबाईल फोन बरामद किया गया है। साथ ही नाबालिग को निरुद्ध किया गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। इस तरह के पोस्ट से क्षेत्र का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने सहित अन्य आरोप में उसे निरुद्ध किया गया है।

**विधायक ने कार्रवाई करने**




**पर रांची पुलिस को दिया धन्यवादः** रांची के भारतीय जनता पार्टी विधायक सीपी सिंह ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस को धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि रांची पुलिस ने इस मामले में त्वरित और ठोस कानूनी कार्रवाई कर एक मजबूत संदेश दिया है। दरअसल, सीपी सिंह ने ही अपने एक्स हैंडल पर लिखा था कि रांची निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें साझा की हैं, वे बेहद भड़काऊ एवं राष्ट्रीय सुरक्षा व भारत की संप्रभुता से जुड़ा है। यह न केवल खुला राष्ट्रद्रोह है, बल्कि एक आतंकवादी मानसिकता का स्पष्ट संकेत भी है। यह मामला केवल एक युवक का नहीं, बल्कि उस जहरीली विचारधारा को दर्शाता है जो कुछ युवाओं के मन में भरी जा रही है। समय है कि इस युवक को तुरंत गिरफ्तार कर पूरी गहराई से जांच हो, कहीं यह किसी बड़े आतंकी नेटवर्क से तो नहीं जुड़ा हुआ है? ऐसी सोच, ऐसे इरादे और ऐसे लोगों को अगर आज सबक नहीं सिखाया गया, तो कल यह बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। देश को बचाना है, तो कठोर कदम अभी उठाने होंगे।जैसे ही रांची पुलिस को मामले की जानकारी मिली इस पर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने उसे ढूंढ़ कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## गौरीकुंड से 1709 घोड़ा-खच्चर यात्रियों को लेकर धाम पहुंचे

**एजेंसी**

**रुद्रप्रयाग।** सुबह 6 बजे से ही गौरीकुंड से घोड़ा-खच्चरों का संचालन शुरू हो गया था। पशु चिकित्सकों ने जानवरों की जांच की और यात्रा के लिए उन्हें स्वस्थ्य घोषित किया। अपराह्न तक 1709 घोड़ा-खच्चरों को केदारनाथ के लिए रवाना किया गया। पशु चिकित्सकों की टीम ने इन जानवरों की जंगलचट्टी, भीमबली, लिनचोली और बेस कैंप में जांच कर इंटरनल टैग को स्कैन कर जानवर और पशु संचालक के बारे में जानकारी प्राप्त की। यात्रियों को छोड़कर सभी जानवर देर शाम तक गौरीकुंड वापस लौट आये थे। इसके अलावा 25 घोड़ा-खच्चरों से राशन, सब्जी और अन्य सामग्री भी केदारनाथ पहुंचाई गई। इधर, केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़ा-खच्चरों के संचालन से यात्रियों ने भी राहत की सांस ली है। वहीं, पशु संचालकों के चेहरों पर मुस्कान

> **पशु चिकित्सकों की टीम ने इन जानवरों की जंगलचट्टी, भीमबली, लिनचोली और बेस कैंप में जांच कर इंटरनल टैग को स्कैन कर जानवर और पशु संचालक के बारे में जानकारी प्राप्त की।**

लौटने लगी है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशीष रावत ने बताया कि इक्काइन इन्फ्लूएंजा का संक्रमण तेजी से कम हो रहा है और बीमार घोड़ा-खच्चरों के स्वास्थ्य में अपेक्षानुसार सुधार हो रहा है।

# केदारनाथ में 94 भवन स्वामियों को सौंपे जा रहे स्वामित्व प्रमाण पत्र

**एजेंसी**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ आपदा के ग्यारह वर्ष बाद आपदा प्रभावित तीर्थपुरोहित और हक-हकूकधारियों को उनके भवनों का स्वामित्व मिलने लगा है। इन दिनों प्रशासन 94 भवनों का स्वामित्व संबंधित भवन स्वामियों को सौंप रहा है। पुनर्निर्माण के तहत प्रशासन अभी तक 164 भवन स्वामियों को भवन सौंप चुका है। 16/17 जून 2013 की आपदा में केदारनाथ में 150 से अधिक आवासीय व व्यवसायिक भवन सैलाब में बह गये थे। वहीं, इतने ही भवन व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त हो गये थे, जिन्हें असुरक्षित चिह्नित किया गया था। पुनर्निर्माण के तहत प्रदेश सरकार ने संबंधित भवन स्वामियों के साथ अनुबंध किया था, जिके तहत उन्हें मास्टर प्लान के तहत नये भवन बनाकर सौंपने की बात कही



गई थी। क्योंकि केदारनाथ में तीन चरणों में हो रहे पुनर्निर्माण के तहत अन्य निर्माण कार्यों के साथ भवन भी बनाये जा रहे हैं। अनुबंध वाले हक-हकूकधारी व तीर्थपुरोहितों के सभी भवन एकरूपता वाले बनाये जा रहे हैं। इन भवनों का निर्माण लोक निर्माण विभाग, वुड स्टोन कंस्ट्रक्शन सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है। दो से पांच मंजिला तक बनाये जा रहे एक भवन में कई यूनिट हैं, जिससे भवन स्वामियों को आगामी समय में यात्राकाल में व्यवसायिक गतिविधि करने में मदद मिलेगी। केदारनाथ पुनर्निर्माण के तहत प्रशासन द्वारा केदारनाथ में 164 लोगों से अनुबंध किया जा चुका है। पहले चरण में दिसंबर 2023 में 46 हक-हकूकधारी व तीर्थपुरोहितों को प्रशासन ने उनके भवन तैयार कर उन्हें स्वामित्व सौंपा गया था। दूसरे चरण में 19 लोगों को नव निर्मित भवनों का स्वामित्व सौंपा गया। अब, 94 हक-हकूकधारियों और तीर्थपुरोहितों के भवन बनकर तैयार हो चुके हैं। इन दिनों संबंधित को भवनों का स्वामित्व सौंपा जा रहा है। केदारनाथ धाम के कपाटोद्घाटन के दिन से तहसील प्रशासन द्वारा केदारनाथ में संबंधित भवन स्वामियों को कब्जे के कागजाद प्रदान किये जा रहे हैं।

# मप्र के इंदौर में स्थापित होगी स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया भूमिपूजन

**एजेंसी**

**इंदौर।** महापुरुषों के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश का इंदौर नगर निगम एक ऐतिहासिक पहल कर रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में इंदौर के सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयोजित एक कार्यक्रम में सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में संत परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और उनमें से स्वामी विवेकानंद एक अद्वितीय एवं विलक्षण संत थे। उन्होंने निराकार ईश्वर के उपासक के रूप में मानवता



की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। स्वामी विवेकानंदजी का मानना था कि मैं देखूंगा तो ही मानूंगा, जो उनके तर्कशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शरीर के माध्यम से जीवन सेवा का मंत्र दिया और आत्मनिर्भरता का आशीर्वाद प्राप्त कर मृत्यु पर विजय प्राप्त की। उन्होंने दुर्बलता और हीनता को जीवन का हिस्सा मानने से इनकार करते हुए इसे मृत्यु के समान बताया। उनका विश्वास था कि साहस, सामर्थ्य और आत्मबल के सहारे व्यक्ति सभी कमजोरियों को पार कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा और आत्मबोध का प्रतीक था। शिकागो धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक भाषण 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का जीवंत उदाहरण है, जिसने विश्व पटल पर भारत की संस्कृति और अध्यात्म की गूंज पहुंचाई। उन्होंने जीवन को अंदर से बाहर की ओर विकसित करने का मंत्र दिया और कर्म को ही साधना बताया। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि स्वामी जी के सिद्धांत और विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए, ताकि समाज का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

## उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में 13 गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**एजेंसी**

**इम्फाल।** मणिपुर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के विभिन्न स्थानों से अभियान के दौरान 13 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए। मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पटसोई थाना क्षेत्र के सजीरोक तुरेल मपल (इम्फाल वेस्ट) से 7.62 एसएलआर राइफल, एक मैगजीन, एक संशोधित .303 राइफल, एक एसबीबीएल गन, दो .22 राइफल, एक फ्लेयर गन, दो 9 मिमी पिस्तौल व दो मैगजीन, एक पिस्टल खाली मैगजीन के साथ, एक हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), एक बाओफेंग हैंडहेल्ड सेट, विभिन्न प्रकार की गोलियां, दो बीपी वेस्ट, जंगल बूट, सफेद प्लास्टिक बैग व एक बोरा जब्त किया गया। राज्य में उगाही गतिविधियों में शामिल आरोपितों को पकड़ने के लिए जोरदार खुफिया आधारित तलाशी अभियान जारी है।

इसी प्रकार के एक अभियान में केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो कैडरों, निंगथौजम किरण मैतेई उर्फ बोइनाओ (29) और सोरुखैबम इनाओचा सिंह (45) को इम्फाल वेस्ट से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से इंसास, एके रायफल और .303 की गोलियां, खाली खोखे, बाओफेंग सेट, बीपी वेस्ट, मोबाइल, आधार कार्ड, चार पहिया वाहन और एक हरा बैग जब्त किया गया।

## छत्तीसगढ़ के सूरजपुर स्वास्थ्य विभाग में 83.21 लाख रुपये का घोटाला, सीएमएचओ समेत पांच पर केस दर्ज

**एजेंसी**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग में बड़ा घोटाला सामने आया है। जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट लगाने वाली कंपनी के बजाय उसके हुबहू नाम वाली कंपनी को 83 लाख 21 हजार रुपये भुगतान कर दिया गया। मामले के उजागर होने और शिकायत के बाद सूरजपुर कोतवाली ने तत्कालीन सीएमएचओ, तीन कर्मचारी और भुगतान प्राप्त करने वाली कंपनी के संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। रायपुर में संचालित फर्म यूनिक इंडिया कंपनी के संचालक जयंत चौधरी ने सरगुजा आईजी से शिकायत की थी कि सीएमएचओ सूरजपुर ने जेम ऑनलाइन पोर्टल पर एमजीपीएस संयंत्र स्थापित करने के लिए ऑनलाइन टेंडर निकाला था। उसकी यूनिक इंडिया कंपनी को 13 सितंबर 2021 को 83 लाख 21 हजार रुपये में संयंत्र लगाने का टेंडर मिला और कांट्रेक्ट के बाद कार्यादेश जारी किया गया। इसके बाद उन्होंने तय समय पर अपना काम पूरा कर भी दिया था। शिकायतकर्ता जयंत चौधरी ने बताया कि उन्होंने संयंत्र स्थापना का काम पूरा करने के बाद जब भुगतान के लिए सीएमएचओ और लेखापाल मिले तो दोनों अधिकारी उन्हें घुमाते रहे। इसके बाद जब सूरजपुर सीएमएचओ के पद पर डॉ. कपिल देव पैकरा की नियुक्ति हुई, तो उन्होंने भुगतान के लिए डॉ. पैकरा से भी संपर्क किया। इससे नाराज होकर सीएमएचओ डॉ. कपिल ने ऑनलाइन पोर्टल पर उनके कांट्रेक्ट को निरस्त करने के लिए संस्तुति करना चाहा तो इससे पता चला कि यह काम पूरा हो चुका है और कांट्रेक्ट की पूरी राशि का भुगतान आवेदक के फर्म को कर दिया गया है। जब जयंत चौधरी को भुगतान होने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसके बारे में पता किया तो उन्हें मालूम चला कि कांट्रेक्ट की राशि 83 लाख 21 हजार रुपये दंतेवाड़ा की यूनिक इंडिया कंपनी को कर दी गयी है, जो आशीष कुमार बोरा के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस फर्म को 5 जनवरी 2022 राशि 50 लाख रुपए और 31 जनवरी 2022 को 31 लाख 85 हजार 881 रुपये समेत कुल 81 लाख 85 हजार 881 रुपये का भुगतान किया गया।हैरानी की बात यह है कि जिस फर्म को उक्त संयंत्र की स्थापना का भुगतान किया गया है, वह काम की पूर्णता अवधि तक अस्तित्व में नहीं थी। यूनिक इंडिया कंपनी, दंतेवाड़ा का जीएसटी पंजीयन 08 दिसंबर 2021 को किया गया था, तब तक संयंत्र का कार्य पूर्ण हो चुका था। शिकायतकर्ता जयंत चौधरी ने बताया कि सूरजपुर सीएमएचओ के पद पर डॉ. रनसाय सिंह के स्थान पर डॉ. कपिल देव पैकरा की नियुक्ति हुई तो उन्होंने भुगतान की जानकारी मांगी। तब डॉ. कपिल देव पैकरा ने उन्हें बताया कि भुगतान दूसरी कंपनी को हो गया है। उन्होंने सही फर्म को भुगतान कराने का आश्वासन दिया।



# हमारे अच्छे कर्मों से खुश होते हैं भगवान

भगवान माला और माल से राजी नहीं होते, बल्कि हमारे कर्मों से प्रसन्न होते है। गीता निष्काम कर्मों के द्वारा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताती है। श्रेष्ठ कर्मों को ही सच्ची भक्ति समझो। इसीलिए अपने कर्मों को ही पूजा बना लो। जिस प्रकार कमल के पते पानी में रहते हुए भी जल को अपने ऊपर नहीं आने देते। ऐसे ही निष्काम कर्मयोगी संसार में रहते हुए भी कर्मों के बंधन तथा मोह में आसक्त नहीं होते है। गीता संसार को कर्मशील व पुरुषार्थी होने का संदेश देती है। वह हमारे मन में स्वार्थ, लोभ, अहंकार से ऊपर उठकर निष्काम व परोपकार के कर्मों की भावना जागृत करती है। वह श्रेष्ठ कर्म करते हुए इहलोक तथा परलोक दोनों के लिए उन्नति करने के लिए प्रेरणा देती है। हे मनुष्यों, वर्तमान जीवन और जगत को कर्मों की सुगंध से भरते चलो। कर्त्तव्य व दायित्व को ईमानदारी व कुशलता से निभाओ। गीता कह रही है– योग: कर्मसु कौशलम् अर्थात जो भी कर्म करो, उसको पूर्णता, निपुणता, सुन्दरता और कुशलता से करो। जो इस तरह से जीवन को जीता है, गीता के अनुसार वह इस जीवन व जगत को सफल कर लेता है और उसका अगला जन्म भी सुधर जाता है।

तन के श्रृंगार में ही जो समय गंवा देते हैं वह इस नाशवान संसार में भटक कर रह जाते हैं लेकिन जो मन का श्रृंगार कर उसमें बैठे परमात्मा की आराधना करते है वह संसार की मलिनता से बच जाते हैं, वस्तुत: दुर्गुणों से ही जीवन में मलिनता आती है। इनसे बचने का एकमात्र उपाय वेद शास्त्र और पुराणों का मंथन करना तथा सज्जनों की संगति है। अत- हमें अपने कर्मों पर ध्यान देते हुए जीवन जीना चाहिए।



एक रूप में भगवान श्री गणेश उमा महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिकरूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। अनके अन्नत नामों में सुमुख, एकदन्त , कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूमककेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विघ्न नहीं होता है।



मनुष्य पांच तत्वों से बना है। इन तत्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

# पूजा पाठ के अंत में हवन करने का क्या कारण है?

सृष्टि के सभी तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु व आकाश के विभिन्न संयोजनों से बने हैं। जगत का ही एक अंश होने के कारण मनुष्य भी इन्हीं पांच तत्त्वों से बना है। इन तत्वों में से अग्नि विशेष है। जहां एक ओर अन्य सभी तत्व प्रदूषित हो सकते है, वहीं अग्नि को दूषित नहीं किया जा सकता।

हमारे ऋषि अग्नि की इस विशेषता से भली भांति परिचित थे और इसीलिए हवन और दूसरे सभी वैदिक कर्मो में अग्नि का विशेष महत्त्व होता है। हवन मात्र एक कर्मकांड नहीं बल्कि एक योगी के लिए उन दिव्य शक्तियों से वार्तालाप का माध्यम है जो इस सृष्टि को चलाती हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे तत्त्व शुद्ध नहीं हैं जिनसे मनुष्य बना है। जिस प्रकार इस संसार में पृथ्वी, जल, वायु व आकाश प्रदूषित हो जाते हैं, उसी प्रकार से मानव शरीर में भी इन तत्वों का प्रदूषित होना संभव है। यह प्रदूषण मनुष्य को पतन अथवा विकृति की ओर धकेलता है। मनुष्य में इन तत्वों के प्रदूषण का पता लगाना अति सरल है। पृथ्वी तत्व के दूषित होने से व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठित पद और भव्य जीवन शैली जैसी सुविधाएं पाने की इच्छाएं बेलगाम होने लगती हैं।

जब जल तत्त्व दूषित होता है तो अप्राकृतिक काम इच्छा जागृत होने लगती है। वैदिक शास्त्र अपनी स्वाभाविक इच्छाओं का दमन करने के लिए नहीं कहता। अग्नि तत्त्व को दूषित नहीं किया जा सकता। योग और सनातन क्रिया की साधना से साधक अग्नि तत्त्व के अनुकूल स्तर बनाए रख सकता है। वायु तत्त्व यह निश्चित करता है कि हृदय व फेफड़े ठीक से कार्य करें। इस तरह रक्त संचार प्रणाली और श्वास प्रणाली भी सही काम करती रहती है। अंत में दूषित आकाश तत्त्व के कारण थायरायड व पैराथायरायड ग्रंथियों के रोग और श्रवण शक्ति का क्षीण होना पाया जाता है। मात्र एक हवन में ही यह क्षमता होती है कि मनुष्य के सभी दोष समाप्त हो सकें।

# ऐसे पाइए रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति का आशीर्वाद...

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे एकदन्त और चतुर्बाह हैं। अपने चारों हाथों में वे क्रमश पाश, अंकुश, मोदक पात्र तथा वर मुद्रा धारण करते हैं। वे रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा पीत वस्त्र धारी हैं। वे रक्त चंदन धारण करते हैं तथा उन्हें रक्त वर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समम्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

एक रूप में भगवान श्री गणेश उमा महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिकरूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। अनके अन्नत नामों में सुमुख, एकदन्त , कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूमककेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विघ्न नहीं होता है।

भगवान गणपति के अनेक अवतार हुए हैं। उनके सभी चरित्र अनन्त हैं। पदम पुराण के अनुसार एक बार पार्वती जी ने अपने शरीर के मैल से एक पुरूषाकृति बनाई जिसका मुख हाथी के समान था। फिर उस आकृति को उन्होंने गंगा जल में डाल दिया। गंगा जल में पड़ते ही वह आकृति विशालकाय हो गई। पार्वती जी ने उसे पुत्र कहकर पुकारा देव समुदाय ने उन्हें गंगये कहकर सम्मान दिया और ब्रहमाजी ने उन्हें गणों का अधिपत्य प्रदान करके गणेश नाम दिया।

लिंग पुराण के अनुसार एक बार देवताओं ने भगवान शिव की उपासना करके उनसे सुरद्रोही दानवों के दुष्कर्म में विघ्न उपस्थित करने के लिए वर मांगा। आशुतोष शिव ने तथास्तु कहकर देवताओं को संतुष्ट कर दिया। समय आने पर गणेश जी का प्राकट्य हुआ। उनका मुख हाथी के समान था और उनके एक हाथ में त्रिशुल तथा दूसरे में पाश था। देवताओं ने सुमन वृष्टि करते हुए गजानन के चरणों में बारम्बार प्रणाम किया। भगवान शिव जी ने गणेश जी को दैत्यों के कार्यों में विघ्न उपस्थित करके देवताओं और ब्रह्माणों का उपकार करने का आदेश दिया।

प्रजापति विश्वकर्मा की सिद्धि बुद्धि नामक दो कन्याएं गणेश जी की पत्नियां हैं। सिद्धि से क्षेम और बुद्धि से लाभ नामक शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। शास्त्रों और पुराणों में सिंह मयूर और मूषक को गणेश जी का वाहन बताया गया है। गणेश पुराण के क्रिड़ा खण्ड में उल्लेख है कि कृतयुग में गणेश जी का वाहन सिंह है। वे दस भुजाओं वाले, तेज स्वरूप तथा सब को वर देने वाले हैं और उनका नाम विनायक है। त्रेता में उनका वाहन मयूर है, वर्ण श्वेत है तथा तीनों लोकों में वे मयूरेश्वर नाम से विख्यात हैं और छ भुजाओं वाले हैं। द्वापर में उनका वर्ण लाल है। वे चार भुजाओं वाले और मूषक वाहन वाले हैं तथा गजानन नाम से प्रसिद्ध हैं। कलयुग में उनका धूम्रवर्ण है। वे घोड़े पर आरूढ़ रहते हैं। उनके दो हाथ हैं तथा उनका नाम धूम्रकेतू है। मोदक प्रिय गणेश जी विद्या बुद्धि और समस्त सिद्धियों के दाता तथा थोड़ी उपासना से प्रसन्न हो जाते हैं। उनके जप का मंत्र ओम गं गणपतेय नम- है।

# कैसे हनुमान जी आपका लॉकर सदा धन से भरा रखेंगे

जीवन की समस्त अवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता होती है। कुछ लोग कम मेहनत करने पर भी अधिक धन संचित कर लेते हैं तो कुछ लोगों को कड़ी मेहनत के उपरांत भी उनकी मेहनत के अनुरूप धन नहीं मिल पाता। कई लोग ऐसे होते हैं जो कमाई तो अच्छी कर लेते हैं, लेकिन आगे के लिए कुछ बचा नहीं पाते। अगर धन का अगमान ठीक भी हो तो बढ़े हुए खर्च के कारण धन संबंधी परेशानी बनी रहती है। आप जब भी बैंक जाएं तो मन ही मन महालक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें। ऐसा करने से बैंक में जमा पैसे पर महालक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी और उस पैसे में निरंतर बढ़ौतरी होती रहेगी।

ऊँ महालक्ष्म्यै नम:. ऊँ ह्रीं श्री महालक्ष्म्यै नम:

ऊँ श्री ह्रीं क्ली ह्रीं श्री महालक्ष्म्यै नम:

निम्न पंक्तियों का प्रतिदिन जाप करने से हनुमान जी के साथ साथ यम, कुबेर एवं अन्य देवी-देवताओं की भी कृपा प्राप्त होगी। कुबेर देव की अनुकम्पा से आपका लॉकर कभी खाली नहीं होगा और सदा धन से भरा रहेगा।

जम कुबेर दिगपाल जहां ते। कवि कोबिद कहि सके कहां ते।।

मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होने पर कुबेर जी अपना खजाना उनके भक्तों के लिए खोल देते हैं इसलिए मां लक्ष्मी के साथ साथ कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप घर में स्थापित करें। वास्तु शास्त्र के मतानुसार मां लक्ष्मी और कुबेर जी का चित्र अथवा श्री रूप उत्तर दिशा की ओर स्थापित करें। इससे उत्तर दिशा सक्रिय होगी एवं धन आगमन में आने वाली समस्त बाधाओं का नाश होगा।



# इन महाविद्याओं से सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है

शिवपुराण के मतानुसार भगवान शिव शंकर के दस अवतारों में आदशक्ति मां दुर्गा समस्त अवतारों में उनके साथ अवतरित हुई थी। दस महाविद्यायों के नाम से जानी जानें वाली महामाया मां जगत् जननी दुर्गा के ये दस रूप तांत्रिकों एवं उपासकों की आराधना का अभिन्न अंग हैं। इन महाविद्याओं के माध्यम से उपासक को बहुत सी सिद्धियों एवं मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा एवं भगवान शिव शंकर के दस अवतार इस प्रकार हैं-

- भगवान शिव शंकर के महाकाल अवतार के समय देवी महाकाली के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के तारकेश्वर अवतार के समय देवी तारा के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भुवनेश अवतार के समय देवी भुवनेश्वरी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के षोडश अवतार के समय देवी षोडशी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के भैरव अवतार के समय देवी जगदम्बा भैरवी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के छिन्नमस्तक अवतार के समय देवी छिन्नमस्ता के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के ध्रूमवान अवतार के समय धूमावती के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के बगलामुखी अवतार के समय देवी जगदम्बा बगलामुखी रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के मातंग अवतार के समय देवी मातंगी के रूप में उनके साथ अवतरित हुई।
- भगवान शिव शंकर के कमल अवतार के समय कमला के रूप में देवी उनके साथ अवतरित हुई।



## भारत की पुरुष और मिश्रित रिले टीमें विश्व चैंपियशनिप क्वालीफिकेशन से चूकी

**एजेंसी**

**गुआंगझोउ (चीन)।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। अपना पहला अवसर चूकने के बाद आज हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14.81 का समय निकालकर हीट 2 में चौथा स्थान हासिल कर पाई और क्वालीफिकेशन से चूक गई। स्पर्धा में इटली (3:12.53) समय के साथ पहले, फ्रांस (3:12.66) समय के साथ दूसरे और कनाडा (3:12.95) समय के साथ तीसरा स्थान पर रहते हुए क्वालीफिकेशन हासिल किया।

## चेनाई और हासिस की भारतीय जोड़ी ने जीता ट्रैप मिश्रित टीम का कांस्य पदक

**निकोसिया (साइप्रस)।** ओलंपियन केनान चेनाई और सबीरा हारिस की भारतीय जोड़ी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। आज यहां साइप्रस के निकोसिया में आयोजित शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसफ विश्व कप ओलंपियन केनान चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया।



आईएसएसएफ विश्व कप में इस वर्ष में भारत का पहला शॉटगन पदक है। भारतीय निशानेबाजी जोड़ी ने एक करीबी मुकाबले में तुर्किये के रुमेसा पेलिन काया और टोलगा ट्यूनसर को 34-33 से हराकर पोडियम पर अपना स्थान सुरक्षित किया।

## मलोग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल क्षेत्र के में नंदपुर पंचायत के अंतर्गत मलोग में नवयुवक मण्डल मलोग द्वारा आयोजित स्वर्गीय राय सिंह रांटा मेमोरियल पंचायत स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह की अध्यक्षता की। इस प्रतियोगिता में 35 टीमें भाग ले रही हैं। श्री ठाकुर ने नवयुवक मण्डल मलोग के सदस्यों को इस आयोजन पर बधाई दी और कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों का सर्वाधिक महत्त्व और योगदान है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में जहाँ बड़े मैदान और खुली जगह की उपलब्धता कम है, वहाँ पर वॉलीबाल, कब्बडी और खो-खो जैसे खेल उपयुक्त माने जाते हैं। इसलिये हम इन खेलों को अपने पारम्परिक खेल भी मानते है। उन्होंने बताया कि जुब्बल क्षेत्र ने वॉलीबाल में एक से बढ़कर एक राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिये है। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने बताया कि वे बढ़चढ़ कर खेलों में भाग लें और नशीले पदार्थों के सेवन की कुप्रवृति से दूर रहे। उन्होंनें बताया कि सरकार ने युवाओं को खेल की ओर प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रयास किये हैं और इसी दिशा में खेल छात्रावास जुब्बल के नवनिर्मित भवन को जनता को समर्पित किया गया है। खेल छात्रावास में वॉलीबॉल के साथ-साथ अब कबड्डी और बैडमिंटन का भी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जिससे कि राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं बच्चों को प्राप्त हो रही हैं।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती

**कोलंबो ।** स्मृति मंधाना (116) की शतकीय, हरलीन देओल (47), जेमिमाह रॉड्रिग्स (44) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (चार विकेट) और अमनजोत कौर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने फाइनल में मुकाबले में श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 343 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की बेहद शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (शून्य) के रूप में गवां दिया। परेरा को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान चामरी अटापट्टू ने विष्मी गुणारत्ने के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 68 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में अमनजोत कौर ने विष्मी गुणारत्ने (36) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद नीलाक्षी डिसिल्वा और अटापट्टू के बीच तीसरे विकेट लिये 73 रन जोड़े। 24वें ओवर में स्नेह राणा ने चामरी अटापट्टू (51) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हर्षिता समाराविक्रमा (26) रन और देवमी विहंगा (चार) रन बनाकर आउट हुई।

# विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, कहा- जीवन भर याद रहेगी इस प्रारूप से मिली सीख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। इस चौंकाने वाले फैसले की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से दी। कोहली ने अपने भावुक पोस्ट में टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपने जुनून, इस प्रारूप से मिली सीख और अपने 14 साल के शानदार सफर को साझा किया। विराट ने अपने पोस्ट में लिखा, '14 साल पहले मैंने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ब्लू कैप पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, मुझे गढ़ा और ऐसी सीख दी जो मैं जीवनभर साथ रखूंगा। कोहली ने कहा, सफेद जर्सी में खेलने में कुछ खास है। ये एक शांत, लंबा और धैर्य से भरा सफर होता है। ये छोटे-



छोटे पल जो कोई नहीं देखता लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। अब जब मैं इस फॉर्मेट से विदा ले रहा हूं, तो मन भारी है लेकिन अंदर से सही लग रहा है। मैंने टेस्ट क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया, और इसने मुझे उससे कहीं ज्यादा लौटाया। कोहली ने पोस्ट में आगे लिखा, 'मैं कृतज्ञता से भरा हुआ हूं। इस खेल के लिए, उन सभी साथियों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया, और हर उस व्यक्ति के लिए जिन्होंने मुझे इस सफर में सराहा। हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कान के साथ याद करूंगा। विराट कोहली ने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने इन मैचों में 46.85 की औसत के साथ 9,230 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए। टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का उच्चतम स्कोर नाबाद 254 रन रहा। विराट कोहली ने ऐसे समय संन्यास की घोषणा की है जब कुछ ही दिन पहले रोहित शर्मा ने भी क्रिकेट के इस सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। विराट कोहली पहले ही टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इसका मतलब है कि कोहली अब रोहित की तरह सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते नजर आएंगे।

## तन्वी शर्मा ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है। आज खेले गये मुकाबले की शुरुआत में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी संघर्ष करती दिखीं, और इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने 6-2 की बढ़त बनाई। हालांकि, तन्वी ने धैर्य रखते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया और मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। तन्वी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई शटलर मुटियारा आयु पुष्पितसारी पर 23-21, 19-21, 21-19 से हराया था।



टूर्नामेंट में उन्होंने सबसे बड़ी जीत दूसरे राउंड में यूक्रेन की दुनिया की 44वें नंबर की खिलाड़ी पोलिना बुहरोवा के खिलाफ दर्ज की।

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में खेलेंगे रैना-धवन, गुप्टिल-दिलशान जैसे दिग्गज करेंगे शिरकत

**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट 27 मई से 5 जून के बीच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। इस ग्लोबल क्रिकेट लीग में श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान, न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान जैसे इंटरनेशनल दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से इंडियन वॉरियर्स टीम उतरेगी, जिसमें रैना और धवन के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार और मनप्रीत गोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। कुल 6 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो दुनिया के छह अलग-अलग महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये टीमें हैं - इंडियन वॉरियर्स, अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटन्स (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स और एशियन एवेंजर्स। आईएलसी के डायरेक्टर गौरव कमल ने टूर्नामेंट को लेकर एक बयान में कहा, इन दिग्गज खिलाड़ियों ने सालों तक हमें रोमांचित किया है,




और अब एक बार फिर ये मैदान में लौटकर हमें पुरानी यादें ताजा कराएंगे। ILC उनके क्रिकेटिंग करियर को सम्मान देने के साथ-साथ खेल की वैश्विक एकता का उत्सव भी है। वहीं, आईएलसी के एक और निदेशक मनीष भट्ट ने कहा, शिखर धवन की क्लासिक बल्लेबाजी और सुरेश रैना की धमाकेदार स्ट्रोक्स इस टूर्नामेंट को बेहद खास बना देंगे। इनका अनुभव और करिश्मा युवा क्रिकेट फैंस को प्रेरित करेगा। इस लीग में कुल 18 मुकाबले खेले जाएंगे और सभी मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे।

## नीरज चोपड़ा समेत चार भारतीय एथलीट्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा में होने वाली प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीटिंग में तीन अन्य भारतीय एथलीट्स के साथ हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब डायमंड लीग के किसी एक इवेंट में भारत की तरफ से चार एथलीट्स भाग लेंगे।

नीरज चोपड़ा 2023 में दोहा डायमंड लीग का खिताब जीत चुके हैं, जहां उन्होंने 88.67 मीटर भाला फेंका था। वहीं, 2024 में वह 88.36 मीटर की थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार भी उनसे गोल्डन थ्रो की उम्मीद की जा रही है।

नीरज के साथ पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में किशोर जेना भी नजर आएंगे। जेना ने 2024 में भी हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर की थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। इस बार वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेंगे।

**अन्य दो भारतीय एथलीट्स का ट्रैक पर होगा दमदार प्रदर्शन**

इस बार ट्रैक इवेंट्स में भी भारत की दमदार मौजूदगी देखने को मिलेगी। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह अपना डायमंड लीग डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में पारुल चौधरी उतरेंगी, जो इस इवेंट की भारतीय रिकॉर्डधारक हैं। नीरज और जेना को इस बार सशक्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। मैदान में दो



बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), 2024 के विजेता याकुब वाडलेच (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर और मैक्स डेनिंग (जर्मनी), जूलियस येगो (केन्या) और रोडरिक डीन (जापान) जैसे दिग्गज होंगे।

## आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025: किन्नन चेनाई-सबीरा हारिस ने ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता कांस्य

**जेंसी**

**नई दिल्ली।** ओलंपियन किन्नन चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस की जोड़ी ने साइप्रस के निकोसिया में आयोजित आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025 में ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया।

कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने तुर्की की टीम – टोल्गा टंसर और रुमेया काया – को 34-33 के करीबी अंतर से हराया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में भारत ने 142 अंक बनाए थे और चीनी ताइपे की टीम (वान-यू लियू और कुन-पी यांग) को शूट-ऑफ में 4-2 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल मैच में प्रवेश किया।

**सबीरा का शानदार प्रदर्शन**



18 वर्षीय सबीरा हारिस ने क्वालिफिकेशन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 75 में से 72 शॉट्स लगाए, जबकि 34 वर्षीय अनुभवी किन्नन चेनाई ने 70 शॉट्स पूरे किए। सबीरा इससे पहले भी जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में शार्दूल विहान के साथ मिक्स्ड ट्रैप इवेंट में मेडल जीत चुकी हैं।

**गोल्ड मुकाबले से चूकी तुर्की की टीम**

दिलचस्प बात यह रही कि तुर्की की टीम गोल्ड मेडल मुकाबले में जगह बनाने से भी चूक गई। वे दूसरे स्थान पर रही चीन की जोड़ी झांग ज़िक्सी और क्वी यिंग से शूट-ऑफ में 1-2 से हार गए, जबकि पोलैंड की टीम ने 146 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

**दूसरे भारतीय दल का औसत प्रदर्शन**

भारत की दूसरी टीम जिसमें शार्दूल विहान (72) और कीर्ति गुप्ता (65) शामिल थे, ने कुल 137 अंक बनाए और 34 टीमों में 17वें स्थान पर रही।

## दीपिका कुमारी, पार्थ सालुंखे ने जीते कांस्य पदक

**एजेंसी**

**शंघाई।** ओलंपियन दीपिका कुमारी और पार्थ सालुंके ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 में व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाओं में कांस्य पदक अपने नाम किये। इसके साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में कुल सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। दीपिका कुमारी ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह तीरंदाजी विश्व कप में उनका 37वां पदक है। इससे के साथ ही वह अब सबसे अधिक पदक जीतने वाली भारतीय तीरंदाज बन गई। 12वीं वरीयता प्राप्त दीपिका ने महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी कांस्य पदक मैच में टोक्यो 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाली कोरिया गणराज्य टीम की सदस्य कांग चाए-यंग को 7-3 से हराकर यह पदक जीता। इससे पहले दीपिका ने क्वार्टरफाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से हराया था। सेमीफाइनल में उन्हें दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन लिम सिहयोन से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पार्थ सालुंखे ने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के दौरान कई उलटफेर किए। सालुंखे ने कांस्य पदक के लिए हुए मैच में फ्रांसीसी तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को 6-4 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले राउंड में शूट-ऑफ में टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज को हराया और फिर इसके बाद उन्होंने क्वार्टरफाइनल में दक्षिण कोरिया की किम जे देओक को 6-2 से मात दी।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल नास्र सऊदी प्रो लीग के खिताबी दौड़ से बाहर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई वाली अल नास्र टीम को सऊदी प्रो लीग खिताब के लिए अब अगले सीजन तक इंतजार करना होगा। मिली ताज़ा हार के बाद टीम 2024-25 सीजन के खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है। अब एएफसी चैंपियंस लीग एलीट में क्वालीफाई करना ही उसका प्रमुख लक्ष्य रह गया है। लीग में टॉप पर चल रही अल इत्तिहाद ने करीम बेंजेमा के दो गोलों की मदद से अल फैहा को 3-0 से हराकर अपने शीर्ष स्थान को और मजबूत कर लिया। 31 मैचों के बाद इत्तिहाद के 74 अंक हो चुके हैं, जबकि अल नास्र अधिकतम 72 अंक ही हासिल कर सकती है। इस तरह वह खिताब की दौड़ से बाहर हो गई है। गौरतलब है कि अल नास्र ने पिछली बार 2018-19 सीजन में सऊदी प्रो लीग खिताब जीता था।



इसके बाद अल हिलाल ने चार बार और इत्तिहाद ने एक बार खिताब पर कब्जा जमाया है।

**चैंपियंस लीग एलीट में कैसे पहुंचेगी अल नास्र?**

2024-25 एएफसी टूर्नामेंट के अनुसार, सऊदी प्रो लीग की शीर्ष तीन टीमें एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके अलावा, किंग्स कप का विजेता एएफसी चैंपियंस लीग टू (एसीएल 2) में जाएगा, जो एशिया की द्वितीय श्रेणी की प्रतियोगिता है। अगर किंग्स कप विजेता पहले से लीग की टॉप-3 में है, तो चौथे स्थान की टीम को एसीएल 2 का टिकट मिलेगा। इस साल के किंग्स कप फाइनल में पहुंची अल इत्तिहाद और अल क़दीसिया दोनों ही लीग की टॉप तीन की दौड़ में हैं। ऐसे में अगर इनमें से कोई एक कप जीतता है और लीग में भी टॉप-3 में रहता है, तो चौथे स्थान वाली टीम एसीएल 2 में पहुंचेगी।

**रोनाल्डो की टीम के लिए समीकरण**

अभी अल नास्र अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे चारों मुकाबले जीतने होंगे और साथ ही टॉप टीमों के नतीजे भी उसके पक्ष में आने चाहिए। अगर टीम दूसरे स्थान पर पहुंचती है, तो उसका एलीट में खेलना तय है। अगर वह तीसरे या चौथे स्थान पर रहती है और किंग्स कप विजेता टॉप-3 में रहता है, तो अल नास्र को कम से कम एसीएल 2 में खेलने का मौका मिल सकता है।

## नवोन को हराकर सिनर इटालियन ओपन के अगले दौर में

**रोम।** डोपिंग मामले में तीन महीने के निलंबन के बाद मैदान पर लौटे इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी यानिस सिनर ने अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को हराकर इटालियन ओपन के अगले दौर में



जगह बना ली है। यानिस सिनर ने पुरुष एकल मुकाबले में घरेलु दर्शकों के सामने शानदार प्रदशर्न करते हुए मारियानो नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहली बार घरेलु दर्शकों के सामने खेलते हुए यह पहली जीत दर्ज की है यह उनकी लगातार 22वीं जीत है। सिनर अगले दौर में नीदरलैंड के जेसपर डे जोंग से मुकाबला होगा।

## हारिस ने नेशनल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट में लगातार चौथा खिताब अपने नाम किया

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हारिस खान ने सोनीपत हरियाणा में 05 से 10 मई तक आयोजित एआईटीए (चैम्पियनशिप सीरीज-7) अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल का खिताब अपने नाम किया। हारिस ने फाइनल में तमिलनाडु के श्रविन रुबेस को 6-1, 6-2 से सीधे सेटों से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

इससे पहले सेमीफाइनल में हारिस ने हरियाणा के यश दहिया को 6-0, 6-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हारिस ने अंडर-14 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 के सेमी फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के प्रथम सीडेड वेदांत शुक्ला को 6-4, 6-0 से सीधे सेटों में पराजित किया। अंडर-14 फाइनल में दिल्ली के रेयांश भल्ला के हाथों उन्हें 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। परन्तु अपने ज़बरदस्त फोरहैंड और ड्राप शॉट्स से सभी का दिल जीत लिया। हारिस ने अंडर-14 (डबल्स) में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और उप विजेता का ख़िताब जीता। इस जीत के साथ हारिस ने अपने टेनिस कैरियर का लगातार चौथा एआईटीए चैम्पियनशिप का ख़िताब जीत कर यह दिखा दिया कि मेहनत और लगन से बड़ा से बड़ा लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इन



उपलब्धियों पर उनके कोच सैफ इकबाल ने बधाई देते हुए आने वाले टूर्नामेंट में ऐसे ही प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

# रियल मैड्रिड को हराकर ला लीगा खिताब के करीब पहुंचा बार्सिलोना

**एजेंसी**

**बार्सिलोना।** ला लीगा में खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 4-3 से हराकर खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने तालिका में मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है और अब सिर्फ तीन मैच बाकी हैं।

**मबाप्पे की हैट्रिक पर भारी पड़ा बार्सिलोना का** जज़्बा

रियल मैड्रिड की ओर से किलियन मबाप्पे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई, लेकिन बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा के दो गोल और लामिन यमाल व एरिक गार्सिया के एक-एक गोल ने मैच का पासा पलट दिया। चैंपियंस लीग से बाहर होने के बाद यह मैच बार्सिलोना के लिए 'करो या मरो' जैसा था, लेकिन कोच हैंसी फ्लिक की टीम ने शानदार वापसी करते हुए चौथे क्लासिको में भी जीत दर्ज की।

**मबाप्पे ने दिलाई शुरुआती बढ़त**

रियल मैड्रिड ने दमदार शुरुआत की और महज चौथे मिनट में मबाप्पे ने पेनल्टी पर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। यह पेनल्टी तब मिली जब गोलकीपर वोज्शेच शेचनी ने मबाप्पे को गिराया, हालांकि



बार्सिलोना ने ऑफसाइड की मांग की थी। 14वें मिनट में मबाप्पे ने दूसरा गोल किया, जिससे मैड्रिड ने 2-0 की बढ़त ले ली। यह उनका 26वां लीग गोल था, जिससे उन्होंने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को पीछे छोड़ते हुए टॉप स्कोरर बन गए।

**राफिन्हा की जोड़ी और यमाल का जलवा**

मैड्रिड की बढ़त ज्यादा देर टिक नहीं सकी। राफिन्हा ने दो मिनट बाद ही गोल दागा, फिर पहले हाफ के अंतिम क्षणों में उन्होंने लुकास वाज़क्वेज़ से गेंद छीनकर दूसरा गोल भी कर डाला। लामिन यमाल ने भी मैच में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने एक गोल भी किया, जबकि एक हैडर पर राफिन्हा को शानदार क्रॉस दिया जो गोल में तब्दील नहीं हो सका।

**मबाप्पे की तीसरी बार कामयाबी, पर जीत नहीं दिला सके:** दूसरे हाफ में मबाप्पे ने विनीसियस जूनियर की सहायता से तीसरा गोल करते हुए हैट्रिक पूरी की, लेकिन बार्सिलोना की डिफेंस और मिडफील्ड ने इसके बाद कोई बड़ी चूक नहीं की। विक्टर मुनोज के पास अंत में स्कोर बराबर करने का मौका था, लेकिन उन्होंने गेंद ऊपर मार दी।


### पाकिस्तानी यूजर ने पति को छोड़ने की दी सलाह, तो

# देवोलीना भट्टाचार्जी

### ने उड़ाई धज्जियां, कहा- 2 दिन में तेरी आर्मी भीख मांगने पे आ गई...



देवोलीना भट्टाचार्जी टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं. हाल ही में उन्होंने भारत-पाकिस्तान में तनाव के मामले को लेकर कई सारे पोस्ट शेयर किए हैं. एक्ट्रेस ने इंडियन आर्मी के सपोर्ट के लिए कई सारे ट्वीट किए हैं. हालांकि इन्हीं सब के बीच देवोलीना का एक पाकिस्तानी फैन सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को उनके पति को छोड़ने की सलाह दी है. इस पर एक्ट्रेस ने उसे करारा जवाब दिया है.जब से पहलगाम में आतंकी अटैक हुआ है, तभी से कई सारे स्टार्स ने पाकिस्तान और आतंकवादियों के विरोध में पोस्ट शेयर की है. इन्हीं में से एक नाम देवोलीना का भी है. हालांकि, इसी दौरान ज्यादातर स्टार्स को पाकिस्तानी



फैंस की तरफ से निगेटिव कमेंट मिल रहे हैं, जो कि लाजमी हैं. हाल ही में एक पाकिस्तानी यूजर न देवोलीना के पोस्ट पर कमेंट करते हुए उन्हें उनके पति को छोड़ने के लिए कहा गया है.

**'अपने पति को छोड़ दें'**

दरअसल, पाकिस्तानी यूजर ने लिखा कि मैं भारत के सभी प्रोड्यूसर्स से ये रिक्वेस्ट करता हूं कि प्लीज देवोलीना को कुछ काम दे दें, ये घर बैठकर पागल हो गई है. देवोलीना हर वक्त लोगों के बीच नफरत फैला रही है और मुझे इसका फैन होने का अफसोस है. यह गंदी, गंदगी फैलाने वाली और बेवकूफ है. साथ ही अगर ये इस्लाम से इतनी नफरत है, तो अपने पति को छोड़ दे, घटिया. बता दें कि देवोलीना ने शाहनवाज शेख से शादी रचाई है.

**एक्ट्रेस ने दिया करारा जवाब**

पाकिस्तानी यूजर के इस कमेंट पर एक्ट्रेस ने उसे मुंहतोड़ जवाब दिया है. उन्होंने लिखा है कि अब इनको मेरे काम की फिक्र है, जिनका खुद का कोई भरोसा नहीं है. अरे जाकर अपना देश और आतंकी कैंप संभाल. 2 दिन में तेरी आर्मी इंटरनेशनल फंड्स से भीख मांगने पे आ गई है. मेरे पति की फिक्र में अपना खून मत जला इतना, जो आतंकवादी पाल रखे हैं अपने देश में उनको भारत सरकार के हवाले कर दे, बेचारे परेशान हो गए हैं मुझसे.

## कितनी अमीर हैं 'तेरे नाम' की निर्जला, 22 साल बाद अब कहां हैं और क्या कर रही हैं भूमिका चावला?





हिंदी सिनेमा में कई ऐसी एक्ट्रेसेस रही हैं, जो अपनी पहली ही फिल्म के जरिए ही दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हो गईं. एक्ट्रेस भूमिका चावला भी इसी लिस्ट में शामिल है. शायद आप समझ नहीं पाए होंगे कि भूमिका चावला आखिर कौन हैं. तो आपको बता देते हैं कि भूमिका ने ही 22 साल पहले 2003 में सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तेरे नाम' में निर्जला का किरदार निभाया था.निर्जला का किरदार निभाकर भूमिका चावला काफी पॉपुलर हो गई थीं. तेरे नाम उनकी बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म थी और सलमान के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म देकर वो रातोंरात स्टार बन गई थीं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि अब भूमिका चावला कहां हैं और वो क्या कर रही हैं ? अगर नहीं तो चलिए हम आपको बताते हैं.

**तेलुगु फिल्म 'युवाकुडू' से किया एक्टिंग डेब्यू**

भूमिका का जन्म 21 अगस्त 1978 को नई दिल्ली में हुआ था. भूमिका ने अपने फिल्मी करियर का आगाज साउथ सिनेमा से किया. उनके करियर की पहली फिल्म 'युवाकुडू' थी. ये तेलुगु पिक्चर साल 2000 में रिलीज हुई थी. भूमिका ने साउथ की कई फिल्मों में काम किया है और अच्छा खासा नाम कमाया.

**अब क्या कर रही हैं भूमिका चावला ?**

भूमिका ने साउथ की कई फिल्मों में काम किया जबकि बॉलीवुड में वो तेरे नाम के अलावा 'रन', 'सिलसिले', 'गांधी माई फादर', 'दिल जो भी कहे' और 'दिल ने जिसे अपना कहा' जैसी फिल्मों में भी नजर आईं. भूमिका ने साल 2007 में भारत ठाकुर से शादी कर ली थी. इसके बाद वो एक्टिंग से दूरी बनाने लगी. वहीं जल्द ही एक्ट्रेस फिल्मी दुनिया के लिए एक गुमनाम चहेरा बन गईं. हालांकि सालों बाद उन्होंने एक्टिंग कमबैक किया. बॉलीवुड में फिर उन्हें सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' के अलावा कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' में भी देखा गया.

**इतने करोड़ की मालकिन हैं भूमिका**

फिल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले भूमिका ने 1998 के शो 'हिप हिप हुर्रे' में काम किया था. उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा की 50 से ज्यादा फिल्में की हैं. एक्ट्रेस की नेटवर्थ की बात करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार वो करीब 15 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं.

## भारत की सबसे रईस एक्ट्रेस, जिनकी फिल्में नहीं देखते उन्हीं के बच्चे, 100 से ज्यादा पिक्चर्स में किया काम

कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस ने 80 के दशक में खूब नाम कमाया. ऐसी ही एक अदाकारा के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जो अब भारत की सबसे अमीर एक्ट्रेस हैं. उन्होंने कई शानदार फिल्में दी हैं. हालांकि फिर भी आपको ये जानकर हैरानी होगी कि उनके बच्चे उनकी फिल्में नहीं देखते हैं.यहां बात हो रही है जानी-मानी एक्ट्रेस जूही चावला की. जूही चावला ने अपने करियर का आगाज 80 के दशक में किया था. अपने लंबे और सफल करियर में उन्होंने कई शानदार फिल्में दी थीं. अब चाहे वो फिल्मों से दूर हैं, लेकिन वो भारत की सबसे अमीर एक्ट्रेस हैं. आइए आपको जूही की नेटवर्थ बताते हैं.

**'सल्तनत' से किया था बॉलीवुड डेब्यू**

57 वर्षीय जूही चावला का जन्म हरियाणा के अंबाला में 13 नवंबर 1967 को हुआ था. जूही ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1986 में आई फिल्म 'सल्तनत' से की थी, लेकिन उन्हें पहली बड़ी और खास पहचान साल 1988 की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से मिली थी. आमिर खान ने इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था. दोनों की ये पिक्चर ब्लॉकबस्टर हुई थी.



जूही ने अपने करियर में 'कयामत से कयामत तक' के बाद 'डर', 'दीवाना मस्ताना', 'भूतनाथ', 'इश्क', 'यस बॉस', 'हम हैं राही प्यार के', 'राजू बन गया जेंटलमैन', 'बोल राधा बोल' और 'स्वर्ग' जैसी बेहतरीन फिल्मों सहित कुल 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है. एक्ट्रेस के अलावा जूही ने बतौर प्रोड्यूसर भी काम किया. वो 'अशोका, 'फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी' और 'चलते चलते' जैसी फिल्मों की प्रोड्यूसर रह चुकी हैं.

**जूही की फिल्में नहीं देखते उनके बच्चे**

जूही बॉलीवुड की कामयाब एक्ट्रेस हैं. दर्शक उनकी फिल्में बड़े चाव के साथ देखते हैं. हालांकि उनके बेटे अर्जुन मेहता को उनकी फिल्मों में दिलचस्पी नहीं है. जूही ने खुद इसके पीछे की वजह बताई थी. एक बार जूही के बेटे अर्जुन ने उनसे ये कहा था कि उन्हें वो फिल्में पसंद नहीं हैं, जिनमें वो रोमांटिक रोल करती हैं.

**4600 करोड़ है जूही की नेटवर्थ**

हुरुन रिच लिस्ट 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक जूही चावला की टोटल संपत्ति 4600 करोड़ रुपये है और वो भारत की सबसे अमीर एक्ट्रेस हैं. 850 करोड़ की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में ऐश्वर्या राय बच्चन दूसरे नंबर पर मौजूद हैं.




### भारत-पाक में तनातनी के बीच भोजपुरी एक्ट्रेस

# अक्षरा सिंह

### ने इस कदम से जीत लिया दिल

भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक गरमा गरमी के बाद अब सीजफायर का ऐलान हो गया है. हालांकि बीते कुछ दिनों में बने युद्ध जैसे हालात का असर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर भी पड़ा. बॉलीवुड फिल्मों की थिएटर्स रिलीज रोक दी गई और कई कलाकारों ने अपने इवेंट्स भी पोस्टपोन कर दिए. भोजपुरी सिनेमा में एकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने ऐसा एक फैसला लिया है. जी हां, हम बात अक्षरा सिंह की कर रहे हैं जो दोनों देशों में तनातनी से बेहद दुखी हैं.अक्षरा सिंह के पिछले कुछ पोस्ट में आप देख सकते हैं कि वो पहलगम में हुए आतंकी हमले से दुखी थीं इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बारे में लिखते हुए भारतीय सेना की तारीफ भी की. लेकिन एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में बताया है कि उन्होंने एक बड़ा फैसला लिया है.



**अक्षरा सिंह ने लिया है बड़ा फैसला**

अक्षरा सिंह ने एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर किया था. इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'जब तक सबकुछ ठीक नहीं हो जाता कोई पोस्ट, कोई गाना रिलीज नहीं होगा.' इसमें हैशटैग भी अक्षरा सिंह ही लिखा गया और हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी बनाई गई.

इस पोस्ट में लिखा था, 'इस कठिन समय में मैं अक्षरा सिंह देश के साथ एकजुटता से खड़ी हूं. हे ईश्वर, हमारे देश भारत को आशीर्वाद दें और प्रगति, शांति और समृद्धि प्रदान करें. देश के जवानों की रक्षा करें, हमारे लोगों को सुरक्षित रखें. एकता और प्रेम में रहने की सद्बुद्धि प्रदान करें.'

अक्षरा सिंह के इस पोस्ट को उनके फैंस और फॉलोवर्स काफी पसंद कर रहे हैं. ज्यादातर फैन ने कमेंट बॉक्स में हार्ट इमोजी और जय हिंद लिखा है. वहीं एक ने लिखा, 'बहुत सही फैसला.' वहीं किसी दूसरे ने लिखा, 'भोजपुरी सिनेमा की शेरनी हैं आप, जय हिंद, जय भारत.' फैंस अक्षरा सिंह के इस कदम से काफी खुश हैं.

**अक्षरा सिंह के पिछले पोस्ट में क्या था ?**

दो दिन पहले अक्षरा सिंह ने एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें लिखा था चलो हमारी बहादुर सेना के लिए प्रार्थना करते हैं, साथ बना रहे. प्रार्थना जाप, जय हिंद, जय भारत. वहीं 'ऑपरेशन सिंदूर' की भी अक्षरा ने एक पोस्ट के जरिए तारीफ की थी. अक्षरा सिंह पिछला गाना पांच दिन पहले रिलीज हुआ था, जिसका नाम 'खेला होबे' था. ये गाना प्रिया मलिक ने गाया था और ये गाना अक्षरा सिंह पर फिल्माया गया था. यूट्यूब पर इस गाने को खूब पसंद किया जा रहा है.